e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 88
शनिवार
01.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आपके पास दो ही विकल्प होते है, या तो सर पर विजय पा ले या डर को आप पर कब्जा करने दे।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**

| | | |
|---|---|---|
| इफ्तार | (01/04/23) | 06:06 |
| सेहरी | (02/04/23) | 04:17 |

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR


**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

### सीएम हेमंत सोरेन का ट्विटर बना गरीब और जरूरतमंदों का सहारा

# मुख्यमंत्री के आदेश पर मिली सरकारी मदद

## गोमिया के अंकित कुमार को मैट्रिक के बाद की पढ़ाई के लिए मदद पहुंचाने की प्रक्रिया हुई शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद बोकारो के गोमिया स्थित बड़की पुन्नु निवासी अंकित कुमार को मैट्रिक के बाद की पढ़ाई के लिए मदद पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री को उपायुक्त बोकारो ने बताया कि अंकित कुमार एवं उसके परिजनों से संपर्क कर लिया गया है। अंकित के उज्ज्वल भविष्य को लेकर जिला प्रशासन सजग है। सभी कल्याणकारी योजनाओं से अंकित के परिजनों को आच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ट्वीटर जरूरतमंदों का बहुत बड़ा सहारा है। साथ ही सरकार में पारदर्शिता लाने के लिए भी वे इसका उपयोग करते हैं। सीएम ट्वीटर पर किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर अधिकारियों को ट्वीटर पर ही कार्रवाई करने का निर्देश भी देते हैं। सीएम हेमंत सोरेन अंकित को सरकारी मदद देने से पूर्व भी जिला प्रशासन को ट्वीट कर कई जरूरतमंदों को सरकारी मदद कर चुके हैं। चाईबासा सदर अस्पताल में एक बच्ची को खाने में केवल भात परोसने का मामला ट्वीटर पर सामने आने पर मुख्यमंत्री ने उसे गंभीरता से लिया था। मुख्यमंत्री ने ट्वीटर पर ही तत्कालीन उपायुक्त को जांच करने का आदेश दिया था। इस मामले में दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था।

लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखंड की एक शिकायत ट्वीटर के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंची थी। लातेहार के एक व्यक्ति ने ट्वीट कर शिकायत की थी कि चार महीना से नहीं मिल रहा है वृद्धा पेंशन। लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखण्ड के कई महिलाओं का वृद्धावस्था पेंशन चार महीने से बंद था। इस शिकायत के मिलने के बाद सीएम ने लातेहार उपायुक्त को इस समस्या पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लातेहार उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के इस ट्वीट पर त्वरित संज्ञान लिया और सभी का पेंशन बन गया। बता दें कि जबसे हेमंत सोरेन ने सीएम की कुर्सी संभाली है, तबसे राज्य के गरीब, निरीह और जरूरतमंदों के सेवा में अपने ट्विटर को एक अस्त्र के रूप में उपयोग करना शुरू किया। इस अस्त्र के माध्यम से अभी तक हजारों लोगों को लाभ मिल चुका है। यानी सीएम का ट्विटर गरीबों का आंसू पोंछने में काफी हद तक सफल रहा है।

**क्या है मामला**

मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि बोकारो निवासी अंकित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से वह आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है। अंकित के पिता शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने वाली मां का वाहन दुर्घटना में हाथ -पैर टूट गया है, जिससे पूरे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रह है।मामले की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त बोकारो को मामले की जांच कर अंकित की पढ़ाई के लिए हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने एवं अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़ते हुए भी सूचित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ाई में गरीबी बाधा न बने, इसके लिए सरकार हर स्तर पर कई योजनाएं लेकर आयी है।

## झमाझम हुई बारिश, ओलावृष्टि व वज्रपात का अलर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उत्तर-पश्चिमी भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव आया है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने एक अप्रैल के लिए राज्य में चेतावनी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 40-50 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। ओलावृष्टि व वज्रपात की चेतावनी है।

मौसम केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार अगले दो से तीन दिन के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद तीन से चार दिन में धीरे-धीरे दो से चार डिग्री तापमान में गिरावट होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव और लोकल सिस्टम के कारण वज्रपात, गर्जन के साथ ओले पड़ने के आसार हैं।

इसलिए राज्यवासी दो दिन तक अलर्ट रहें। मौसम खराब होने पर घर में ही रहे। बाहर निकलने से बचें। हालांकि, दो अप्रैल से मौसम सामान्य हो जाएगा। राज्य के कई शहरों में तेज हवा की वजह से सड़कों पर पेड़ गिरे। अचानक हुई आंधी, पानी की वजह से फसलों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने पहले ही फसलों को लेकर अलर्ट जारी करते हुए कहा था कि अगर फसल तैयार है तो उसे काट लें।

मेदिनीनगर-महुआडांड़ इलाके में बारेसाढ़ के नजदीक कई पेड़ गिरे, इसकी वजह से आवागमन लंबे समय तक बाधित रहा। अधिकारियों और स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह पेड़ को रास्ते से हटाया गया। राज्य के पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, धनबाद सहित कई जिलों में शुक्रवार को गरज के साथ बारिश हुआ।जमशेदपुर में 15 मिमी बारिश दर्ज की गयी, यहां 30 किमी प्रतिघंटा रफ्तार से हवा चली।

इधर बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी व रामगढ़ के अलावा राज्य के दक्षिणी भाग पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसांवा के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है।

## क्विक न्यूज

### महिला आरपीएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** चक्रधरपुर-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच 75 पर उलीडीह पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को भारी वाहन की चपेट में आने से महिला आरपीएफ जवान गोपा तियु (45) की मौत हो गई। वह स्कूटी से ड्यूटी जाने के दौरान दुर्घटना की शिकार हो गई।जानकारी के अनुसार पोटका निवासी रेलवे सुरक्षा बल की महिला जवान गोपा तियु आरपीएफ चाईबासा में तैनात थी। वह रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह भी स्कूटी से चाईबासा ड्यूटी करने के लिए जा रही थी। चक्रधरपुर-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच 75 ई उलीडीह के पास पेट्रोल पंप के समीप भारी वाहन ने स्कूटी को रौंद दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसके परिजन एंबुलेंस से जमशेदपुर ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम एजे राठौड़, सीनियर डीपीओ श्रीरंगम हरितास समेत संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी, सहयोगी एवं परिजन अस्पताल पहुंचकर घटना पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि आरपीएफ महिला जवान के पति शिवचरण तियु आरपीएफ सब इंस्पेक्टर के पद पर राउरकेला में तैनात हैं।

### जंतर-मंतर पर आयोजित होगा संसद मार्च, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय मछुआरा कांग्रेस तीन अप्रैल को जंतर-मंतर पर संसद मार्च आयोजित करेगा। इस मार्च का उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को अखिल भारतीय मछुआरा कांग्रेस ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी। मछुआरा कांग्रेस का कहना है कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संसद से बेदखल किए जाने की कार्रवाई से नाराज हैं। इस मुद्दे को लेकर वह जंतर-मंतर पर अपना विरोध प्रकट करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं सहित राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। मछुआरा कांग्रेस का कहना है कि उनका संगठन उन सभी मुद्दों को लेकर संसद मार्च कार्यक्रम में चर्चा करेगा जो मुद्दे सत्तापक्ष ने संसद में नहीं उठाने दिए हैं।

### ट्राई ने टेलीविजन प्रसारण में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने से जुड़ी सिफारिशें जारी की

**नई दिल्ली :** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने शुक्रवार को 'टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने' पर अपनी सिफारिशें जारी की हैं।उपकरण निर्माण में भारत की वास्तविक क्षमता का आकलन करने के उद्देश्य से प्राधिकरण सभी हितधारकों की टिप्पणी प्राप्त करने के लिए दो साल पहले स्वप्रेरणा से एक परामर्श पत्र जारी किया था। परामर्श प्रक्रिया के दौरान हितधारकों से प्राप्त सभी टिप्पणियों और मुद्दों के आगे विश्लेषण के बाद प्राधिकरण ने अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दिया है। इन सिफारिशों के अनुसार लीनियर सेट-अप बॉक्स को पीएलआई योजना के तहत लाया जाना चाहिए। चिपसेट सहित प्रसारण उपकरण के लिए आवश्यक स्वदेशी घटकों की उपलब्धता की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए।

### प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने का मामला

## विधायक इरफान अंसारी एमपी-एमएलए कोर्ट से बरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द कहने के मामले में उन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

यह फैसला एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एसडीजेएम जितेन्द्र राम ने दिया। मामला 27 नवंबर, 2018 का है। भाजपा नेता तरुण कुमार गुप्ता ने नारायणपुर थाना में केस दर्ज कराया था कि लोकनिया ग्राम में आयोजित एक आम सभा में इरफान अंसारी ने पीएम मोदी के खिलाफ अपशब्द कहा था। पहले यह केस जामताड़ा कोर्ट में दर्ज हुआ था। बाद में इसे एमपी-एमएलए कोर्ट दुमका ट्रांसफर कर दिया गया, जहां इस पर फैसला सुनाया गया।

रिहा किए जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि क्या भाजपा के नेता कांग्रेस के बारे में अनर्गल बयानबाजी नहीं करते हैं। इसमें हमलोग तो मुकदमा करने नहीं जाते हैं लेकिन भाजपा ने अपने पावर का दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की गई। उनका घर छीन लिया गया। इससे हर जगह जनता दुखी है। कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। प्रखंड से लेकर जिला तक आंदोलन किया जाएगा।

इरफान अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी गरीबों की आवाज हैं। क्या हमलोग भी अदाणी-अंबानी की दलाली करें। गरीबों की बात करना छोड़ दें। गरीबों का पक्ष लेना अगर गलत है तो जो सजा देना है दीजिए। चाहे हमारी सदस्यता रद्द कर दीजिए या हमें फांसी पर लटका दीजिए, हम लोग चुप बैठने वाले नहीं हैं।

## दुनिया का सबसे खतरनाक वायरस है फेक न्यूज : अनुराग ठाकुर

**केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि बेहतर कम्युनिकेशन, सरकार और लोगों के बीच दूरी घटाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे लोगों में सरकार के प्रति विश्वास जागता है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ती है।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** फेक न्यूज पर लगाम लगाने के लिए फैक्ट चेक को महत्वपूर्ण बताते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि दुनिया का सबसे खतरनाक वायरस फर्जी सूचनाएं हैं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति तक सही जानकारी पहुंचाना महत्वपूर्ण है। अनुराग ठाकुर शुक्रवार को भारतीय जन संचार संस्थान में भारतीय सूचना सेवा ग्रुप ए के प्रशिक्षु अधिकारियों के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि बेहतर कम्युनिकेशन, सरकार और लोगों के बीच दूरी घटाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे लोगों में सरकार के प्रति विश्वास जागता है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ती है।उन्होंने कहा कि फेक न्यूज के युग में लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सही सूचना के प्रयोग से आम आदमी किसी भी विषय पर सही निर्णय ले सकता है। इसलिए मीडिया और सोशल मीडिया के बदलते समय में सरकारी सूचना तंत्र के अधिकारियों को यह तय करना है कि जनता तक सही जानकारी पहुंचे। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक राजेश मल्होत्रा, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव शंकर, आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी एवं अपर महानिदेशक आशीष गोयल सहित वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 बैच के भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के 52 प्रशिक्षु अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डिग्री की जरूरत नहीं : गुजरात हाईकोर्ट

**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** गुजरात यूनिवर्सिटी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री की विस्तृत जानकारी जारी करने का निर्देश देने वाले आदेश को गुजरात हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निरस्त कर दिया, और कहा कि इस जानकारी की ज़रूरत नहीं है. गुजरात हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जानकारी मांगने को लेकर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया. यह रकम अरविंद केजरीवाल को गुजरात राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के पास जमा करवानी होगी.केंद्रीय सूचना आयोग ने वर्ष 2016 में गुजरात यूनिवर्सिटी को निर्देश



दिया था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री की जानकारी उपलब्ध करवाए.इस

**गुजरात हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जानकारी मांगने को लेकर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया.**

ख़बर पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर पर कहा, क्या देश को ये जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके पीएम कितना पढ़े हैं? कोर्ट में इन्होंने डिग्री दिखाए जाने का ज़बरदस्त विरोध किया। क्यों? और उनकी डिग्री देखने की माँग करने वालों पर जुर्माना लगा दिया जायेगा? ये क्या हो रहा है?

## देवघर में होगा जी-20 शिखर सम्मेलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के बाद अब देवघर में जी-20 शिखर सम्मेलन मई के पहले सप्ताह में होगा। सम्मेलन के क्रम में मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में कई इवेंट होंगे। संथाल परगना में आईटी सेक्टर में निवेश पर प्रजेंटेशन होगा। डिजिटल इंडिया के तहत कैसे ग्रास रूट पर बिजनेस व सर्विस के साथ रोजगार के अवसर पर कई प्रजेंटेशन होंगे। साथ ही देवघर से देश भर में हवाई मार्ग व रेल मार्ग की कनेक्टिविटी की सुविधा व पर्यटन उद्योग की संभावनाओं पर चर्चा होगी। मई के प्रथम सप्ताह में देवघर में होने वाले इस सम्मेलन की संभावना को देखते हुए सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क के बिहार, झारखंड व ओडिशा जोन के डायरेक्टर सूर्यकुमार पटनायक व ज्वाइंट डायरेक्टर जगरनाथ उरांव अप्रैल के प्रथम सप्ताह में देवघर आ सकते हैं। अधिकारियों की टीम मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क का जायजा लेगी।मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क जाने वाली सड़क का सौंदर्यीकरण व रंग-रोगन कराया जा रहा है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर देवघर में होने वाले इस जी-20 सम्मेलन का थीम डिजिटल इंडिया होगा। सम्मेलन में 15 देशों के डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे।

## संक्षिप्त खबरे

### बारिश होने से किसानों की बढ़ी चिंता अचानक मौसम में आया बदलाव, बूंदाबांदी से किसान चिंतित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू** : मौसम ने ली करवट हुई झमाझम बारिश गेहूं के फसल को लेकर किसान चिंतित। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर अपना मिजाज बदल दिया है। मौसम के करवट लेते ही प्रखंड क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। इस बारिश को देखते हुए किसान गेहूं के फसल को लेकर काफी चिंतित है किसानों का कहना है गेहूं की कटाई का समय हो गया है। लेकिन एक बार फिर कोई बारिश ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है की मौसम के मिजाज को देखते हुए ओलावृष्टि की संभावना बढ़ गई है यदि ओलावृष्टि होती है तो उनकी गेहूं के फसल को काफी नुकसान पहुंचेगा किसानों ने बताया गेहूं की फसल पूरी तरह पक कर तैयार हो चुकी है और अब गेहूं की कटाई होने वाली थी।

# महावीर नवयुवक दल जेनरल ने किया सम्मान समारोह सह पुरस्कार वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर के रामनवमी का समापन समारोह संपन्न हुआ मेदिनीनगर रामनवमी मनाए जाने की परंपरा 1934 से शुरू हुआ हुई थी। अब तक के परंपरा के मुताबिक रामनवमी पर्व का समापन महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण के साथ होता है। छः मुहान चौक के पास पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर एवं कार्यक्रम का संचालन महामंत्री विजय ओझा ने किया जेनरल के तमाम पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में पलामू आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा उपस्थित रहे। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हो गया है। शोभायात्रा में शामिल श्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि अपनी आवाज को श्री राम के नारों से इतना बुलंद कीजिए कि डीजे की आवाज उसके सामने दब जाए भगवान राम के आदर्शों और रामायण के पात्रों के चरित्र को जीवन में अपनाये जाने से ही मानव जन्म सफल हो सकता है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भगवान राम का हम जन्म दिन मनाते हैं परन्तु ऐसे अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की सार्थकता तभी है जब हम राम के आदर्श से शिक्षा ग्रहण करें अगले साल से रामनवमी में उन्होंने पलामू पुलिस के द्वारा पुरस्कार दिए जाने की भी घोषणा की। सर्वश्रेष्ठ रथ का प्रथम पुरस्कार उपकार संघ हमीडगंज विश्व संघ क्लब जिला स्कूल एवं न्यू सुरभि क्लब हमीदगंज को दिया गया जबकि द्वितीय पुरस्कार न्यू एकता स्टार क्लब हमीदगंज संस्कार क्लब नावाटोली एवं भारत सेवक संघ को दिया गया तीसरा पुरस्कार न्यू सांस्कृतिक क्लब विश्व शांति क्लब एवं हिंदू सेना संघ को दिया गया सर्वश्रेष्ठ मूर्ति का प्रथम पुरस्कार महावीर युवा मंडल ओम शांति क्लब एवं जय बजरंग संघ को दिया गया जबकि सर्वश्रेष्ठ मूर्ति का दूसरा पुरस्कार सांस्कृतिक कल्ब दुकानदार संघ जय विजय संघ जबकि सर्वश्रेष्ठ मूर्ति का तीसरा पुरस्कार श्री श्री लक्ष्मी नारायण समिति वीर भगत सिंह एवं महावीर संघ को दिया गया। रामनवमी के दौरान अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले परमेश्वर राम जोगीराम मल्लू रजक नागो कुमार अजय कुमार राजा कुमार श्रेष्ठ कुमार छम छम कुमार आदित्य कुमार मिथिलेश सोनी राम लखन साहू अवधेश प्रजापति सुनील कुमार मुनीराम श्यामू रंजन कृष्णा प्रसाद सोनी योगेश्वर राम अजय कुमार नागौर राम रंजीत कुमार विजय प्रेम चंद्रवंशी राज कुमार चंद्रवंशी प्रेम राम आशीष कुमार रामप्रवेश जी डब्लू सरस्वती कल्लू राम सूरज कुमार छोटू चंद्रवंशी शुभ राज आशीष दिलीप जितेंद्र गुप्ता एवं राजेंद्र पाठक को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कार दिया गया।

## सौ चूहे खाकर बिल्ली करने चली हज : रुचिर तिवारी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर नगर निगम में टेंडर प्रक्रिया मैं उत्पन्न हुए विवाद को शहर के मेयर के द्वारा किया गया ड्रामा है। एक पुरानी कहावत है की सौ चूहे खाकर बिल्ली करने चली हज वही हाल शहर के मेयर का है अपने कार्यकाल में इन्होंने निगम में टेंडर मैनेज करा कर के काम कराया और उसमें इनका कमीशन भी शामिल रहता था और पूरे निगम में चारों तरफ घटिया निर्माण का कार्य कराया गया है जिसमें कहीं चोरी के बालू से और कहीं छोरी के डस्ट से भी काम कराया गया लेकिन जब समय समाप्ति की ओर है तो मेयर अभी भी टेंडर मैनेज करने से बाज नहीं आ रही है और जनता के टैक्स के पैसा को लूट वाकर दोनों हाथों से पैसा कमाने में लगी हुई है और उसी के तहत अपने अंगरक्षक से टेंडर का फार्म भिजवाया जो गैरकानूनी है अंगरक्षक अआपनी सुरक्षा के लिए है आपकी बॉडी की रक्षा के लिए है न कि टेंडर फार्म भरने के लिए। पलामू एसपी इस पर संज्ञान ले और टेंडर मामले में जिस तरह मेयर के बॉडीगार्ड ने स्वयं जाकर फार्म जमा किया है वह अपराध की श्रेणी में आता है और नगर आयुक्त बॉडीगार्ड के द्वारा भिजवाया गया टेंडर को रद्द करें ताकि नए संवेदको को भी मौका मिल सके और स्वतंत्र रूप से वे टेंडर डाल सकें।

## बोलेरो और बाइक की टक्कर में युवक की मौत



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शहर थाना क्षेत्र के चियांकि बुलेट शोरूम के पास बोलेरो के धक्का से सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुआ कौडिया निवासी योगेंद्र साव के पुत्र विकास कुमार उम्र 20 वर्ष बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विकास कुमार शुक्रवार की सुबह 6:00 बजे अपने घर से सब्जी बेचने के लिए डालटेनगंज जा रहा था तभी रास्ते में चियांकी बुलेट शोरूम के पास तेज गति बोलेरो ने उसे धक्का मार दिया।जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मृतक प्रतिदिन अपने घर से सुबह सब्जी बेचने के लिए मेदनीनगर आता था।वही इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई हैं।

## श्रीराम सेना कमेटी के तत्वधान में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर** : रामनवमी के अवसर पर बस स्टैंड स्थित राधाकृष्ण मंदिर के समीप श्रीराम सेना कमेटी के तत्वधान में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया.भंडारा का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा,नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व राम भक्तों को प्रसाद वितरण कर किया। इसके बाद विशाल भंडारा शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया. भव्य भंडारा दोपहर 2:00 बजे से लेकर देर शाम तक अनवरत जारी रहा.इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि भंडारा कराना पुण्य का कार्य है .श्रीराम सेना द्वारा प्रत्येक वर्ष राम जन्म उत्सव में भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता रहा है. उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए इस पुनीत कार्य के लिए सहृदय बधाई दिया। मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, खुशदिल सिंह, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, अमित जायसवाल, आशीष अग्रवाल, नीरज जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, अमरनाथ पांडेय, संजय कसेरा, अनूप निराला, श्रीराम सेना के संरक्षक कामेश्वर प्रसाद, रूपेश कुमार पप्पू, वीरेंद्र अग्रहरी, अजय प्रसाद मुखिया, हृदयानंद कमलापुरी, नित्यानंद कुमार, ऋ तुराज जायसवाल, अजित केसरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रोजेदारों ने दूसरे जुम्मे की अदा किया नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर** : दिल में इबादत की जज्बे को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगो ने पवित्र रमजान महीने के दूसरे जुम्मे की नमाज शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्र में अल्लाह की इबादत मे सिर झुकाया. नगर उंटारी जमा मस्जिद, चेचरिया जमा मस्जिद, बरडीहा जमा मस्जिद, कधवन जमा मस्जिद, कोइन्दी, हुलहुला, नरही, सोनवर्षा, सहित अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा किया. नगर उंटारी जामिया इस्लामिया जब्बारिया में पेश इमाम अब्दुल कादिर साहब ने कहा कि माह ए रमजान रहमतों एवं बरकतों का महीना है। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में रोजा रखने से सबसे ज्यादा नेकिया मिलती है.रोजा रखना हर मुसलमान के लिए जरूरी है.सदर तौहिद खान ने कहा कि पवित्र माह ए रमजान दूसरे जुमे की नमाज अदा किया गया। नमाज अदा करने के बाद देश और मुल्क में अमन-चैन और भाईचारा कायम रहे इसके लिए दुआ मांगी गई. मौके पर हाजी नेजाम खान, तस्लीम खान सीनियर, डॉ कुतबुद्दीन अंसारी, अमीन खान, शमीम खान, तस्लीम खान, महमूद आलम, पप्पू खान, फुलटून खान, बाबू खलीफा, सहित बड़ी संख्या में लोगो का नाम शामिल हैं वही बरडीहा मस्जिद में सदर मुश्ताक अहमद शेख, डॉ ताहीर हुसैन, हाफिज मनउवर अंसारी, हाफिज सैफुल्लाह अंसारी, डॉ रिजवान अहमद, वकील अहमद, परवेज आलम, मसउवर अंसारी, अमीर हसन अंसारी, रासिब, इंतजार, मकसूद समसिर, अहमद, नौसाद, गुलाम, खुर्शीदसहित अन्य लोगो के नाम शामिल हैं।

## प्रखंड के विभिन्न जगहों पर रामनवमी के शुभ अवसर पर निकाला गया भव्य जुलूस



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर रामनवमी को लेकर भव्य जुलूस निकाला गया। बजरंग दल इकाई की ओर से गुरुवार को भक्तों के द्वारा खरौंधी देवी मंदिर से जुलूस निकाला गया जिसका समापन चांदनी देवी मंदिर पर किया गया। इस जुलूस में भक्तों के द्वारा मोटर साइकिल जुलूस भी निकाला गया जो की खरौंधी प्रखंड के विभिन्न गांव में घुमाया गया।जिसमे भक्तों के द्वारा जय श्रीराम, जय हनुमान के नारे लगाए गए।इस संबंध में अध्यक्ष रौशन दुबे ने बताया की हमलोग का रामनवमी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और पुलिस प्रशासन का भी सहयोग मिला। मौके पर खरौंधी मुखिया कृष्णा शाह, चंदनी मुखिया रमजान मेहता, उप प्रमुख देवदत् प्रसाद आर्य, रामानंद मेहता, अभिमन्यु जयसवाल, विवेकानंद यादव, अजय बैठा, रमेश जायसवाल, संकेत श्रीवास्तव, धर्मेंद्र पासवान सहित हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालनब्रिज बिहारी दुबे तथा उपेंद्र दास के द्वारा किया गया।

## नेशनल आईटीआई में लगा रोजगार मेला, 42 प्रतिभागियों का हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज** : कौवाखोह स्थित नेशनल आईटीआई कॉलेज परिसर में शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में एलएंडटी मल्टीनेशनल कंपनी के इंस्ट्रक्टर प्रशांत कुमार साहू के द्वारा हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार युवकों का सलेक्शन किया गया। इसके पहले टीम के द्वारा आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद जो युवक बेरोजगार थे उनकी जांच परीक्षा ली गई। परीक्षा में उतीर्ण 42 प्रतिभागियों का चयन किया गया। वहीं आईटीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने के लिए संस्थान प्रतिबंध है। प्रत्येक वर्ष इस तरह का कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया जाता है। ताकि जो युवा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रोजगार के लिए भटकते हैं उन्हें रोजगार दिया जा सके। अब तक देश के कई बड़ी संस्थान व कंपनी के द्वारा कैंपस सलेक्शन से इस क्षेत्र के युवाओं का चयन किया गया है। मौके पर रवि रंजन वर्मा अनुदेशक कुंदन कुमार सिंह, अरविंद सिंह, राहुल ठाकुर, प्रशांत कुमार, सुरेश कुमार, रवि रंजन वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ रामनवमी कार्यकर्मों का सिलसिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू** : महापौर अरुणा शंकर ने राम नवमी के अवसर पर श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल, चैनपुर बाजार जेनरल चंदू गुप्ता एवं साथियों द्वारा आयोजित भव्य समारोह में तलवार एवं प्राइज वितरण करते हुए कहा की चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन ही सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु ने धरती लोक पर श्री राम के रूप में जन्म लिया था। रामलला के जन्म के पावन बेला को ही रामनवमी के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। भारतवर्ष में भगवान राम को आदर्श पुरुष के रूप में जाना जाता। पौराणिक कथा और कहानियों से यह सीख लेनी चाहिए कि पुरुषों का चरित्र भगवान राम की तरह होनी चाहिए। यही वजह है कि भारतवर्ष में भगवान राम के अनुगामी बहुत है। इस दिन बहुत से हिंदू अयोध्या जाकर सरजू नदी में स्नान करते हैं। महापौर ने कहा हमारे शहर की यह खासियत है कि इस पर्व को जहां हिंदू हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं वही मुस्लिम इस त्यौहार को मनाने में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। हमारा शहर हिंदू-मुस्लिम एकता का मिसाल है।

## विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज** : विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा नर्सरी से सप्तम वर्ग तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले नर्सरी में आरिफ रजा एलकेजी में मोना कुमारी युकेजी में सोनी कुमारी वर्ग पहला में सत्यम कुमार दूसरा में ज्योति कुमारी तीसरा में जान्हवी कुमारी चौथा में सिद्धार्थ कुमार सिंह पांचवां में साक्षी सिंह छठा में माही कुमारी तथा सातवां वर्ग में प्रीति कुमारी को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं पूरे वर्ग में 97.42 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली स्कूल टॉप रही माही कुमारी मेडल व ट्रॉफी भेंट की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह शिक्षक सरोज चौधरी महताब आलम मुकेश शर्मा रामजी सिंह मनोज कुमार शिक्षिका मुनी गुप्ता दिव्या मिश्रा दीक्षा मिश्रा रूबाना प्रवीण आदि मौजूद थे।

## प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में बीआरपी-सीआरपी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर** : प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शुक्रवार को बीआरपी-सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बैठक में श्री चौबे ने कहा कि सभी शिक्षक ई विद्या वाहिनी में अपना हस्ताक्षर बनाएंगे तथा छात्रों का भी तय समय सीमा के अंदर ई विद्या वाहिनी में उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि विभागीय आदेश के आलोक में अप्रैल 2023 से ई विद्या वाहिनी केउपस्थिति के आधार पर ही सरकारी शिक्षक या सहायक शिक्षक का वेतन/मानदेय भुगतान करने का आदेश जारी किया गया है। श्री चौबे ने कहा कि सभी सीआरपी अपने संकुलाधीन सभी विद्यालयों में ई विद्या वाहिनी में शिक्षकों व छात्रों का हस्ताक्षर का अनुश्रवण करेंगे। सभी प्रधानाध्यापक को बार-बार निर्देश देने के बाबजूद भी यू चाइल्ड डायस कम्प्लीट नहीं किया गया है। यू चाइल्ड डायस शुरू नहीं करने वाले 22 विद्यालयों के प्रधनाध्यापको का वेतन बंद करने का पूर्व में ही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर यू चाइल्ड डायस में तकनीकी समस्या आ रही है तो एमआईएस कोडिनेटर मुकेश कुमार के पास बीआरसी में आकर समस्याओं का निदान करेंगे. उन्होंने निर्देश दिया की सभी विद्यालयों में शिक्षक एफ एल एन शिक्षक हस्तपुस्तिका का उपयोग करें। विद्यालय स्वास्थ्य एंव कल्याण कार्यक्रम के तहत उच्च प्रथामिक, मध्य प्राथमिक एंव उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रश्न पेटी, शिकायत पेटी तथा शिकायत टॉल फ्री नंबर स्थापित कराने का पूर्व में ही निर्देश दिया गया था जो विद्यालय के प्रधनाध्यापक अभी तक नहीं कर पाएं होंगे वे उसे पूरा करेंगे. उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों के प्रधनाध्यापक शत प्रतिशत एमडीएम का मैसेज करेंगे। विद्यालयों में किसी भी स्थिति में एमडीएम बंद नहीं हो। बैठक में बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव, शोभा पांडेय, वीरेंद्र प्रजापति, एमआइएस कोडिनेटर मुकेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, लेखपाल चंदन कुमार सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

## परंपरा के अनुसार विश्रामपुर में दसवीं तिथि को निकला रामनवमी का भव्य जुलूस



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर** : वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुरूप विश्रामपुर में रामनवमी का जुलूस दसवीं तिथि को निकाला गया। जुलुस विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर से शुरू हुआ। रामनवमी जुलुस गढ़ मुहल्ला,दर्जी मुहल्ला,अंजान शाहिद देव स्थल,बाजार चौक,बस स्टेंड, सोरडीहा सहित नप मुख्यालय के हर गली कुच्चो से गुजरी स्थानीय डाक बंगला परिषर में जय श्री राम के साथ समापन हुआ। रामनवमी जुलुस में राम भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। जुलुस में एक ही नारा व एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम गूंज रहा था। विश्रामपुर के जुलुस में पांडेपुर, कबिलासी, उरसुला, झगरुआ, मधुरीडीह, नवडीहवा, छिपादोहर,पचघरा, बघमनवा, कोसियार सहित दर्जनों गांव के झंडों का मिलान डाक बंगला परिसर में हुआ। राम दरबार की झांकी व बंदरी सेना का प्रदर्शन जुलुस में आकर्षण का केंद्र रहा। जुलुस के दौरान राम भक्तो ने अखाड़ो में एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। जुलुस में एसआई विजय कुजूर,समाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, वरीय भाजपा नेता डॉ बी पी शुक्ला, एएसआई अनिल सिंह,वीरेंद्र तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, रमेश चौबे, रामलखन केशर, अवधेश केशरी, सुरेंद्र केशरी, कामेश्वर केशरी, अनुज कुमार चौधरी, संजय ठाकुर, अमितेश्वर दयाल, चंद्रदेव चौधरी कुकू, विकास कुमार, सत्यम सोनी, सिंकू चंद्रवंशी, राजकुमार मेहता, रामकुमार ठाकुर, दिलीप चंद्रवंशी, लल्लू चंद्रवंशी, शशिकांत ठाकुर, राजेश मार्शल, विनोद कुमार विश्वकर्मा सहित कई लोग शामिल थे।

**पूजा कमेटी ने सम्मान समारोह का किया आयोजन**

विश्रामपुर रामनवमी पूजा कमेटी ने अतिथियो,पुलिस अधिकारियों व स्थानीय गण्यमान्य लोगो को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष मुन्नू बक्सराय व संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री के पुत्र सह युवा भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कमेटी के लोगो ने सभी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, थाना प्रभारी शशि रंजन, गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, बिहारी लाल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, सीताराम आर्य, भाजपा नेता मनीष कुमार, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, शमशेर अली अंसारी, सतेंद्र यादव, डॉ अल्लाउद्दीन अंसारी, रजीनिश कुमार सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

**स्टार युवा संघ ने रामभक्तो को खिलाया खीर**

स्टार युवा संघ ने पंचमुखी मंदिर बाजार परिसर में स्टॉल लगाया। स्लॉल में खीर की व्यवस्था की गई थी। संघ के सभी सदस्यों ने रामनवमी जुलूस में शामिल रामभक्तो को खीर खिलाया।

**हरिओम कम्प्लेक्स द्वारा रामभक्तो को पिलाया शबत पानी**

हरिओम कम्प्लेक्स द्वारा स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में समाजसेवी संजय पासवान ने अपने समर्थकों के साथ जुलुस में शामिल राम भक्तो को शारबत्त-पानी पिलाया।

**युवा सामाजिक कार्यकर्ता संघ ने भंडारे का किया आयोजन**

विश्रामपुर महाबीर मंदिर परिसर में युवा सामाजिक कार्यकर्ता संघ ने भंडारे का आयोजन किया? भंडारे में सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

**संक्षिप्त खबरें**

## असीम सिन्हा आज मास कॉम के छात्रों के बीच देंगे व्याख्यान

**रांची ।** रांची यूनिवर्सिटी के मोरहाबादी कैंपस स्थित मास कॉम डिपार्टमेंट में असीम सिन्हा आज शनिवार को छात्रों के बीच व्याख्यान देंगे। बॉलीवुड समेत अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के वरिष्ठ एडिटर हैं। असीम सिन्हा मास कम्युनिकेशन आरयू में वर्कशॉप सह सेमिनार के लिए रांची आये हैं। असीम सिन्हा ने वेलकम टू सज्जनपुर, मम्मो समेत 80 राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के अलावा चर्चित धारावाहिक चंद्रकांता समेत करीब 20 धारावाहिकों का एडिटिंग किया है। मास कॉम के निदेशक प्रो. डॉ. बीपी. सिन्हा के अनुसार राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित असीम सिन्हा फिल्म एडिटिंग के क्षेत्र में एक बड़ी शख्सियत हैं। मास कौम आरयू के छात्रों को एडिटिंग के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने को मिल सकेगा।

## राज्यपाल से आईएचएम के प्राचार्य ने की शिष्टाचार मुलाकात

**रांची :** झारखंड राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के साथ पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार के अधीन संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड अप्लाइड न्यूट्रिशन, राँची के प्राचार्य डॉ.भूपेश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की एवं संस्थान के बी.एससी एच एंड एचए डिग्री पाठ्यक्रम हेतु आयोजित होने वाले स्नातक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने के लिए निमंत्रित किया। प्राचार्य ने राज्यपाल महोदय को अवगत कराया की संस्थान जो की वर्ष 2019 में प्रारंभ हुआ आज देश में अपने नाम को सुदृढ़ रूप से स्थापित किया है तथा विगत वर्षों में संस्थान की उपलब्धियां को साझा करते हुए बताया की जीएचआरडीसी के रैंकिंग सर्वे 2022 में संस्थान को प्रॉमिसिंग होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट श्रेणी में भारत के सरकारी आईएचएम संस्थानों में प्रथम स्थान तथा कंपटीशन सक्सेस रिव्यू के रैंकिंग 2023 में टॉप सरकारी होटल मैनेजमेंट संस्थाओं में शामिल है।

# निगम में हंगामे के बीच वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2801 करोड़ रुपये का बजट पारित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को रांची नगर निगम परिषद की बैठक हंगामेदार रही। 53 वार्ड के लगभग 30 से अधिक पार्षदों ने बैठक में अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया । इन पार्षदों का मुख्य रूप से पानी, साफ-सफाई और नगर निगम के मेयर,डिप्टी मेयर और पार्षदों का कार्यकाल 17 अप्रैल 2023 को समाप्त हो रहा है इसे बढ़ाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। इसी हंगामे के बीच वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2801 करोड़ रुपये का बजट पारित कर दिया गया।



**नगर निगम के वित्तीय बजट को लेकर जो बैठक बुलाई गई थी जिसमें राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांझी, नगर निगम रांची के नगर आयुक्त शशि रंजन, महापौर डॉ आशा लकड़ा, महापौर संजीव विजयवर्गीय सहित कई पार्षदगण उपस्थित थे।**

### कौन कौन थे बैठक में

नगर निगम के वित्तीय बजट को लेकर जो बैठक बुलाई गई थी जिसमें राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांझी, नगर निगम रांची के नगर आयुक्त शशि रंजन, महापौर डॉ आशा लकड़ा, महापौर संजीव विजयवर्गीय सहित अपर नगर आयुक्त एवं नगर निगम के कई पदाधिकारी गण सहित पार्षद ओम प्रकाश, रोशनी खलखो, नसीम उर्फ पप्पू गद्दी,अफरोज, हुस्ना आरा, नजमा रजा,नकुल, डा साजदा, अशोक यादव सहित कई पार्षदगण उपस्थित थे।

### पार्षदों ने की कार्यकाल बढ़ाने की मांग

नगर निगम के बजट के दौरान सभी पार्षदों ने मुख्य रूप से 17 अप्रैल 2023 को जो कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसे आगे बढ़ाने की मांग की है। इन लोगों का कहना था कि जब तक सरकार चुनाव नहीं कराती है, तब तक नगर निगम के चुने हुए जनप्रतिनिधि मेयर, उप महापौर और पार्षदों का कार्यकाल बढ़ा दिया जाए, ताकि जनता के कार्यों में किसी तरह का समस्या उत्पन्न ना हो सके। इस पर महापौर आशा लकड़ा ने कहा कि एक मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम राज्य सभा सांसद डॉक्टर माजी को दिया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में रांची नगर निगम ने अपने स्रोतों से 284.53 करोड़ रुपये के आय का अनुमान किया है। इस वित्तीय वर्ष में सिटी डेवलपमेंट प्लान के लिए दो करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है।

# अधिक निकालें सदका ए फित्र : मौलाना बरकती

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** माहे रमजान का दूसरा जुमा समाप्त हो गया और आठवां रोजा भी पूरा हो गया। इसी के साथ सदका ए फित्र जो हर बालिग और नाबालिग पर वाजिब है , इसके लिए 68 निकाला गया है । उक्त जानकारी कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मौलाना मंजूर हसन बरकाती ने जुमा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड एदारा ए सरीया ने इस बार हर व्यक्ति पर 68 सदका ए फित्र देना वाजिब बताया है, लेकिन कोशिश करें कि आप 70 निकाले । इससे एक पैसा कम ना निकाले । यदि आप 68 से कम सदका ए फित्र निकालते हैं तो वह सही नहीं रहेगा। इसलिए कोशिश करें कि आप सतका ए फितर निकाले साथ ही यह भी कोशिश करें कि अपने आसपास के ऐसे जरूरतमंद को तलाश करें और उसे ही सतका ए फित्र और जकात का जो पैसा है उसे दें। कोशिश करें कि जितना अधिक से पैसा हो सके, उस जरूरतमंद को दे। बहुत लोग चुन-चुन कर जरूरतमंद को देते हैं इससे होता यह है कि उसकी जरूरतों की पूर्ति के हिसाब से उन्हें पैसे नहीं मिल पाते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आपके पास जितना परिवार के सदस्य हैं उसका पैसा जमा करके किसी एक व्यक्ति को ही दें दें ताकि उसकी जरूरत पूरी हो सके।रीर की और लोगों को नमाज पढ़ने, कुरान पढ़ने, रोजा रखने, इबादत करने और झूठ से बचने की सलाह दी है।

# आम आदमी पार्टी का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यालय में संवादाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश के संयोजक डी एन सिंह ने कहा कि पूरे देश में मोदी हटाओ देश बचाओ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है ।पूरे देश में जिस तरह मोदी और अडानी के बीच संबंध है ये रिश्ता को आम जनता जानना चाहती है। लोकतंत्र में जो अधिकार है उसे मोदी सरकार दबाना चाहती है। झारखंड प्रदेश आम आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष यासमीन लाल ने कहा हमारा यह हमारा नारा ही नहीं संकल्प है 2024 में मोदी को हर हाल से हटाया जाएगा और संविधान लोकतंत्र को बचाने का प्रयास होगा। इस मौके पर बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार चौबे ने कहा कि देश में सिर्फ मोदी अडानी और अमित शाह का ही विकास हो रहा है। झारखंड प्रदेश के मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने कहा कि मोदी हटाओ देश बचाओ का राष्ट्रव्यापी अभियान पूरे भारतवर्ष में चल रहा है और इस अभियान के तहत जनता को मोदी सरकार की निरंकुशता बुराइयां को बताया जाएगा। एक तरह से घोषित आपातकाल का हालात देश में पैदा किया जा रहा है। अधिकारों का हनन हो रहा है इस मौके पर अजय भगत उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी ,संगठन मंत्री एजाज अली समेत कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड में अप्रैल महीने में 11 दिन बंद रहेंगे बैंक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में अप्रैल महीने में बैंक 11 दिन बंद रहेंगे। इसमें रविवार और शनिवार की छुट्टी के साथ सार्वजनिक छुट्टी भी शामिल है। एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक 11 दिन बैंक बंद रहेंगे। बैंक अवकाश कैलेंडर के आधार पर एक अप्रैल को ईयरली क्लोजिंग बैंक अकाउंट होता है।

चार अप्रैल को महावीर जयंती को लेकर सार्वजनिक छुट्टी है, जिसकी वजह से बैंक बंद रहेंगे। सात अप्रैल को गुड फ्राइडे की छुट्टी होगी। आठ अप्रैल को महीने का दूसरा शनिवार है, इस वजह से बैंक बंद रहेंगे।




आठ के बाद सीधे 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती के दिन बैंक बंद रहेगे।

22 अप्रैल को महीने का चौथा शनिवार है इसलिए बैंक में अवकाश रहेगा। वहीं, 2, 9,16,23 और 30 तारीख को रविवार की साप्ताहिक छुट्टी है।

# रांची के दस थानेदार 14 दिनों के प्रशिक्षण के लिए जायेंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दो अप्रैल से रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों के कुल दो सौ इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अफसर हजारीबाग स्थित झारखंड पुलिस अकादमी प्रशिक्षण के लिए जायेंगे। इसमें रांची के 10 थानों के थाना प्रभारी सहित कुल 17 इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अफसर शामिल हैं। रांची में इंस्पेक्टरों की संख्या पहले से ही कम बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में सिर्फ सात इंस्पेक्टर ही बैकअप में बचे हैं, यह प्रशिक्षण डीएसपी रैंक में प्रोन्नति से पूर्व लेना होता है। पहले दो सप्ताह में झारखंड पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण होगी। इसके बाद तीसरे से लेकर पांचवें सप्ताह तक इनका




प्रशिक्षण संबंधित जिला या इकाई में होगा। छठे सप्ताह की प्रशिक्षण फिर से झारखंड पुलिस अकादमी में होगी। पूर्व में दो बार प्रशिक्षण की तिथियों में बदलाव हो चुका है। प्रशिक्षण आइजी के पत्र के आधार पर रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने 17 इंस्पेक्टर को प्रशिक्षण पर जाने का आदेश निर्गत किया है।

# जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाने से कठिनाइयों में जनजातीय समुदाय : बंधु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि अधिकारियों की असंवेदनशीलता के कारण जनजातीय समुदाय को जाति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। वे शुक्रवार को कांग्रेस भवन रांची में पत्रकारों से बात कर रहे थे। तिर्की ने कहा कि ताजा मामला मुंडा जनजाति की पहली उपजाति भुईहर मुण्डा से जुड़ा है। केन्द्र सरकार की जनजातियों मामले से संबंधित मंत्रालय के सम्बद्ध अधिकारियों के कुछेक असंमजस, संवादहीनता या फिर त्रुटिपूर्ण प्रतिवेदन के कारण मुण्डा जनजाति की उपजाति भुईहर मुण्डा एवं भुईहर को अगडी जाति में शामिल कर लिया गया और उसे बिहार की भूमिहार ब्राह्मण जाति से जोड़ कर देखा जाने लगा, जो कि असंगत एवं गलत होने के साथ ही व्यावहारिक एवं तथ्यात्मक दृष्टिकोण से भी उपेक्षापूर्ण स्थिति में है।


उन्होंने कहा कि मुंडा जनजाति के तीन लाख से ज्यादा लोग विशेष कर सिमडेगा, गुमला, लातेहार, गढवा और पलामू जिले में निवास करते हैं लेकिन झारखंड में अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल नहीं होने के कारण भुईहर मुंडा एवं भुईहर समाज के लोगों की पहचान धीरे -धीरे लुप्त होती जा रही है। अब ये लोग सांस्कृतिक, आर्थिक और समाजिक दृष्टिकोण से भी बहुत ही उपेक्षापूर्ण स्थिति में हैं।

तिर्की ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरन को भी पत्र लिखकर भुईहर मुण्डा एवं भुईहर को अनुसूचित जनजाति में शामिल करवाने के लिए न्यायमूर्ति लुकुर कमेटी के प्रतिवेदन व दिशा-निर्देशों के अनुरूप विस्तृत आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण करवाने एवं

# सरकारी कार्यालयों में आज से लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड सचिवालय सहित सभी सरकारी कार्यालयों तीन साल के बाद फिर से शनिवार को बायोमेट्रिक हाजिरी शुरू होगी। कार्मिक विभाग ने इसको लेकर सभी को पत्र लिख कर निर्देश दिया है। रोना के कारण 11 मार्च, 2020 से एहतियातन बायोमेट्रिक प्रणाली में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था को अस्थाई तौर पर अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस अवधि में सभी



सरकारी कर्मियों की ओर से पूर्व की व्यवस्था के तहत उपस्थिति पंजी में मैनुअल उपस्थिति दर्ज किया जाना अनिवार्य किया गया है। 10 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग ने राज में कोविड-19 का संक्रमण नगण्य होने के संबंधित रिपोर्ट देने के बाद बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की निर्धारित प्रक्रिया प्रारंभ करने का मंतव्य दिया है। सरकार ने सम्यक विचार करने के बाद आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली एक अप्रैल से फिर से प्रारंभ करने का फैसला लिया है।

# खेल से हमेशा बेहतर करने और अनुशासन की सीख मिलती है : ओंकार नाथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बीएयू के कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि खेल से हमेशा बेहतर करने और अनुशासन की सीख मिलती है। देश में उच्च कृषि शिक्षा में भी खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को महत्त्व दिया जाने लगा है। कुलपति शुक्रवार को बीएयू के कृषि संकाय के आरएसी ऑडिटोरियम में खेल-2023 के तहत इंडोर खेल स्पर्धाओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कैरम, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल एवं वॉलीबाल खेल स्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही विद्यार्थियों को जीवन में नियमित पढ़ाई के साथ नियमित खेल अभ्यास से जुड़े रहने की अपील की।

डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने कहा कि छात्र-छात्राओं को जीवन में खेल को महत्त्व देने, खेल में भागीदारी, लगातार अभ्यास एवं प्रयत्न से बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। डीएसडब्ल्यू डॉ बीके अग्रवाल ने कहा कि विवि के विद्यार्थियों में एथेलेटिक्स, वॉलीबाल एवं बास्केटबॉल में काफी प्रतिभा है। इन खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की दिशा में प्रयास करने होंगे। कैरम बालक वर्ग के विजेता आनंद शर्मा एवं उपविजेता अंकित कुजूर रहें। कैरम बालिका वर्ग की विजेता प्रज्ञा दीप एवं उपविजेता ज्योति कुमारी रहीं।

टेबल टेनिस बालक एकल का खिताब दीपक कुमार मिश्रा ने जीता और कुमार प्रभात उप विजेता रहे। टेबल टेनिस बालिका एकल का खिताब ज्योति कुमारी ने जीता एवं सिमरन सुमबरुई रनरअप विजेता रही। टेबल टेनिस बालक युगल के दीपक कुमार मिश्रा एवं अर्जुन कुमार अग्रवाल विजेता तथा कुमार प्रभात एवं अभिषेक कुमार उपविजेता रहें।

## रिम्स में नर्स बहाली को लेकर तैयारियां पूरी

**रांची।** राज्य का सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में नर्सों की बहाली प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बताया जा रहा है कि अनुबंधकर्मियों करीब 3000 के अधिक नर्सों की आवश्यकता को देखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया के तैयारी की जा रही है। वर्तमान में 700 वर्ष कार्यरत हैं , पर दो हजार करीब थीम्स में मरीज की संख्या होती है इस कारण से सभी मरीजों की देखभाल समय पर होने में थोड़ी परेशानियां आती है। जिस कारण से कई बार इसमें हंगामा भी हो चुका है। मारपीट की नौबत आ जाती है। इन सब समस्याओं को देखते हुए रिंम्स प्रबंधक ने निर्णय लिया है, कि कम से कम और 3900 की बाहली कराई जाए।

# रांची : 154 वाहनों की जांच, 32 वाहनों से वसूला गया 2 लाख 55 हजार का जुर्माना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जिला परिवहन कार्यालय, रांची ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस वित्तीय वर्ष में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा शत प्रतिशत से भी ज्यादा वार्षिक राजस्व संग्रहण किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 111.28 प्रतिशत राजस्व संग्रहण किया है। परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 30163.23 लाख रुपये के विरुद्ध 33567.00 लाख रुपए की राजस्व ग्रहण किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में भी




परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 27500 लाख रुपये था। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में जहां राजस्व संग्रहण का प्रतिशत ज्यादा रहा, वहीं वार्षिक लक्ष्य भी 27500 लाख रुपये से बढ़कर 30163.23 लाख रुपये किया गया था।

**जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची31मार्च को भी रहे सड़कों पर:** वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन आज भी जिला परिवहन पदाधिकारी, राँची प्रवीण कुमार प्रकाश के नेतृत्व में रिंग रोड, दलदली, कांके क्षेत्र में टैक्स फेल, ओवरलोड, बिना प्रदूषण प्रमाण, बिना परमिट एवं वाहन संबंधी अन्य वैद्य कागजातों के बिना परिचालन करने वाले वाहनों तथा बिना हेल्मेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध जाँच अभियान चलाया गया।

**32 वाहनों से वसूला गया 2 लाख 55 हजार का जुर्माना:** जाँच के दौरान लगभग 154 वाहनों के कागजातों की जाँच की गई। 32 वाहनों से कुल 2 लाख 55 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया जबकि एक वाहन को जब्त कर पंडरा टीओपी में सुरक्षार्थ रखा गया है।

# कौशल विकास के लिए होगा मैकलुस्कीगंज डाकबंगला का उपयोग : डीसी

प्रभात मंत्र सवाददाता

**रांची।** उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की अहम बैठक ली। जिसमें उप विकास आयुक्त सह सदस्य सचिव, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट राँची, दिनेश कुमार यादव एवं जिला योजना पदाधिकारी, रांची विनय कुमार एवं विधायक, कांके विधानसभा, समरी लाल, विधायक, खिजरी विधानसभा, राजेश कच्छप, माननीय विधायक, मांडर विधानसभा, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक, तमा विधानसभा विकास मुंडा के प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा, सांसद(लोकसभा) रांची, संजय सेठ के प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू एवं सांसद (राज्य सभा) महुआ मांझी के प्रतिनिधि अभिजीत कुमार, सांसद, (राज्य सभा) आदित्य प्रसाद के प्रतिनिधि कौशल कुमार, सहायक परियोजना पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, अमर नाथ चौधरी और जिला खनन पदाधिकारी, संजीव कुमार एवं डीएम एफटी पीएमयू टीम, शामिल हुए। वर्ष 2023-24 में प्राथमिकता सेक्टर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कौशल विकास और महिला बाल विकास की योजनाओं को शामिल करने के निर्देश,



योजना के अंतर्गत अन्य प्राथमिकता के क्षेत्र में पथ पुलिया सिंचाई की योजना शामिल करने का निर्देश , रॉयल्टी की राशि से रांची जिला के खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन , जिला के दो खनन पट्टाधारी को नामित करने के प्रस्ताव पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश , इन 4-5 वर्षों में शिक्षा परियोजना में क्या-क्या कार्य हुए हैं इसकी सूची बनाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश ,उपायुक्त ने मैकलुस्कीगंज में डाकबंगला जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में नवनिर्माण कराया गया था उस नवनिर्मित भवन का उपयोग आजीविका सर्वजन के रूप में शुरू कर के इसकी उपयोगिता शुरू करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ताकि उक्त नवनिर्मित भवन का उपयोग स्थानिय युवक- युवतियों एवं महिलाओं को कौशल विकास एवं रोजगारन्मुख प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित हो सकें।

**Applications are Invited for the following Post**

Assistant professor for B.Ed. : Life Science (1) English (1)
Commerce (1) foundation (1) Music (1)

**Qualification :-** As per NCTE norms.
**Salary :-** As per University, State government or NCTE norms.
Send your resume along with x- erox copy of all documents and photo-graphs to the following address :-
**To,**
**The Pricipal, Elite Public B.Ed. College, Chianki, Daltonganj, Palamu, Jharkhand. Or** mail - elitepublicbedcollege@gmail.com on before 15th April 2023.
For more details you may contact :- 8949291612

**(Dr. Jagdamba Singh)**
**Principal**

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** बैंक ऑफ इंडिया आर सेटी. खूंटी के विभिन्न प्रखंडों से आये 35 प्रशिक्षुओं का 10 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षक राजेन्द्र सुंडी ने प्रशिक्षण दी जहाँ उन्होंने खेती बागवानी से संबंधी विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को ढृष्टक्र प्लांडू का क्षेत्र भ्रमण कराया गया जहाँ पर मल्चिंग द्वारा खेती तथा उनके लाभ एवं पौधों और सब्जियों को रोपने का सही तरीका एवं सही समय के संबंध में; ड्रिप इरीगेशन इत्यादि विषय में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान खेती सम्बंधी जानकारी मुख्यत- उन्नत बीजों और खाद के संबंध में, खेती में कीटनाशक के इस्तमाल के बारे में तथा मौसमी प्रभाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के अंत में सम्पूर्ण प्रशिक्षण का नेशनल अकादेमी ऑफ़ रुडसेटी से आये पी. के. सिंह देव और अशोक कुमार द्वारा मूल्यांकन और प्रमाणीकरण भी किया गया, जिसमें उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण के संबंध में व्यक्तिगत रूप से जानकारी ली गयी। इस दौरान प्रशिक्षक संकाय सुशील कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय से भी जुड़े सभी पहलुओं से अवगत कराया गया। आर सेटी निदेशक जशन कुजूर ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि जिले में सब्जी खेती बागवानी बेहतर अवसर हैं और यहाँ के किसान विभिन्न प्रकार की उन्नत खेती कर अपने आपको सुदृढ़ किया है। यहाँ ड्रैगन फरूट, स्ट्रॅाबेरी तथा अन्य की खेती कर किसान न सिर्फ अच्छी आमदनी कर रहे हैं बल्कि खूंटी जिला उदाहरण बन कर उभर रहा है। साथ ही उन्होंने

## विधायक अम्बा प्रसाद की कार का एक्सीडेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** शुक्रवार को चरही थाना अंतर्गत बोकारो नदी पुल के पास शाम के 5¬40 मिनट के आसपास बडकागांव विधायक की कार को पीछे चल रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी है। इस हादसे में फॉर्च्यूनर कार जेएच-02बीएफ-0909 का पीछे का बम्पर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कांग्रेस विधायक इस हादसे में पूरी तरह से सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार विधायक अम्बा प्रसाद अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी से हजारीबाग से रांची की ओर जा रही थी। इसी क्रम में किसी कारण अचानक पुल के पास गाड़ी को ब्रेक लगानी पड़ी, जिसके कारण पीछे से चल रही टाटा टिगोर जेएच-01डीएल-5980 कार संतुलन नही बना पाई और फॉर्च्यूनर कार के पीछे जोरदार तरीके से टकरा गई।



घटना में दूसरी वाहन टिगोर कार का बोनट भी मुड़ गया। वही घटना के तुरंत बाद ही आस-पास लोगो की काफी भीड़ इकट्ठा हो गयी। विधायक 15 से 20 मिनट रुकी और मानवता दिखाते हुए समझौता कर निकल गयी। इस दौरान कई लोगो ने उनके साथ सेल्फी भी लिया।

## सड़क पर आंदोलन करेगी कांग्रेस : सुरेश बैठा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** अडानी मामले को लेकर कांग्रेस कार्यालय खूंटी में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश बैठा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने पर लोकतंत्र खतरे में आ गया है जिसके लिए कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरकर



आंदोलन करेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा जिला सचिव सयूम मुंसारी रविकांत मिश्रा सोहेल अंसारी राजू पाशा मुरहू प्रखंड अध्यक्ष पौलुस पूर्ति मरियम आईद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अखंड हरिकीर्तन का भव्य समापन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरि प्रसाद चौक दुर्गा मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरिकृतं का भव्य समापन हुआ। लगातार भगवान का सुमिरन, पूजा, हवन के बाद महा प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यदुवीर सिंह, आर एस लाल, मनोज ठाकुर, मंदिर के पूजारी विमलेश पांडे, राजन साहु, विनोद अग्रवाल, पुनित अग्रवाल,, राजेश मिश्रा, राजनाथ पांडे, श्री दाम सिंह मुंडा, सतेंद्र यादव,मिंटू सिंह, राजा सिंह, गौतम सिंह इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला,अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड,राँची

पत्रांक– दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के निविदा आमंत्रण संख्या– **117/2022-23/RWD/RANCHI, दिनांक– 24.11.2022, PR NO.- 283342** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/ RANCHI/18/2022-23, RWD /RANCHI/21/2022-23** एवं **RWD/RANCHI/22/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294010 Rural Work Department(22-23).D

### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग
### मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के निविदा आमंत्रण संख्या– **224/2022-23/RWD/GUMLA,** दिनांक– **06.01.2023, PR NO.- 286889** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/GUMLA/11/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294006 Rural Work Department (22-23)_D

### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के निविदा आमंत्रण संख्या–**68/2022-23/RWD/RANCHI,** दिनांक–**20.10.2022, PR NO.- 280520** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/RANCHI/15/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.294001 Rural Work Department(22-23):D

### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के निविदा आमंत्रण संख्या– **44/2022-23/RWD/RANCHI,** दिनांक– **13.09.2022, PR NO.- 277688** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/RANCHI/01/2022-23, RWD/RANCHI/03/2022-23, RWD/RANCHI/04/2022-23, RWD/RANCHI/05/2022-23, RWD/RANCHI/06/2022-23** एवं **RWD/RANCHI/08/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 293999 Rural Work Department(22-23)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर

ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना

ई0 कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या जल संसाधन विभाग/कोनार नहर प्रमण्डल, गोदर/कोटेशन

01/2022–23 दिनांक 28/03/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Supply and Installation Furniture Goods under Konar Canal Division, Bagodar (Giridih). |
| 2 | अग्रधन की राशि | 2% of Quoted Amount. |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 30 ( तीस ) दिन। |
| 4 | वेबसाइट पर कोटेशन प्रकाशन की तिथि | 31.03.2023 को 11.00 AM बजे |
| 5 | अंतिम तिथि /बीड समर्पित करने का समय | 20.04.2023 को 05.00 PM बजे |
| 6 | अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने की अंतिम तिथि | 24.04.2023 को 05.00 PM बजे तक। |
| 7 | कोटेशन खोलने की तिथि | 26.04.2023 को 02.00 PM बजे |
| 8 | कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर। (गिरिडीह) पिनकोड 825322 |
| 9 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल नं0 | 8340285398 |
| 10 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–267462 |

**नोट:** केवल ई–कोटेशन ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेश जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकताहै।

कार्यपालक अभियंता,
कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर (गिरिडीह)।

PR.NO.293888 Water Resource(22-23):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| गु०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी जिला के खूँटी प्रखण्ड में सिल्डा कालामाटी पथ पर उरॉव मसना के पास कॉंची नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,00,87,700/– | 8,02,000/– | 10,000/– | 18 माह |
| 2 | खूँटी जिला के कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डुमरगड़ी के कोने बिरदा मुख्य पथ में बेलारी नाला पर पुल निर्माण। | 3,07,22,400/– | 6,14,500/– | 10,000/– | 18 माह |
| 3 | खूँटी जिला के तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत तिरला से पंडरिया जाने वाले पथ पर पंडरिया नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,65,37,500/– | 7,31,000/– | 10,000/– | 18 माह |
| 4 | खूँटी जिला के तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत टाटी नवाटोली इचा पथ पर टाटी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,60,61,800/– | 7,21,300/– | 10,000/– | 18 माह |
| 5 | खूँटी जिला अन्तर्गत अड़की प्रखण्ड के खेसारी बेड़ा से जोजो हातु पथ में बेड़ाहातु के पास मारंगलो नदी पर पुल निर्माण। | 4,43,41,100/– | 8,86,900/– | 10,000/– | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –12/04/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –25/04/2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–28.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक
5. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
1. जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी 2. जिला नियंत्रण कक्ष, राँचीं।
3 e-Procurment Cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
7. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29/04/2023 अपराह्न 2:00 बजे।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6201188328
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

PR 293936 Rural Development(22-23).D

### कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 46/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :– दिनांक 11/04/2023 एवं 12/04/2023(अपराह्न 2.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 13/04/2023. को (अपराह्न 1.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 13/04/2023 को अपराह्न 2.00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– DMFT/SCA मद

**कार्य की विवरणी**

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Boundary Wall Laying Paver Block At-District Girls Library Campus Gumla | गुमला | 2223000.00 | 5000.00 | 44500.00 | 3 माह |
| 2 | Construction of Pathway and Laying Paver Block, At-Mahatma Gandhi Park Campus, Block-Gumla, District-Gumla | गुमला | 2329500.00 | 5000.00 | 46600.00 | 3 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन गुमला जिले के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अकिंत राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में **सचिव, जिला परिषद, गुमला** के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। **बैंक ड्राफ्ट** निबंधित संवेदक के **बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा** एंव **बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।**
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री के साथ 2% अग्रधन की राशि का देना आवश्यक होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
7. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि पर परिमाण विपत्र का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर परिमाण विपत्र का 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला

PR 294133 Rural Development(22-23)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/HZB/38/2022-23**

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/38/01/2022-23 | हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी प्रखण्ड में मनातू पंचायत में ग्राम मसूरिया, लाजिदाग पहुंच मार्ग के गदुर विगवा नदी पर पुल निर्माण | 30989400.00 | 620000.00 | 10000.00 | 18 (अठारह) माह | RE-RDD/SD/HZB/19/2022-23 |
| 2 | RDD/SD/HZB/38/02/2022-23 | हजारीबाग जिला के प्रखण्ड बरकट्ठा अंतर्गत सलैया–बरकट्ठा के बीच (हाई स्कूल के पास) बरसोती नदी पर पुल निर्माण। | 26253400.00 | 526000.00 | 10000.00 | 18 (अठारह) माह | RDD/SD/HZB/20/2022 |
| 3 | RDD/SD/HZB/38/03/2022-23 | हजारीबाग जिला के प्रखंड बरकट्ठा अन्तर्गत बेडोकला–केन्दुआ–1 के बीच दुलकी नदी पर पुल निर्माण | 39879600.00 | 798000.00 | 10000.00 | 18 (अठारह) माह | RDD/SD/HZB/21/2022 |
| 4 | RDD/SD/HZB/38/04/2022-23 | हजारीबाग जिला के बरही बरही प्रखण्ड में पुरहरिया एवं पिपरा टोला के बीच पिपरा नदी पर पुल निर्माण। | 33898000.00 | 678000.00 | 10000.00 | 18 (अठारह) माह | RDD/SD/HZB/35/2022 |
| 5 | RDD/SD/HZB/38/05/2022-23 | हजारीबाग जिला के प्रखण्ड विष्णुगढ़ में ग्राम+पंचायत खरकी में सपमरवा एवं रंगामाटी के बीच बोरोनाला पर पुल निर्माण। | 31764100.00 | 636000.00 | 10000.00 | 18 (अठारह) माह | RDD/SD/HZB/36/2022-23 |

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 10.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 20.04.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
7. निविदा खोलने का स्थानः–e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – 25.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 293988 Rural Development(22-23)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/HZB/39/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **RDD/SD/HZB/39/01/2022-23** | प्रखण्ड केरेडारी में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह | RE-RDD/SD/HZB/04/01/2021-22 |
| 2 | **RDD/SD/HZB/39/02/2022-23** | प्रखण्ड सदर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह | RDD/SD/HZB/30/01/2022-23 |
| 3 | **RDD/SD/HZB/39/03/2022-23** | प्रखण्ड ईचाक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह | RDD/SD/HZB/30/02/2022-23 |
| 4 | **RDD/SD/HZB/39/04/2022-23** | प्रखण्ड कटकमसांडी में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह | RDD/SD/HZB/30/03/2022-23 |
| 5 | **RDD/SD/HZB/39/05/2022-23** | प्रखण्ड चुरचू मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह | RDD/SD/HZB/30/04/2022-23 |
| 6 | **RDD/SD/HZB/39/06/2022-23** | प्रखण्ड चौपारण में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह | RDD/SD/HZB/30/05/2022-23 |
| 7 | **RDD/SD/HZB/39/07/2022-23** | प्रखण्ड पदमा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह | RDD/SD/HZB/30/06/2022-23 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 10.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 20.04.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
7. निविदा खोलने का स्थानः–e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – 25.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
10.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435
11.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
12.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR293989 (Rural Development)22-23*D

# जमशेदपुर में कुछ अखाड़ा समितियों के विरोध के बीच रामनवमी विसर्जन जुलूस धूमधाम से संपन्न







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची थाना क्षेत्र स्थित आम बगान के पास से पुलिस द्वारा गुरुवार की रात श्री श्री बाल मंदिर अखाड़ा द्वारा झांकी निकाले जाने के लिए तैयार खड़े ट्रेलर को जब्त करने के विरोध के बीच शुक्रवार को पूर्व निर्धारित समय पर शहर में धूमधाम से रामनवमी का जुलूस निकाला गया। वहीं रामनवमी को लेकर शुक्रवार को कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा जमशेदपुर पहुंचे. उन्होंने शहर के संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. इधर, डीसी विजया जाधव और एसएसपी प्रभात कुमार साकची थाना परिसर स्थित सीसीआर कार्यालय में शहर भर में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से गतिविधि पर नजर रखे हुए थे. सीसीआर में बैठक कर शहर का जायजा लेते डीसी विजया जाधव और एसएसपी प्रभात कुमार. प्रमुख अखाड़ा समितियों द्वारा अखाड़ा नहीं निकालने के निर्णय को लेकर डीसी विजया जाधव ने कहा कि अखाड़ा नहीं निकालने की जानकारी उन्हें खबरों के माध्यम से मिली है. यह निर्णय खुद अखाड़ा समितियों ने सर्वसम्मति से लिया है. जहां तक बात है ट्रेलर को जब्त करने की तो यह निर्णय प्रशासन और केंद्रीय समितियों ने एक साथ लिया था. ट्रेलर को इसलिए बैन किया गया था, ताकि सड़कों पर ज्यादा भीड़ ना लगे। समाचार लिखे जाने तक जिला प्रशासन और विरोध कर रेहान अखाड़ा समितियों के बीच बातचीत जारी है।

## अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कल जमशेदपुर में

### कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरुम का करेंगी उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश के प्रमुख आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने बिष्टुपुर मेन रोड़ एसबी शॉप एरिया में नया शोरूम खोलने जा रहा हैं। झारखंड राज्य में यह दूसरा शोरूम शुरू है। इस शोरूम का उद्घाटन 2 अप्रैल रविवार को बॉलीवुड स्टार शिल्पा शेट्टी करेंगी। इस शोरूम के साथ ब्रांड इस प्रदेश के सबसे बड़े बाजार जमशेदपुर में प्रवेश करेगा। कल्याण ज्वैलर्स का नया शोरूम, इस क्षेत्र में अपने रिटेल फुटप्रिंट और परिचालन का विस्तार करने के लिए कंपनी की रणनीति का हिस्सा है, जिससे ग्राहकों को ब्रांड तक आसान पहुंच प्रदान की जा सके। इस शोरूम में कल्याण ज्वेलर्स के ज्वैलरी कलेक्शन के डिजाइनों की व्यापक रेंज पेश की जाएगी, जिसे विश्व स्तरीय माहौल में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इस शोरूम में 'कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट' लागू होगी, जो बाजार में सबसे कम है और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है। इस तरह ग्राहकों के लिए एक निर्बाध और सेवा-समर्थित खरीदारी अनुभव सुनिश्चित किया जाता है। शोरूम की लॉन्चिंग के अवसर पर एक यूनिक प्रमोशन के तहत कल्याण ज्वैलर्स पर कम से कम एक लाख रुपए की खरीदारी करने पर ग्राहकों को आधे खरीद मूल्य पर कोई भी मेकिंग चार्ज नहीं देना होगा। यह ऑफर सीमित अवधि के लिए ही मान्य है।

## मानहानी के मुकदमे में विधायक सरयू राय ने अपना बयान दर्ज कराया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने चाईबासा व्यवहार न्यायालय में जमशेदपुर, सिदगोड़ा निवासी भूपेन्द्र सिंह और टेल्को, ग्वाला बस्ती निवासी राकेश सिंह के विरूद्ध दर्ज किए गये मानहानी के मुकदमे में 31 मार्च, 2023 को अपना बयान न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के समक्ष कलमबद्ध कराया। विधायक सरयू राय का बयान अधिवक्ता अनिंदा मिश्रा और सौरभ सिन्हा की मौजुदगी में दर्ज किया गया। ज्ञातव्य है कि भूपेन्द्र सिंह एवं राकेश सिंह द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट कर विधायक श्री राय की ईमानदारी पर सवाल उठाया था और दावा किया था कि श्री राय ने 2015-19 के दौरान झारखंड सरकार में खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री रहते भ्रष्टाचार कर उससे अर्जित धन से आलीशान मकान बनवाया है। इससे क्षुब्ध होकर श्री राय ने राकेश सिंह और भूपेन्द्र सिंह को अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस जारी करते हुए या तो अपनी बात को साबित करने या सात दिनों में फेसबुक से पोस्ट हटाकर लिखित रूप से माफी मांगने का समय दिया था। परंतु भूपेन्द्र सिंह एवं राकेश सिंह के द्वारा न तो फेसबुक से पोस्ट हटाया गया और न ही कोई लिखित माफी मांगी गयी। बल्कि दोनों लोगों के द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से बयान जारी किया गया था। जिसके उपरांत श्री राय ने माननीय न्यायालय जमशेदपुर में अपना शिकायतबाद दाखिल किया था जो जनप्रतिनिधियों हेतु विशेष न्यायालय श्री ऋषि कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, चाईबासा के न्यायालय में हस्तांतरित कर दिया गया था।

## मां बासंती मंदिर में ब्राह्मण समाज के 40 बच्चों का हुआ व्रत उपनयन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां के बासंती मंदिर में श्री श्री 108 वां माँ बासंती पूजा समिति के ब्राहम्ण समाज के द्वारा आयोजित बासंती पूजा विजयादशमी के साथ संर्पन्न हो गई। पिछ्ले चार दिनो से चली आ रही पूजा अर्चना विजयादशमी पूजा के बाद मां की प्रतिमा को जलाशय में विसजित कर दिया गया। विजयादशमी के दिन ब्राहम्ण बालको का ब्रतोपनयन भी किया गया। इस वर्ष झारखंड,बिहार, उडिसा,पंश्चिम बगाल से आय 40 ब्राम्हण युवाओं का उपनयन (जेनवु) निःशुल्क की गई। उपनयन के बाद रूसीया गोमन यात्रा परंम्परा निभाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से ब्राहम्ण समाज के कामाख्या प्रसाद षांडगी, अंबुजाख्यो आचार्य, हरिशचन्द्र आचार्य, बिरोजा पति, सुकू पति, सुबोध पाणी, सुशील षांडगी, पंकज मिश्रा, विमला प्रसाद सांड़गी, रामकुमार सांड़गी, प्रवीन सांड़गी, सुजीत हांजरा, प्रितिरंजन नंदा, राजेश मिश्रा, जगन्नाथ पति आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

## जीण माता परिवार ने बांटा खिचडी का भोग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को रामनवमी अखाड़ा विसर्जन झंडा जुलूस के दौरान सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा साकची बाजार में खिचडी का भोग और ठंडा पानी का वितरण लगभग 4800 श्रद्धालुओं के बीच किया गया। इस अवसर पर जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल का संस्था द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुकेश मित्तल ने भी सेवा की। मौके पर संस्था के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव सुनील देबुका, शंभु खन्ना, विनोद खन्ना, प्रमोद खन्ना, श्याम खंडेलवाल, कमल अग्रवाल, चीटुं, मनीष खन्ना, मोहित शाह, आशीष खन्ना, अनन्त अग्रवाल, विजय बाजीया, ललीत अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, मनीष शर्मा, साकेत, अशोक खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील के वीपी सेफ्टी संजीव पॉल हुए सेवानिवृत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील के वीपी सेफ्टी संजीव पॉल आज सेवानिवृत हो गए है। वे करीब 37 साल तक टाटा स्टील में सेवा देने के बाद 31 मार्च उनका अंतिम कार्य दिवस था। उनकी जगह नये वीपी के तौर पर राजीव मंगल प्रभार लेंगे। राजीव मंगल को पहले से ही पदेन वीपी बना दिया गया था। राजीव मंगल एक अप्रैल से सेफ्टी, हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी का वीपी बनाया गया है। वे जुस्को के पहले एमडी रहे है और फिर वीपी कारपोरेट सर्विसेज के बाद टाटा मेटालिक्स के एमडी रहे है। टाटा मेटालिक्स में जाने के बाद टाटा स्टील के फिर से वीपी सेफ्टी बनाये गये, जिसके बाद उन्होंने नये रुप में काम करना टाटा स्टील में शुरू किया। संजीव पॉल ने यहां मीडिया से बातचीत में बताया कि वे 37 साल तक टाटा स्टील में सेवा कर चुके है। उन्होंने बताया कि उनका अनुभव काफी बेहतर रहा है और टाटा स्टील से बेहतर कोई कंपनी नहीं हो सकती है।



## बीआर चैरिटेबल मेडिकल ट्रस्ट ने निःशुल्क चेकअप कैम्प में 250 मरीजों का किया इलाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रसिद्ध चर्मरोग विशेषज्ञ डा. आरपी ठाकुर की छठवें पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को मनीफीट टीओपी के बगल में एन एडवांस स्कीन हॉस्पिटल में फ्री मेगा हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव ठाकुर, डॉ पल्लवी गौतम, डॉ मनोरमा सिद्देश, डॉ रेणु राय चौधरी, डॉ अजीत कुमार सिंह, डॉ अक्षय किर्ती, डॉ ओ पी ठाकुर, डॉ रोहीत झा एवं डॉ राजीव कुमार चिकित्सकों की टीम ने आये मरीजों का मुफ्त इलाज एवं मार्गदर्शन दिया और दवा भी फ्री दी गई। 250 से अधिक रोगियों का इलाज किया गया। इसमें सर्वाधिक मरीज चर्म रोग से संबंधित थे जिसमें खुजली फंगस इंफेक्शन आदि शामिल हैं। उक्त अवसर पर कांग्रेस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अजय कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, वर्तमान उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, कन्हैया सिंह एवं बी आर फैमिली से अखिलेश ठाकुर, तारकेश्वर ठाकुर सहित सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे। डॉ. राजीव ठाकुर ने बताया कि पिताजी डा. आर. पी. ठाकुर वैसे तो टीएमएच के वरीय चिकित्सक थे लेकिन जब भी उन्हें अवकाश मिलता था वे गरीबों और जरूरतमंदों का मुफ्त इलाज करते थे और लाचार लोगों के लिए मुफ्त दवा की व्यवस्था कर देते थे।

## जमशेदपुर के कई इलाकों में सड़कों पर बैठे अखाड़ा जुलूस के लोग, जिला प्रशासन के खिलाफ लगाए नारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में रामनवमी विसर्जन जुलूस को लेकर माहौल तल्ख है। कई स्थानों पर इसको लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ जबकि कुछेक इलाको में रामनवमी का विसर्जन जुलूस निकाला गया है।जमशेदपुर में पुलिस द्वारा कल ट्रेलर को जब्त करने के खिलाफ रामनवमी विसर्जन जुलूस को नहीं निकालने का फैसला लिया गया था जबकि शनिवार जमशेदपुर बंद का भी आह्वान किया गया है। साकची गोलचक्कर पर पहले तो कुछ लोगों की टोली आयी और प्रशासन हाय राय के नारे भी लगाये। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गयी। इस दौरान वहां से गुजर रहे सिटी एसपी के खिलाफ भी नारेबाजी की गयी। सोनारी में वीर मंच अखाड़ा ने जुलूस निकाल दिया था, लेकिन उसको वापस करा दिया गया। कई अखाड़ा समिति के लोगों ने रोड पर निकलने से इनकार कर दिया। जुगसलाई बाटा चौक पर अखाड़ा समिति के लोग रोड जाम करके बैठ गये है। लोगों का कहना है कि हिंदुओं के पर्व को प्रशासन निशाना बना रहा है। इस तरह की तुष्टिकरण वाले काम को किसी भी हाल में बरदाश्त नहीं किया जायेगा। इन लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

## झिमड़ी में रामनवमी पर किया गया शस्त्र प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी पंचायत के आदर्श ग्राम झिमड़ी में रामनवमी के उपलक्ष्य में जय बजरंगवली अखाड़ा में लाठी, तलवार ,सरिए के प्रदर्शन ग्रामीण युवकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों के संख्या में ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा, कार्यक्रम को शांतिपूर्ण व्यवस्था देने के लिए नीमडीह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता एवं पूरे पुलिस दल बल के साथ कार्यक्रम के समाप्ति तक मौजूद रहे। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मुखिया सरस्वती सिंह मुंडा, उप मुखिया विजय महतो, पंचायत समिति सदस्य पद्दालोचन महतो, ग्राम प्रधान अश्विनी कुमार, समाजसेवी सुबोध महतो, पाथर सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## पटमदा में शांतिपूर्वक विसर्जन जुलूस संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शुक्रवार की शाम को दशमी के मौके पर पटमदा के बेलटांड़ चौक स्थित महावीर अखाड़ा से हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक विसर्जन जुलूस निकाला गया। इस दौरान पारंपरिक साउंड सिस्टम व गाजे बाजे के साथ रामनवमी का झंडा एवं बासंती माता की प्रतिमा के विसर्जन हेतु जुलूस निकाला गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में कमेटी के सदस्य व श्रद्धालुओं ने भाग लिया और लाठी खेल का प्रदर्शन करते हुए जश्न मनाया। प्रतिमा का विसर्जन पटमदा के छोटा तालाब में कर दिया गया। जबकि सार्वजनिक श्री श्री रामकृष्ण मंदिर लावा की ओर से निकाले गए विसर्जन जुलूस में भी डीजे का प्रयोग नहीं हुआ और साउंड सिस्टम पिकअप वैन में ही लादा गया था। इस जुलूस में लावा के युवा संघ द्वारा हरि हाट के लिए स्थापित नव दुर्गा की प्रतिमाओं को भी शामिल किया गया था एवं देर शाम लावा के रांगाबांध तालाब में विसर्जित कर दिया गया। इससे पूर्व रामकृष्ण मंदिर अखाड़ा व महावीर अखाड़ा का जुलूस कुछ देर के लिए बेलटांड़ चौक में एक साथ हो गया और इस दौरान दोनों कमेटी के लोगों ने करतब दिखाते हुए जमकर डांस भी किया। जुलूस के दौरान पटमदा के अंचलाधिकारी चंद्रशेखर तिवारी, पटमदा के सर्किल इंस्पेक्टर हीरालाल महतो, पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक नरेश प्रसाद महतो समेत अन्य पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करते नजर आए। लावा के विसर्जन जुलूस में ग्राम प्रधान बृंदावन दास, हृदय कुंभकार, तपन गोराई, मंगल सिंह व परमेश्वर गोप आदि ने नेतृत्व किया। जबकि बेलटांड़ महावीर अखाड़ा के जुलूस में मुख्य रूप से महावीर महतो, मुचीराम बाउरी, प्रदीप कुमार, पोलटू मिश्रा, वंशी दास व दीपक महतो आदि ने नेतृत्व किया।

## उपायुक्त ने आदित्यपुर गम्हरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** रामनवमी के पर्व में विधी व्यवस्था संधारण को लेकर जिला दण्डधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल ने आज जिले के वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ आदित्यपुर गम्हरिया प्रखंड क्षेत्र के विभी अखाडा एवं मार्गीय क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने पूजा समिति एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस बल को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा सम्पन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिए। इस क्रम में उपायुक्त ने कहा कि रामनवमी के पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है. जिले के विभिन्न क्षेत्र में भर्मण हेतु वरीय पदाधिकारियों का प्रतिनियुक्ति किया गया है साथ ही सभी अखाडा एवं पूजा समिति के पास मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी प्रकार के हातहत ना हो। उपायुक्त ने कहा की सरायकेला खरसावां जिले में अबतक शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा सम्पन्न कराने का रीवाज रहा है अतः सभी पूजा समिति एवं पूजा में भाग लेने वाले लोगो आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेशो का अनुपालन कर प्रशासन का सहयोग करे। मौके पर अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला रामकृष्ण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गम्हरिया, अंचलधिकारी गम्हरिया, गोपनीय प्रभारी, थाना प्रभारी गम्हरिया एवं अन्य उपस्थित रहे।

## जेडब्ल्यूक्यूसी वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ज्वाइंट वर्क्स क्वालिटी कमेटी (जेडब्ल्यूक्यूसी), टाटा स्टील एंड टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट (टीक्यूएम) डिपार्टमेंट, टाटा स्टील ने संयुक्त रूप से 29 मार्च को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में जेडब्ल्यूक्यूसी एनुअल रिकॉग्निशन फंक्शन का आयोजन किया। इस आयोजन ने स्मॉल ग्रुप एक्टिविटीज, मास, दैनिक प्रबंधन, 5एस और विजुअल वर्कप्लेस मैनेजमेंट में कर्मचारियों और विभागों के योगदान को सम्मानित किया। 60 विजेता टीमों को मुख्य अतिथि, टी.वी. नरेंद्रन, सीईओ एवं प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील और विशिष्ट अतिथि, संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जेडब्ल्यूक्यूसी के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने दिया। उन्होंने गेम्बा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया, जो इस साल के जेडब्ल्यूक्यूसी इवेंट की थीम थी। टी.वी. नरेंद्रन, जो जेडब्ल्यूक्यूसी वार्षिक सम्मान समारोह में कर्मचारियों और उनके जीवनसाथी की उत्साहजनक भागीदारी को देखकर खुश थे, उन्होंने इस बात के महत्व पर बात कि कैसे आंतरिक चुनौतियों की पहचान और एजिलिटी के साथ उन पर काबू पाना पिछले कुछ वर्षों में टाटा स्टील की सफलता के मूल में रहा है।

## टाटा स्टील ने शहरवासियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बैडमिंटन ट्रेनिंग सेन्टर किया समर्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** खेल को जीवन जीने का एक तरीका के रूप में बढ़ावा देते हुए, टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपग्रेडेड अत्याधुनिक टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेन्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर टी वी नरेंद्रन, सीईओ एवं प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील, ने मुख्य अतिथि के रूप में चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और रितुराज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (ञस्ढ्रस्रु), प्रणय सिन्हा, चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज (जमशेदपुर), टाटा स्टील, और मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, टीएफए एंड स्पोर्ट्स, टाटा स्टील की उपस्थिति में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्नत बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र अब अंतरराष्ट्रीय मानक प्रकाश व्यवस्था के साथ 5 सिंथेटिक सतह कोर्ट से सुसज्जित है। इस सुविधा में दो वातानुकूलित कोर्ट भी शामिल हैं। इसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम हैं, जो सभी खिलाड़ियों के लिए सर्वोत्तम संभव अनुभव सुनिश्चित करते हैं। नव निर्मित सुविधा अब शहर में राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट की मेजबानी का मार्ग प्रशस्त करेगी। टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर सभी खेल प्रेमियों के लिए बेहतरीन माहौल प्रदान करने के लिए तैयार है। वर्तमान में, टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेन्टर में कुल 491 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। टाटा स्टील खेलों की प्रबल समर्थक है और कल के एथलीटों को विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधा प्रदान करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

## कभी सेवानिवृत नहीं होते हैं शिक्षक : करम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के रुगुडीह पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गिरुपानी विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक प्रताप सिंह देहरी ने सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने कहा कि शिक्षक को राष्ट्र निर्माता की उपाधि दी गई है। हम देहरी से आग्रह करेंगे कि वह सेवानिवृत्त के बाद भी छात्र छात्राओं को शिक्षा दान करते रहेंगे। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। जिससे समाज सशक्त और मजबूत होता है। शिक्षक समाज सुधाकर होते हैं। विदाई समारोह में मुख्य रूप से मुखिया करम सिंह मुंडा, बीपीओ नाथो महतो, आदि थे।

संपादकीय

## बड़े आईनों में छोटी छवि

बड़े आईने में छोटी तस्वीर की शिकायत न हो, तो छोटे हस्ताक्षर को कौन पढ़ेगा। हिमाचल विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हुई बहस का एक अर्थ तो यही कि पिछले काफी समय से हिमाचल ने आईने तो बड़े कर लिए, लेकिन इनके भीतर अपनी छोटी होती छवि पर गौर नहीं किया। पूर्व में स्वास्थ्य मंत्री रहे विपिन सिंह परमार ने चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक पदों की रिक्तियों को भरने की आवश्यकता पर बल देते हुए यहां तक कहा कि सारा तकनीकी विकास गौण हो जाएगा अगर मानव संसाधन रेखांकित नहीं हुए। यह दीगर है कि सुक्खू सरकार कुछ मेडिकल कालेजों का हुलिया बदलने के लिए रोबोटिक सर्जरी का तमगा पेश कर चुकी है और यह भी कि हर विधानसभा क्षेत्र के किसी एक चिकित्सा संस्थान को 'आदर्श' बनाने के लिए सुविधाओं, उपकरणों व आवश्यक पदों में विस्तार करना चाहती है। एम्सजैसी सेवाओं की नई व्याख्या भी हो रही है, लेकिन चिकित्सा विभाग की अब तक की दौड़ अपने ना तो मंजिल, न उपलब्धि और न ही गुणवत्ता पेश कर सकी। प्रदेश में ओपीडी की भीड़ एक संस्थान से दूसरे तक ट्रांसफर जरूर हो रही है, लेकिन अतीत के जिला अस्पताल अब निरर्थक हो चुके हैं, जबकि मेडिकल कालेज पूरे प्रदेश के विश्वास को अर्जित करने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं। ऐसे में मेडिकल संस्थानों के विस्तार ने केवल पद, प्रमोशन और सियासी पदवियां ही पैदा की हैं, जबकि तरक्की तो संस्थानों में कार्य संस्कृति की होनी चाहिए थी। यह इसलिए भी कि मेडिकल सेवाओं का विस्तार केवल मेडिकल कालेजों की संख्या को बढ़ाते-बढ़ाते विभाग के आधारभूत ढांचे को नंगा व कमजोर कर गया। हिमाचल की चिकित्सकीय सेवाओं में जब तक 'रिस्पांस सिस्टम' विकसित नहीं होता, मरीजों की देखभाल के बजाय सियासी देखभाल में नए संस्थान यूं ही जन्म लेते रहेंगे। आईजीएमसी के बाद टीएमसी के वजूद में जान डालने के लिए न केवल धर्मशाला का जोनल अस्पताल कुर्बान हुआ, बल्कि आसपास के दायरे में कई अन्य चिकित्सा संस्थान भी शहीद हो गए। इसके बाद हर तरह की सियासत और सत्ता को चिकित्सा क्षेत्र में मेडिकल कालेज के नाम पर जमूरा चाहिए था, तो फिर वह नए मेडिकल कालेजों की खेती में नेरचौक मेडिकल कालेज ने सर्वप्रथम मंडी के जोनल अस्पताल से फेफड़े छीन लिए और फिर यह परिक्रमा नाहन, हमीरपुर और चंबा के मेडिकल कालेजों से होते हुए बिलासपुर के एम्स और ऊना के पीजीआई सेटेलाइट सेंटर तक जा पहुंची। टीएमसी से छीने गए डाक्टर चंबा को ताकत नहीं दे पाए, तो भी यह कारवां आगे बढ़ कर नेरचौक, हमीरपुर और नाहन को सीने से लगाने लगा और अब यही आजमाइश एम्स की रिक्तियां भरने लगी है। यानी एक परिसर को विकसित करने की कीमत अदा करते हुए न जाने कितने चिकित्सा संस्थान दफन हो गए। इससे एक बुरी परिपाटी यह भी सामने आई कि प्रदेश में सरकारी चिकित्सा का पूरा ढांचा केवल 'रैफरल मोड' पर रहता है। धर्मशाला में कभी जिला स्तर का अस्पताल चंबा, हमीरपुर व ऊना के अलावा मंडी के कुछ क्षेत्रों को संतोषजनक सुविधाएं प्रदान करता था, लेकिन आज की तारीख में यह घोर निराशा का प्रतीक है। मंडी का जोनल अस्पताल अगर कमजोर हुआ तो इसकी मुख्य वजह नेरचौक में मेडिकल कालेज की स्थापना है। इसी तरह कितने ही सिविल अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी या डिस्पेंसरियां गैर जिम्मेदाराना ढंग से चल रही हैं, जिसे हम मेडिकल कालेजों के शोर में नहीं दबा सकते। आज की तारीख में अगर हर छोटा बड़ा शहर या कस्बा अगर निजी अस्पतालों की शरण में खुद को सुरक्षित मान रहा है, तो सरकारी चिकित्सा सेवाओं का ढर्रा बदलने की आवश्यकता है। हर शहर को एक उन्नत व सुविधा संपन्न अस्पताल की जरूरत है, जहां आवश्यक स्टॉफ उपलब्ध हो। जाहिर है सुक्खू सरकार के 'आदर्श अस्पताल' इस दिशा में जनता का विश्वास अर्जित करते हुए इस मांग को पूरा कर सकते हैं, बशर्ते आवश्यक सेवाओं के लिए आवश्यक स्टॉफ चौबीस घंटे सेवा दे सके। इसी के साथ सरकार को शिमला, मंडी व धर्मशाला के जोनल अस्पतालों के साथ-साथ तमाम क्षेत्रीय अस्पतालों में अतिरिक्त पदों का सृजन करते हुए इन्हें किसी न किसी रोग विशेष के राज्य स्तरीय अस्पताल का दर्जा देना चाहिए। हिमाचल में बहुत योग्य डाक्टर व तमाम मेडिकल स्टॉफ उपलब्ध है, लेकिन स्थानांतरण नीति या राजनीतिक दखल से ऐसे व्यक्तियों के कौशल की अनदेखी हो रही है। जिस तरह दो साल के भीतर अध्यापकों की ट्रांसफर पर प्रतिबंध लगाने का सरकार सोच रही है।

> प्रदेश में ओपीडी की भीड़ एक संस्थान से दूसरे तक ट्रांसफर जरूर हो रही है, लेकिन अतीत के जिला अस्पताल अब निरर्थक हो चुके हैं, जबकि मेडिकल कालेज पूरे प्रदेश के विश्वास को अर्जित करने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं। ऐसे में मेडिकल संस्थानों के विस्तार ने केवल पद, प्रमोशन और सियासी पदवियां ही पैदा की हैं,जबकि तरक्की तो संस्थानों में कार्य संस्कृति की होनी चाहिए थी। यह इसलिए भी कि मेडिकल सेवाओं का विस्तार केवल मेडिकल कालेजों की संख्या को बढ़ाते-बढ़ाते विभाग के आधारभूत ढांचे को नंगा व कमजोर कर गया। हिमाचल की चिकित्सकीय सेवाओं में जब तक 'रिस्पांस सिस्टम' विकसित नहीं होता, मरीजों की देखभाल के बजाय सियासी देखभाल में नए संस्थान यूं ही जन्म लेते रहेंगे। आईजीएमसी के बाद टीएमसी के वजूद में जान डालने के लिए न केवल धर्मशाला का जोनल अस्पताल कुर्बान हुआ।

# कृषि-वानिकी के क्षेत्र में क्रांति हेतु वन संरक्षण अधिनियम एवं विनियमों में उदारीकरण की प्रक्रिया


**डॉ. रमेश चंद**
सदस्य नीति आयोग


वानिकी, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का एक अंग है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में चार खंड शामिल हैं- फसलें, पशुधन, मात्स्यकी और वानिकी। इन चार खंडों में से पहले तीन खंड हरित क्रांति, श्वेत क्रांति और नीली क्रांति आदि जैसी क्रांतियों के गवाह रहे हैं। इन क्रांतियों के कारण पिछले 50 वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 3.05 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई। जबकि वानिकी के उत्पादन में प्रति वर्ष महज 0.54 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। वानिकी क्षेत्र की यह वृद्धि जनसंख्या में होने वाली वृद्धि दर का एक तिहाई भी नहीं है। आर्थिक और इकोलॉजी की दृष्टि से इसके बेहद गंभीर नतीजे हुए। देश में उत्पादित लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पादों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में भारी गिरावट आई और भारत को लकड़ी व लकड़ी के उत्पादों की घरेलू मांग के बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करना पड़ा। वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं।वानिकी का उत्पादन तीन स्रोतों पर निर्भर है। ये स्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है। इन क्षेत्रों में वनोपज, विशेषकर लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के व्यावसायिक निष्कर्षण पर प्रतिबंध या रोक लगाने के पीछे कुछ तर्क हैं। हालांकि आर्थिक विकास, पर्यावरण, इकोलॉजी और स्थिरता से संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इस वन क्षेत्र के बाहर वानिकी और पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने की काफी संभावनाएं हैं। सबसे बड़ी संभावना कृषि भूमि पर है, जहां कृषि वानिकी को अपनाकर इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। कुल कृषि योग्य भूमि में से 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि परती पड़ी रहती है। यह देश में वनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि से अधिक है। भारत में 12 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य बंजर भूमि भी उपलब्ध है। परती भूमि, कृषि योग्य बंजर भूमि और खेत की सीमाओं पर पेड़ उगाने की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में, वानिकी वृक्षारोपण के तहत निजी गैर-वन भूमि के बहुत छोटे से हिस्से को कवर किया जाता है और वहां पेड़ों की अधिकांश प्रजातियां नैसर्गिक रूप से ही उगती हैं। वे लकड़ी की घरेलू मांग को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत बड़ी मात्रा में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात कर रहा है। इस आयात में 2018-19 तक वृद्धि का रुझान दिखाई देता रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात 6126 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 42841 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। वृक्षारोपण और कृषि-वानिकी में बहुत कम रुचि होने के पीछे के कारणों के गहन परीक्षण की आवश्यकता है। देश में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों की मांग में कोई कमी नहीं आई है। इनकी मांग बढ़ने से कीमतें दिनों-दिन बढ़ रही हैं और इनका आयात भी बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था। इस बीच देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वन नीति 1988 और राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति 2014 लागू की गई। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 नवंबर, 2014 को राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को ÷वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों के लिए कटाई और पारगमन नियमन÷ के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में पेड़ों की कटाई के लिए किसी भी प्रतिबंध से मुक्त प्रजातियों की सूची और निजी भूमि पर उगने वाले वृक्षों की प्रजातियों के लिए उदार पारगमन नियम का स्पष्ट उल्लेख किया गया। इसके बाद, इस मामले को नीति आयोग द्वारा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित सुधारों के एक भाग के रूप में राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के समक्ष उठाया गया। कुछ राज्यों ने केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए अपनी ओर से अधिसूचनाएं जारी कीं। किंतु, अधिकांश राज्यों में इनका सक्रियतापूर्वक अनुपालन नहीं किया गया।निजी भूमि पर उगाए गए पेड़ों की कटाई और पारगमन पर प्रतिबंधों को सीमित तौर पर उदार बनाए जाने से वानिकी के उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में काफी कमी हुई। निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों की कटाई पर प्रतिबंध में छूट की अधिसूचना के एक साल बाद, वन क्षेत्र का उत्पादन लगातार तीन वर्षों के लिए 5 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। 1950-51 से ऐसा कभी नहीं हुआ। इसी तरह, 2014-15 के बाद दो वर्षों के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आई और उसके बाद की अवधि में आयात में वृद्धि होने के बजाय उतार-चढ़ाव होता रहा। स्थानीय रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि देश में कुछ इलाकों में चिनार जैसी कृषि वानिकी प्रजातियों के रकबे में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि, पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध हटाने की जानकारी देश के बड़े हिस्से में नहीं पहुंच पाई है। इस जानकारी को गांव के स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। भारत में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए देश में पेड़ों की कटाई और पेड़ों के उत्पादों की आवाजाही को प्रतिबंध से पूरी तरह मुक्त बनाने की भी आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी के वर्तमान समय में, उत्पाद की आपूर्ति के स्रोतों, यानी- भूमि या निजी भूमि - का पता लगाने के उपाय उपलब्ध हैं।पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के त्वरित और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादन हेतु अब तकनीकी विकल्प उपलब्ध हैं। हालांकि, विभिन्न प्रकार के विनियामक प्रतिबंधों के कारण पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के बाजार बेहद ही अविकसित हैं। यदि इन बाधाओं को हटा दिया जाए, तो कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के अन्य तीन उप-क्षेत्रों की तरह ही वानिकी क्षेत्र में भी ÷भूरी क्रांति÷ की अपार संभावनाएं हैं।

# सुरक्षा कानून और असुरक्षित उपभोक्ता

> प्रत्येक व्यक्ति, जो मूल्य देकर किसी वस्तु या सेवा का क्रय करता है, वह उपभोक्ता है, चाहे उसकी आयु, लिंग, वव्यसाय, समुदाय तथा धार्मिक विचारधारा कुछ भी हो ।उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र की भावना के अनुरूप बहुत से देशों में उपभोक्ता संरक्षण कानून बनाए गए हैं। भारत में भी 1986 में पहली बार उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया। इससे पहले उपभोक्ताओं को किसी एक कानून के अंतर्गत सुरक्षा नहीं मिलती थी ।इस अधिनियम के अंतर्गत उपभोक्ताओं हितों की सुरक्षा की दृष्टि से पहली बार उनके कुछ मूलभूत अधिकार शामिल किए गए। वर्ष 2019 में नए व्यावसायिक पविरेश को देखते हुए 1986 के कानून में व्यापक पविर्तन करते हुए उसके स्थान पर एक नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2वर्ष 1986 में जब पहली बार उपभोक्ता कानून लागू किया गया था, तब उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्त कराने के मकसद से उपभोक्ता अधिकारों को सुदृढ़ किया गया था। नए कानून में भी उपभोक्ता के अधिकारों का दायरा बढ़ाते हुए जो अधिकार शामिल किए गए, उनमें (क) ऐसे माल, उत्पाद या सेवाएं, जो व्यक्ति के जीवन और संपत्ति के लिए हानिकारक हैं।

इस कानून के अंतर्गत मिले अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में अगर हम आम उपभोक्ता की स्थिति जानने का प्रयास करें, तो लगेगा कि अधिकतर मामलों में उपभोक्ता के अधिकारों का हनन ही होता है। व्यवसाय और उद्योग जगत, सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों और संस्थाओं द्वारा नित नए तरीके से उपभोक्ताओं के शोषण का रास्ता निकाला जाता है। व्यावसायिक जगत में यह मान्यता प्रचलित है कि उपभोक्ता बादशाह होता है। मगर आज के दौर में वह कितना बड़ा और प्रभावी बादशाह रह गया है, यह विचारणीय सवाल है। प्रत्येक व्यक्ति, जो मूल्य देकर किसी वस्तु या सेवा का क्रय करता है, वह उपभोक्ता है, चाहे उसकी आयु, लिंग, व्यवसाय, समुदाय तथा धार्मिक विचारधारा कुछ भी हो। उपभोक्ता के अधिकारों के सरंक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र की भावना के अनुरूप बहुत से देशों में उपभोक्ता संरक्षण कानून बनाए गए हैं। भारत में भी 1986 में पहली बार उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया। इससे पहले उपभोक्ताओं को किसी एक कानून के अंतर्गत सुरक्षा नहीं मिलती थी। इस अधिनियम के अंतर्गत उपभोक्ताओं हितों की सुरक्षा की दृष्टि से पहली बार उनके कुछ मूलभूत अधिकार शामिल किए गए। वर्ष 2019 में नए व्यावसायिक परिवेश को देखते हुए 1986 के कानून में व्यापक परिवर्तन करते हुए उसके स्थान पर एक नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2वर्ष 1986 में जब पहली बार उपभोक्ता कानून लागू किया गया था, तब उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्त कराने के मकसद से उपभोक्ता अधिकारों को सुदृढ़ किया गया था। नए कानून में भी उपभोक्ता के अधिकारों का दायरा बढ़ाते हुए जो अधिकार शामिल किए गए, उनमें (क) ऐसे माल, उत्पाद या सेवाएं, जो व्यक्ति के जीवन और संपत्ति के लिए हानिकारक हैं, उनके विपणन के विरुद्ध सरंक्षण पाने का अधिकार (ख) माल उत्पाद या सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और कीमत के विषय में सूचना प्राप्त करने का अधिकार (ग) उपभोक्ता को विक्रय किए जाने का विभिन्न प्रकार के माल, उत्पादों या सेवाओं तक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पहुंच का अधिकार (घ) अगर माल, उत्पाद या सेवा में किसी प्रकार की त्रुटी या कमी है तो उसकी शिकायत सुने जाने और उपयुक्त मंच पर उसकी शिकायत का समाधान पाने के अधिकार को संरक्षित किया गया। (च) अगर व्यवसायी द्वारा अनुचित व्यापार व्यवहार से उपभोक्ताओं का अनैतिक शोषण किया जाता है, तो उसके विरुद्ध समुचित उपचार प्राप्त करने का अधिकार और (छ) उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता से जुड़े अधिकार प्रमुख हैं। इस कानून के अंतर्गत मिले अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में अगर हम आम उपभोक्ता की स्थिति जानने का प्रयास करें, तो लगेगा कि अधिकतर मामलों में उपभोक्ता के अधिकारों का हनन ही होता है। व्यवसाय और उद्योग जगत, सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों और संस्थाओं द्वारा नित नए तरीके से उपभोक्ताओं के शोषण का रास्ता निकाला जाता है। ई-कामर्स कंपनियां, जो आनलाइन विक्रय का काम करती हैं, वे इस कानून की अस्पष्टता का भरपूर लाभ उठाते हुए उपभोक्ताओं को लूटने की कोशिश करती हैं। इन कंपनियों द्वारा विज्ञापन में दिखाया गया माल नहीं भेजना, नकली माल देना, ज्यादा पैसे वसूल करना, पैसा वापसी की गारंटी होने के बावजूद माल वापस लौटाने पर भुगतान की गई राशि को वापस न लौटाना, पुराना और टूटा-फूटा माल भेजना, तकनीकी खामियों वाला माल भेजना जैसी शिकायतें आम हैं। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं। आजकल आनलाइन गेम्स के बहुत से ऐप्प आ गए हैं, बड़ी-बड़ी नामचीन हस्तियां इनका विज्ञापन भी करती हैं। इनके माध्यम से लोगों को जुए की लत लग रही है। कई बार ऐप्प के माध्यम से किए जाने वाले लेन-देन की सूचनाओं के आधार पर लोगों के बैंक खाते से रकम उड़ाने की खबरें भी आती रहती हैं। आनलाइन बिक्री करने वाले घुटनों के दर्द का रामबाण इलाज, कद बढ़ाने, यौन शक्ति बढ़ाने, विभिन्न तंत्र-मंत्र वाली अंगूठियों, लाकेट, विभिन्न राशि वाले नगों आदि के विज्ञापन भी देते रहते हैं। इनके आधार पर किए गए लेन-देन में ज्यादातर मामलों में उपभोक्ता ठगी का शिकार हो ही जाता है। इनके अलावा भी उपभोक्ताओं की परेशानियां कम नहीं हैं। खाद्य पदार्थों में सेहत के लिए नुकसानदेह माने जाने वाले पदार्थ मिलाकर बेचना एक आम प्रवृत्ति बन चुकी है। दूध में से मलाई यानी 'फैट' निकाल लिया जाता है, जिससे उसकी गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ता है। वस्तुओं की पैकिंग पर दी गई जानकारी से अलग सामग्री पैकेट के भीतर रखना, बिक्री के बाद गारंटी और वारंटी के अनुरूप समुचित सेवाएं न देना, अनुचित रूप से दोषयुक्त वस्तुओं की आपूर्ति करना, सही कीमत की जानकारी न देकर शर्तें लागू जैसी बातें लिख कर सुविधाएं सीमित करना या उनसे बचना, वस्तुओं के वजन और माप-तोल में झूठे या निम्न स्तर के साधन इस्तेमाल करना आदि बातें आम हैं। कहने को तो उपयुक्त मंचों पर उपभोक्ता को शिकायत करने और उसका समाधान पाने का अधिकार है, लेकिन ये मंच भी न्यायालयों की तरह कार्य करते हैं। इनमें भी गवाह, सबूत आदि की प्रक्रिया चलती रहती है। महीनों, सालों तक लंबी कार्यवाही चलती है, उसके बाद भी न्याय मिले, इस बात की गारंटी नहीं होती। हालांकि इन मंचों पर उपभोक्ता अपनी पैरवी खुद कर सकता है, लेकिन आम उपभोक्ता को न तो कानून की जानकारी होती है और न ही अपनी पैरवी के लिए अदालतों के चक्कर लगाने का समय होता है। मंचों पर पैरवी के लिए वकील आदि की सेवाएं लेने पर कई बार वकीलों की फीस और अन्य खर्च वस्तु की कीमत से ज्यादा हो जाता है। ग्राहक सामान्यतया वस्तु खरीदते समय रसीद नहीं लेता, अगर मांगता भी है तो विक्रेता द्वारा देने में आनाकानी की जाती है। कर जोड़ने का भय दिखाया जाता है। रसीद न होने की दशा में उपभोक्ता चाह कर भी मंच के माध्यम से अपने शोषण के विरुद्ध उपचार प्राप्त नहीं कर सकता। अधिनियम में उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार भी है, लेकिन सरकार द्वारा आम उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के प्रयास नगण्य ही हैं। उपभोक्ता की जागरूकता के लिए किए जाने वाले आयोजन, मसलन उपभोक्ता दिवस, उपभोक्ता अधिकार दिवस आदि, भी मनाने की औपचारिकता मात्र बन कर रह जाते हैं।



कुछ अलग

## बेटियों के 'चैम्पियन' मुक्के

भारत की बेटियों ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। इतिहास रचे हैं। औरत से जुड़े प्राचीन, लैंगिक मिथक भी भंग किए हैं। मुक्केबाजी सरीखे प्रहारक और कठोर खेल को नये आसमान, नई प्रासंगिकता दी है। मैरी कोम की एक सशक्त और विजेता पीढ़ी तैयार की है। नीतू घंघास, निकहत ज़रीन, स्वीटी बूरा और लवलीना बोरगोहन आज मुक्केबाजी की 'विश्व चैम्पियन' हैं। उन्होंने क्रमशः 48, 50, 70-75 और 81 किलोग्राम भार-वर्ग में विश्व महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के 'स्वर्ण पदक' हासिल किए हैं। ये पदक अनूठे, अद्भुत, अभूतपूर्व और ताकत के प्रतीक हैं। कभी कल्पना ही की जा सकती थी कि हमारी बेटियां विश्व स्तर पर मुक्केबाजी के खेल में ऐसी बुलंदियां भी छू पाएंगी, लेकिन आज यथार्थ सामने है। राजधानी दिल्ली के उसी स्टेडियम में ये चारों बेटियां 'विश्व चैम्पियन' बनीं, जहां करीब पांच साल पहले छह बार की विश्व चैम्पियन मैरी कोम ने खेल को 'भावुक अलविदा' कहा था। शायद तब सवाल और संशय रहा होगा कि मैरी कोम का 'शून्य' कौन भरेगा? महिला मुक्केबाजी सुरक्षित रह पाएगी अथवा नहीं? लेकिन एक नहीं, चार बेटियों के 'चैम्पियन मुक्कों' ने साबित कर दिया कि खेल आज भी सुरक्षित मु_यिों में बंद है। मैरी कोम की पीढ़ी भी 'विश्व चैम्पियन' है। जिस दौर में मैरी कोम ने मुक्कों का यह खेल शुरू किया था, सामाजिक प्रताडऩाएं और औरत-विरोधी सोच उन्हें भी झेलनी पड़ी थीं। सानिया मिर्जा, सायना नेहवाल, पीवी सिंधु, मीराबाई चानू और महिला पहलवानों ने भी अनेक फिकरे सुने, पोशाक तक पर सवाल किए गए, संस्कृति और परंपराओं के पतन की बातें सुननी पड़ीं, लेकिन ये तमाम खिलाड़ी 'विश्व चैम्पियन' स्तर के रहे हैं। जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर 'राष्ट्र गान' की धुन बजती है और 'तिरंगा' सम्मानित होता है, तो लैंगिक रूढ़िवाद के कई मिथक टूटते हैं। आज खेल में लैंगिक विभेद के आधार पर विश्लेषण नहीं किए जा सकते। हैदराबाद क्षेत्र की मुस्लिम लडक़ी निकहत ज़रीन 50 किलो के भार-वर्ग में लगातार दूसरी बार 'विश्व चैम्पियन' बनी हैं। मैरी कोम के बाद ज़रीन ने ही यह उपलब्धि, बुलंदी हासिल की है। घर में तीन बहनें और भी हैं और अब्बू सिर्फ एक सेल्समैन हैं। सामाजिक के साथ-साथ आर्थिक बंदिशें भी रही हैं। उन विसंगतियों के बावजूद ज़रीन दोबारा 'विश्व चैम्पियन' बनी हैं। अपने खिताब की राशि से वह अपने माता-पिता को 'उमराह' को भेजना चाहती हैं, लिहाजा ज़रीन की मानसिक और भावनात्मक व्यापकता की प्रशंसा की जानी चाहिए। ज़रीन ने कॉमनवेल्थ गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीता था। नीतू घंघास तो मात्र 22 साल की हैं। उनका भार-वर्ग 48 किलो का है, जिसमें मैरी कोम 'विश्व चैम्पियन' बनी थीं। ओलंपिक पदक भी जीता था। लवलीना की पृष्ठभूमि भी कम दयनीय नहीं है, लेकिन उसने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर अपना माद्दा, हुनर साफ़ कर दिया था। वह पहली बार 70-75 किलो भार-वर्ग में 'विश्व चैम्पियन' बनी हैं। स्वीटी बूरी मैरी कोम की तरह विवाहित हैं, लेकिन उनके मुक्कों की बौछार, ताकत, निशाना बिलकुल नहीं भटके हैं। लवलीना और मैरी कोम में एक साझा तथ्य यह है कि दोनों पूर्वोत्तर से आती हैं और भारत का गौरव बढ़ा रही हैं।

नागरिक बोध

## जान के दुश्मन बनते आवारा कुत्ते

कुत्तों का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। यह उनके कल्याण के लिए जिम्मेदार होने की नैतिक दुविधा इंसान के सामने पैदा करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं क्योंकि कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है, तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है, तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और अधिनियम की धारा 38 के तहत अधिनियमित नियमों, विशेष रूप से पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के तहत संरक्षित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति, आरडब्ल्यूए, या संपत्ति प्रबंधन के लिए अवैध बनाता है कुत्तों को हटाना या स्थानांतरित करना। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15% को ही टीका लगाया गया है। भारत की आवारा आबादी बहुत बड़ी है, गोद लेने की गति बहुत धीमी और सीमित है क्योंकि बहुत से लोग केवल विदेशी नस्ल के कुत्ते ही चाहते हैं। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 (अद्यतन किया जा रहा है) का उद्देश्य आवारा पशुओं की आबादी को सीमित करना है लेकिन सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार में इनका कोई लाभ नहीं होता। प्रस्तावित मसौदा नियम, या पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022, नसबंदी और टीकाकरण में केवल प्रक्रियात्मक बदलावों को सामने रखते हैं, केवल "लाइलाज बीमार और घातक रूप से घायल" कुत्तों को ही मारने की इजाजत देते हैं, और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को अपने इलाके के में आवारा जानवरों को खिलाने का जिम्मेदार मानते हैं।

देश दुनीया से

## फिर बैतलवा डाल पर

लगा था इस बार शायद ऐसा नहीं होगा। पौन सदी कम नहीं होती। आदमी की ज़िंदगी हो तो इसमें लगभग खप ही जाती है। देश की हो तो भी उसे उसका रोशन काल नहीं कह सकते। अव्वल तो इनसे मिलने का मौका ही नहीं मिलता। प्रायः वह अपने हवाई मीनार में रहते हैं और इस सडक़ पर इनके मीनार को देखते हुए कि नहीं इस बार सपनों का शहज़ादा अवश्य अपने घोड़े से उतर आएगा। हमारे गदौ गुब्बार में हमारे अंग-संग चलेगा। हमारे दर्द को अपने गले से लगाएगा। हम इक चल कर इन टूटी-फूटी सडक़ों या रास्ता भूली पगडंडियों की जगह एक नए जनपथ का निर्माण कर सकें। इस पर सबको बराबर-बराबर चलने का हक होगा। इस पौन सदी में हमने हर जनपथ को शार्टकट बना सफलता लेने की पगडंडी में बदलते देखा है। इस पगडंडी का रास्ता कूड़े के उपलों पर नकारने में नहीं, बल्कि उसकी जगह उन पर एक मन भावन कलई कर के स्वच्छ भारत सिद्ध कर देने की मुस्कराती घोषणा के साथ होता है। इस चुंधयाई हुई आंखों के साथ देखते हैं कि कल जो डम्प था, हम एक किसी चोर गली के रास्ते सिंहासन में तबदील हो गया। उस पर वे जम गए हैं, आवारा सपनों के उस मसीहा की तरह, जिसने पगडंडी बदलते हुए उनके सपने तो किसी भूल भलैया में खो दिए और अपने दावों की विजयश्री के साथ अपनी शोभा को हमारी शोभा यात्र बनाने पर तुला हुआ है। हम उन स्मार्ट शहरों में अपनी बना दी गई इस शोभायात्र को तलाशते हैं, जो बिन बादल बरसात से उमड़ आए गले-गले पानी में डूबती, उतराती उस जीवन नौका की तलाश करती है जो हमें आदमी, इनसानियत और पवित्र डुबोती इस जल प्रलय में से निकाल कर किसी सूखी धरती पर खड़ा कर दे। 75 बरस बीत गए, वह सूखी धरती हमें कहीं मिली नहीं। मिले तो बस उसकी प्राप्ति के गुटके। इन नाटकीय भाषणों में मिले वे अपनी चिल्लाहटों को गिनीज़ बुक ऑफ रिकार्ड में तबदील कर देना चाहते थे। यह चिल्लाहट कहती थी कि आपसे जो पौन सदी से नहीं हो सका, वह चंद बरस में कर दिखाया। आप बैंकों की ओर देखने की हिम्मत नहीं कर सकते थे, हमने करोड़ों की संख्या में आपके ज़ीरो बैलेंस खाते खोल दिए। वायदा किया आपका भुगतान सीधा अब आपके खाते में जाएगा। बीच के मध्यजनों की धांधली और दलाली खत्म हो जाएगी। लेकिन साहिब, नीचे के ये लोग बड़े शक्तिमान हैं। भई, सदियों का अंधेरा है, एक दिन में तो नहीं छंट जाएगा। जो राजा है वह राजा ही रहते हैं और जो रंक हैं, उन्हें अब किसी नई घोषणा से बहलाना है। इसका फैसला तो राजा ही करेगा। इस फैसले पर जनता की तालियों के ज़ामिन यह मध्यजन ही बनते हैं। भला इन्हें अमान्य कैसे किया जा सकता है? आओ, क्यों न इन्हें इसे इस बनते संवरते समाज का जरूरी हिस्सा घोषित करके कानूनी मान्यता दे दी जाए। सही भी है, सिंहासन भी भला अपने पायों के बिना टिक सकता है। अपने इन सवालों के जवाब न पाकर बैतलवा फिर उसी डाल पर जा कर बैठ जाता है और आर्थिक विकास की इस दौड़ में ठूंठ रह गए उस मुक्तिवृक्ष में तलाश करता है कि क्या यह वही देश है जिसकी डाल-डाल पर सोने की चिडिया बसेरा करती थी? मंदी ग्रस्त इस माहौल से उसे सोन चिडिया तो चहचहाती हुई दिखाई नहीं देती, हां उपवास ग्रस्त, धैर्यवान पंख नुचे कबूतरों के हुजूम अवश्य दिखाई देते हैं, जिन्हें इन 75 सालों में चुनाव दर चुनाव कंजी आंखों वाले चुन्दि कौए सपनों का कोई न कोई नया बायस्कोप दिखाने लगते हैं। बीच रास्ते कौओं की डारें बदल गईं, बेताल को मुर्दा डालों से उतार कर नए मुक्ति प्रसंग देने के वायदे हुए, लेकिन कसमें, वायदे, प्यार वफा सब बातें हैं बातों का क्या? बेताल आज भी उसी डाली पर टंगा है, हां निचली डाली पर फंदा लेकर कोई गरीब आदमी मर गया। सरकारी खातों में उसका हिसाब अपच से मरे आदमी की मौत का होता है।

> हमारे गदौ गुब्बार में हमारे अंग-संग चलेगा। हमारे दर्द को अपने गले से लगाएगा। हम इक चल कर इन टूटी-फूटी सडक़ों या रास्ता भूली पगडंडियों की जगह एक नए जनपथ का निर्माण कर सकें। इस पर सबको बराबर-बराबर चलने का हक होगा। इस पौन सदी में हमने हर जनपथ को शार्टकट बना सफलता लेने की पगडंडी में बदलते देखा है। इस पगडंडी का रास्ता कूड़े के उपलों पर नकारने में नहीं, बल्कि उसकी जगह उन पर एक मन भावन कलई कर के स्वच्छ भारत सिद्ध कर देने की मुस्कराती घोषणा के साथ होता है। इस चुंधयाई हुई आंखों के साथ देखते हैं कि कल जो डम्प था, हम एक किसी चोर गली के रास्ते सिंहासन में तबदील हो गया। उस पर वे जम गए हैं, आवारा सपनों के उस मसीहा की तरह, जिसने पगडंडी बदलते हुए उनके सपने तो किसी भूल भलैया में खो दिए और अपने दावों की विजयश्री के साथ अपनी शोभा को हमारी शोभा यात्र बनाने पर तुला हुआ है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# सीआरपीएफ 214 बटालियन ने दैनिक उपयोग सामग्री का वितरण किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गारू प्रखंड के अंतर्गत सीमाखास स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के निर्देश पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत (ई) कंपनी के द्वारा सीमाखास, बारीबांध, हेनदेहास, कबरी, कोटा, महुआ डाबर, चांपी, रूद, पंडरा, साल्वे, बैगाटोली, समेत आदि गांव के आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों के बीच साड़ी, शॉल व रेडियो का भारी मात्रा में दैनिक उपयोग सामग्री का वितरण किया गया। वहीं सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ के द्वारा समय-समय पर इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाता है, जहां दैनिक उपयोग सामग्री का वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलःहमेशा से ही लोगों के सुख दुखः का सहभागी रही है। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, ई कंपनी कमांडर मंगला प्रसाद सिंह, निरीक्षक जीडी चंद्रकेश यादव, गारू प्रखंड के पूर्व प्रमुख मंगल उरांव, समेत ग्रामीण व कैंप के जवान मौजूद थे।

## चतरा पुलिस ने प्रदीप यादव हत्याकांड का किया उद्भेदन, पांच अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा पुलिस प्रदीप यादव हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया है और कांड में शामिल 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में एक ही परिवार के सुनील यादव, रामस्वरूप यादव, सरिता देवी पति सुरेश यादव, बबीता देवी पति रामस्वरूप यादव और सुरेश यादव सभी सदर थाना क्षेत्र के अकौना गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टांगी और अभियुक्त का खून लगा वस्त्र जब्त किया है। सदर एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि सदर थाना अंतर्गत अकौना गांव निवासी वादिनी कलशवा देवी पति स्व. प्रदीप यादव के आवेदन के आधार पर इनका पति प्रदीप यादव का निर्मम हत्या करने के आरोप सदर थाना कांड सं. 69/23 के तहत 29 मार्च 29 को प्राथमिकी दर्ज किया गया था। जिसके आलोक में सदर थाना पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है और कांड में प्रयुक्त टांगी को बरामद कराया गया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी मनोहर करमाली, महिला पुलिस अवर निरीक्षक बीना कुमारी, विकास कुमार और थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## भुईहर मुंडा समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने से इनकार करना दुर्भाग्यपूर्ण

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा भूईहर मुंडा समुदाय को बाभन मानते हुए अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने से इनकार कर दिया गया है। इस संबंध में केंद्रीय जन संघर्ष समिति लातेहार- गुमला ने इसे सरकार द्वारा किया गया दुर्भाग्यपूर्ण कदम बताया। केंद्रीय जन संघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेरोल्ड कुजूर ने बताया की समिति हमेशा से भूईहर मुंडा को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल कराने को लेकर प्रयासरत रहा है, इसके साथ ही भूईहर समुदाय के आंदोलन का समर्थन करते हुए 4 मई 2017 को महामहिम राज्यपाल झारखंड को ज्ञापन दिया गया था। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के द्वारा उठाए गए सवाल पर अपना तर्क रखते हुए केंद्रीय जन संघर्ष समिति लातेहार गुमला ने झारखंड सरकार से अनुरोध किया है कि पूर्व में भी बिहार से जब झारखंड अलग नहीं हुआ था, भूईहर समुदाय को अनुसूचित जनजाति में रखा गया था। लेकिन वर्तमान में भूमिहार और बामन जाति जो कि ओबीसी में है उसका किसी भी तरह से कोई संबंध भूईहर मुंडा समुदाय से नहीं है यह मुंडा की एक उपजाति है, लेकिन इन दोनों को सरकार एक ही समझ कर ऐसा निर्णय ले रही है जो कि गलत है। इनकी वर्तमान स्थिति भी अत्यंत दयनीय है ये अपनी परंपरा के आधार पर अपने आदिवासी संबंधों को बरकरार रखे हैं। अपने जनजाति समुदाय में विवाह संबंध जारी है, इस समुदाय का मुख्य पैसा कृषि है जिस पर उनका जीवन पूर्णता आश्रित है। लेकिन मौसम के अनियमितता के कारण फसलों पर हमेशा बुरा प्रभाव पड़ता रहता है, जिससे इनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो चुकी है। कृषि के अलावे पशुपालन में भी पीछे नहीं है बकरी सूअर मुर्गा आदि बिक्री करने व अपने प्रयोग के लिए पाला जाता है। शिक्षा के कमी के कारण उन्नत कृषि संसाधन एवं पशुओं के रखरखाव में औषधियों के प्रयोग की जानकारी अच्छे से नहीं होने के कारण हमेशा नुकसान उठाते हैं। इन सब कारणों को देखते हुए जन संघर्ष समिति लातेहार गुमला झारखंड सरकार से अनुरोध करती है अविलंब भूईहर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करें।

## खुशगवार माहौल में रामनवमी का पर्व हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। रामनवमी महासमिति के चतरा नगर अध्यक्ष पप्पू यादव और जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी जुलूस समापन की अंतिम समय तक सक्रिय भूमिका में दिखे। इस अवसर पर चतरा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी रश्मि प्रकाश को मुकुट पहना कर और तलवार देकर हौसला अफजाई की गई। रश्मि प्रकाश ने चतरा नगरपरिषद क्षेत्र में रामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर विभिन्न अखाड़ों में घूम घूम कर लोगों को रामनवमी की बधाई व शुभकामनाएं की दूसरी ओर चतरा के राजद विधायक सह राज्य के लोकप्रिय कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता, डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, एसडीएम चतरा मोहम्मद मुमताज अंसारी, एमपी नुमाइंदा निर्भय ठाकुर राजद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव समेत अन्य ने रामनवमी के पावन अवसर पर जिले के अव्वल मोहल्ला स्थित काली मंदिर पहुंच पूजा अर्चना किया। इसके पश्चात जिले में विभिन्न अखाड़ों द्वारा निकाले गए झांकी में शामिल होकर सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं एंव बधाई दिए। मौके पर तलवार भी भेंट की गई।

## बारियातू प्रखंड क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पूजा संपन हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**बारियातू :** बारियातू प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया , टोटी, भाटचतरा, फुलसू, साल्वे, सिबला, डाढा, आरवाडीह, बालुभांग में आलवे अलग अलग कई स्थानों में रामनवमी त्यौहार हर्षोल्लास व धुमधाम के साथ संपन्न हुआ। बारियातू मुख्यालय में रामनवमी के अवसर पर राम, सीता, लक्ष्मण तथाहनुमान जी का मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत किया गया। बठेठ, गाड़ी, बारियातु बस्ती का झाकी उपस्तित लोगों का मन मोह लिया। बठेठ गांव का जीवंत झांकी अलौकिक प्रतित हो रहा था। रामनवमी पुजा समिति द्वारा झांकीयो़ं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए। पुरस्कार वितरण किया गया। बठेठ के जीवंत झांकी को प्रथम, बारियातू बस्ती के झांकी को द्वितीय, गाड़ी गांव के झांकी को तृतीय व साल्वे को चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त हुआ। इधर बेसरा के रामनवमी पुजा समिति द्वारा भी एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत किया गया तथा बेसरा पुजा समिति ने अपने सुरक्षा अनुसार झांकी को भाटचतरा मेला टाड़ परिसर में लाया और शांतिपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। झांकी को देखने के लिए बहुत भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। रामनवमी पूजा समितियों ने बाजे गाजे के साथ राम नाम का जयकारे लगाते हुए।आस पास के क्षेत्र को भक्तीमय कर जुलूस व झांकी को लेकर अखाड़े में पहुंचे। राम भक्तो ने अपने अस्त्र शस्त्र के कला का प्रदर्शन करके भी उपस्थित लोगों को मनमोह लिया।

## प्रिंसी किराना एंड जनरल स्टोर का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पहाड़पूरी रोड शहर के चन्दनडीह मोहल्ले में दिन शुक्रवार को प्रिंसी किराना एंड जनरल स्टोर का शुभारंभ किया गया। निहित कुमार एवं उनके पत्नी ने पुरोहित द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर दुकान कि शुभारंभ की गई। एवं प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं निहित ने बताया की हमारे दुकान में कोस्मेटीक से लेकर घरेलू उपयोग में लाई जाने वाली सामग्रियां उपलब्ध है। उचित दामों में ग्राहक को दी जाएगी।


### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### (जिला भू-अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0-8987263405 Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-98**

(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा-3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू-अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0-98 अन्तर्गत मौजा-तेन्दुआ कला, थाना-हरिहरगंज, थाना नं0-102**

**पत्रांक- 201 (L)/भू0अ0, दिनांक- 21.03.2023**

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | तेन्दुआ कला | 22 | 116 | 0.2600 | टाड़-2 | 0.2600 | 1 | राजेश्वर सिंह वगै0, पिता स्व0 चलितर सिंह एवं अन्य | |
| | | | 117 | 0.0100 | टाड़-1 | 0.0100 | | तदैव | |
| | | | 121 | 0.0500 | टाड़-1 | 0.0500 | | तदैव | |
| 2 | | 56 | 201 | 0.0700 | टाड़-2 | 0.0700 | 2 | प्रमोद सिंह वो विनोद सिंह, पिता स्व0 यदुनंदन सिंह | |
| 3 | | 41 | 96 | 0.4000 | टाड़-2 | 0.4000 | 3 | बसंत सिंह वगै0, पिता स्व0 दुन बहादुर सिंह | |
| 4 | | 69 | 100 | 0.0400 | टांड़ | 0.0400 | 4 | रामनाथ सिंह वो भोला सिंह वो साधु सिंह वो मदन सिंह, पिता राम खेलावन सिंह | अंचल अधिकारी, हरिहरगंज के पत्रांक 682, दिनांक 01.12.2022 के के आलोक में खेसरा सत्यापन में दर्ज नाम का 3G प्रकाशन किया जा रहा है। |
| | | | कुल | 0.8300 | कुल | 0.8300 | | | |

कानूनगो, जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 294106 Palamu(22-23)#D


## मिशन अंत्योदय के तहत दो पंचायत में योजनाओं का किया गया सत्यापन : मुखिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी और पहरा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार 31 मार्च को मुखिया सुमीरा कुमारी एवं बेबी देवी के अध्यक्षता में पहरा, बारिसाखी पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे मिशन अंतोदय सर्वेक्षण 2022-23 में कई योजनाओं का सर्वेक्षण कर सत्यापन किया गया मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव मिथिलेश सिंह, महेश मिस्त्री उप मुखिया विकास कुमार पांडेय पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी स्वयंसेवक विकी कुमार विजय रजक जेएसएलपीएस से सुनीता देवी मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, मुकेश साव वार्ड सदस्य मनोज रविदास लक्ष्मण रजक कुलेश्वर भुइयां पंचायत समिति प्रतिनिधि परमेश्वर रविदास गीता देवी आशा देवी समाजसेवी प्रसादी पासवान रामाशीष यादव महेश यादव एवं सभी वार्ड सदस्य अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# रोजे की दुसरे जुम्मा की नमाज हुई अदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** पवित्र पर्व रमज़ान के रोजे की शुक्रवार को दुसरे जुम्मा की नमाज अदा की गई। जहां रोजे की शुरुआती दौर में मौसम भी रोजेदारों पर मेहरबान रहा। जहां पहले रमजान से ही मौसम का मिजाज खुशनुमा रहने और झमाझम बारिश के बीच आसमान में बादल छाए रहे जिससे रोजेदारों को राहत मिली हालांकि मुस्लिम धर्मावलंबियों के कॉल अनुसार पवित्र रमजान का रोजा नियत व शब्र का पैमाना है। जहां कड़ी और चिलचिलाती धूप में भी रोजेदार अडिग नियत व शब्र के साथ अपने मुकाम हासिल करता है।

## नक्सलियों ने की मजदूरों की पिटाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** नेतरहाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बांसकरचा से कुडो मोड़ महुआडांड़ तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। यह काम मिनी कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा। वही बराही गाँव के समीप बराही नदी में बन रहे पूल पर नक्सली द्वारा दुबारा 29 मार्च को हमला कर साइड पर काम कर रह दो मजदूरों की पिटाई करते हुए काम को बंद करवाते हुए दो दिनों का समय देते हुए कहा कि जब तक लेवी नही मिलेगा तब तक काम बन्द रखने की बातें कही गयी। इस के पूर्व में 27 मार्च को मुंशी संजू पाण्डेय की पिटाई की थी। वही 14 मई 2022 को बांसकरचा प्लांट में लगे गाड़ियों को आग के हवाले किया गया था। वही तीसरी घटना से क्षेत्र में अंताक मचा हुआ है। सभी बहारी मिस्त्री, मुंशी, मजदूर काम छोड़कर भाग गये हैं काम बंद होने से क्षेत्र में रोजगार की समस्या बढ़ गई है।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने अकीदत के साथ अदा की दुसरे जुम्मे की नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** बारियातू प्रखण्ड के सभी क्षेत्रो में मुस्लिम समाज के लोगों ने, पवित्र रमजान के पाक माह के दूसरे जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की। पवित्र रमजान के दूसरे जुमे पर सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय सहित इटके, शिबला, साल्वे, नावाडीह, बठेठ, फुलसु, रत्नादाग,के अलावा अन्य सभी मस्जिदों में समाब के लोगों ने जुमे की नमाज पढ़कर अल्लाह से खुशियों व देश की तरक्की के साथ साथ अमन चैन की दुआएं मांगी। इबादत के माह रमजान में जुमे की नमाज खास मानी जाती है।इटके जामा मस्जिद में मौलाना शमसाद ने तकरीर कर रोजा एवं रमजान की फजीलत के बारे में बताया। साथ ही, गरीबों की मदद करने की बात कही। रमजान के महीने में जुमे की नमाज का विशेष महत्व होता है। इसलिए इस महीने के हर पल में इंसान को बुरे कर्मों से बचने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस माह में रोजा रखो, नमाज पढ़ो, कुरान की तिलावत करो और इन सभी के साथ गरीब-गुरबा और जरूरतमंदों को सहायता करते रहो। यही पैगाम इस्लाम देता है। उन्होंने कहा कि इस माह में जितना हो सके अच्छा काम करो और पहले हो चुके गलती को अल्लाह से रो-रोकर माफी मांग लो। अल्लाह जरूरतमंदों को हमेशा मदद करता है। उन्होंने कहा कि कभी किसी का दिल दुखी मत करो। हर व्यक्ति से मोहब्बत करो। रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज उत्साह और अकीदत के साथ अदा करने के साथ ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। रमजान का महीना शुरू होते ही जगह-जगह फल व सेवई की दुकानें खुल गई है, इफ्तार के समय फलों की दुकान पर अधिक भीड़-भाड़ देखी जा रही है। अभी से ही रोजेदारों की भीड़ दुकानों में भारी भारी भीड़ नजर आने लगी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में कांग्रेस करेगी सत्याग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर स्थित मांको डाक बंगला में कांग्रेश कमेटी जिला बैठक में प्रदेश सचिव जिला प्रभारी विजय कुमार चौबे रमेश चीनी जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 29 मार्च से 8 अप्रैल तक प्रखंड स्तर पर जय भारत सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा।वहीं 15 से 20 अप्रैल के बीच एक बड़ा जन प्रदर्शन जिला मुख्यालय समाहरणालय में किया जाएगा विजय चौबे ने बताया कि प्रधानमंत्री सभी स्वतंत्र विभाग को अपने अधीन कर लिए हैं। और राहुल गांधी के पीछे पड़ गया है।राहुल गांधी के सिर्फ बोलने पर ही अडानी के समर्थन में नरेंद्र मोदी ने महज 35 दिनों में सजा दिलवाने का काम किया है।जो घनघोर अन्याय हैं।आज भारत का संविधान खतरे में है।लोकतंत्र खतरे में है।देश का सभी संस्थाएं में मोदी का दबदबा बढ़ चुका है। प्रेस वार्ता में थे पप्पू पासवान साजन कुमार सुरेंद्र उरांव लाडले हसन सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।


### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग
### मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या:- 319/2022-23/RWD/DEOGHAR दिनांक :- 31.03.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ DEOGHAR/27 /SRPKG-03 /2022-23 | (i) गांजा मोड़ से नोनी सिरसा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 2.900 कि0मी0)<br>(ii) देवघर भिरखीबाद पी0डब्लू0डी0 पथ नवादा से कर्णपुरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 2.700 कि0मी0)<br>(iii) पी0डब्लू0डी0 पथ लहरजोरी से दुधानी ग्राम तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 2.600 कि0मी0)<br>(iv) रांगा सिरसा करौं पी0डब्लू0डी0 पथ धरमपुर से मांझीडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 2.500 कि0मी0)<br>(v) पी0डब्लू0डी0 पथ से चोरमारा से शिवमंदिर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 1.100 कि0मी0) | 7,46,28,700.00 | सात करोड़ छियालीस लाख अठाईस हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः- **11.04.2023**
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः- **24.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **देवघर** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः- **25.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (25.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- **26.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **देवघर** के पक्ष में एवं **देवघर** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294150 Rural Work Department(22-23).D

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने तक कांग्रेस करेगी आंदोलन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राहुल गांधी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा एवं अदानी के घोटाले को संसद में रखने तथा नरेंद्र मोदी से गौतम अडानी के रिश्तो पर प्रश्न पूछने से बौखला कर नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा हमारे नेता को झूठे केस में सजा दिलवाकर संसद की सदस्यता बर्खास्त करने के विरोध में आज की प्रेस वार्ता रखी गई है हम आप के माध्यम से भाजपा के लोगों को बता देना चाहते हैं नरेंद्र मोदी और उनके मित्रों के अमृत काल में हुए सभी वित्तीय घोटालों में गरीब , मजदूर और किसान के मेहनत की गाढ़ी कमाई जो एलआईसी , एसबीआई और पीएफ में जमा थी को लूटाने का काम किया गया है । हम इस लूट को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे । कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जब तक नरेंद्र मोदी और अदानी के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ जेपीसी का गठन एवं राहुल जी की सदस्यता बहाल नहीं की जाएगी तब तक हम जनता के साथ मिलकर सड़कों पर आंदोलन करेंगे। भाजपा और नरेंद्र मोदी जब तक चोरों को सरकार के पीछे छुपाते रहेगी राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस इसके खिलाफ आंदोलन करते रहेगी भाजपा जितना जुल्म चाहे कर ले कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ धोखा नहीं होने देगी। इस प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव बलजीत सिंह बेदी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शांतनु मिश्रा उपस्थित थे।

### सिरका में दूसरे जुम्मे की नमाज हुई अदा

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस बुधबाजार, गांव चपरी, हेसला, मनुआ, फुलसराय के जामा मस्जिदो में शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बड़े ही अदब के साथ दूसरे जुम्मे की नमाज अदा की। साथ ही परवरदिगार से हाथ उठाकर अपने मुल्क और अपने इलाके के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी। लोगों ने बताया कि रमजान महीने में जरुरत मंदो की मदद और खुदा के बताए रास्ते पर चलने वालों पर अल्लाह अपनी रहमत बरसाता।

### हेसला रामनवमी मेला में युवाओं ने पारंपरिक अस्त्रो के दिखाए करतब

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला रेलवे लाइन फाटक के समीप मुख्य सड़क के किनारे शुक्रवार को रामनवमी मेले का आयोजन हुआ। इसमें हेसला के महुआटांड़, जामुनटाड़, कानाटाड़, बागीटोला, मनुआ, फुलसराय आदि क्षेत्रों से हनुमान भक्त शामिल हुए। मेले में अखाड़ों के अस्त्र-शस्त्र संचालकों ने बेहतर से बेहतर अपना प्रदर्शन दिखाया। जबकि कलाकारों ने पौराणिक भक्ति गाथा से जुड़ी गाथाओं का प्रस्तुति किया। सभी को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही श्री राम व हनुमान की भक्ति से सीख लेने की भी बात कहीं गई। मौके पर कई नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, गोपाल मुंडा, दिलीप भुईयां, महेश ठाकुर, प्रदीप प्रजापति, फूलचंद करमाली, प्रदीप ठाकुर, प्रदीप बेदिया, संजय बेदिया, जगदीश समेत आयोजक समिति के सदस्य समाजसेवी अतिथिगण मौजूद थे।

### जिला प्रशासन की पहल से 6 माह बाद अपने परिवार से मिला खोया बच्चा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाबालिक बच्चा जो कि रामगढ़ जिले का रहने वाला है। 6 माह पूर्व अपने रिश्तेदार के साथ तमिलनाडु राज्य के चेन्नई घूमने गया था एवं किसी कारणवश वहां गुम हो गया था जिसके उपरांत जिला प्रशासन, रामगढ़, बाल कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रयास से आज दिनांक 31 मार्च 2023 को बच्चे को उनके अभिभावकों से मिलाया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे तथा बाल कल्याण समिति रामगढ़ के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

### हरली रामनवमी महासमिति ने पूजा समितियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म दिवस के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड के ग्राम हरली में आयोजित ऐतिहासिक रामनवमी मेला में विभिन्न गांव से आए अखाड़ा के द्वारा झांकी, जुलूस एवं पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले पूजा समितियों को और कलाकारों को सम्मानित किया गया।

प्रथम स्थान रामनवमी पूजा समिति गंगादोहर, द्वितीय स्थान रामनवमी पूजा समिति शिवाडीह, तृतीय स्थान श्री हनुमंत रामनवमी पूजा समिति तलसवार, चतुर्थ स्थान रामनवमी पूजा समिति सांढ़-छपेरवा एवं पंचम स्थान राम नवमी पूजा समिति पिपराडीह ने हासिल किया। वही व्यक्तिगत तौर पर बेहतर कला प्रदर्शन करने वालों में हनुमान जी गंगादोहर, सती सुचिता शिवाडीह, अन्नपूर्णा किराएदार पिपराडीह, भक्त प्रल्हाद गुसाई बलिया, आनंदी सांढ़-छपेरवा, पारंपरिक ताशा व सहनाइ टीम तालसवार, पारंपरिक शहनाई टीम सांढ़-छपेरवा, रविन्द्र कुमार मधुईया ढाब , विजय यादव एवम गणेश यादव को बेहतर प्रदर्शन को लेकर पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य रूप से महासमिति अध्यक्ष रामसुंदर दांगी, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संयोजक उमेश दांगी, मुखिया कविता देवी, प. स. स कौशीला देवी सहित पूर्व पदाधिकारियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सबसे पूर्व उपायुक्त ने क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो व चलाए गए जांच अभियान के उपरांत की गई कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो पर असंतोष जाहिर करते हुए क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को कार्यो को गंभीरता से लेने एवं प्रदूषण नियंत्रण के खिलाफ कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने वैसे सभी कारखाने जो प्रदूषण नियंत्रण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं कर रहे है उनके खिलाफ जांच अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने एवं कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जिला खनन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में जांच अभियान चलाने एवं अवैध क्रेशरों व अन्य अवैध माइनिंग गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने जांच के क्रम में अवैध पाए जाने के उपरांत अवैध क्रेशरों को त्वरित ध्वस्त करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में अवैध खनन व प्रदूषण संबंधित गतिविधियों को लेकर चलाए गए जांच अभियान एवं उन में की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला परिवहन पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत मंडल रामगढ़, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधीक्षक श्री संजीत कुमार ने जिले के सरकारी विद्यालयों में सहायक आचार्य की प्रतिनियुक्ति के संबंध में उपस्थित सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी। तत्पश्चात श्री सिन्हा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सूची प्राप्त कर सरकार द्वारा दिए दिशानिर्देशों के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर विभाग को ससमय भेजने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे ।

## कुंदरू कला में चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी त्योहार का भव्य जुलूस निकाला गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरू कला पंचायत में शुक्रवार को देर शाम चैती दुर्गा पूजा एवं राम नवमी के अवसर पर श्रीराम भक्तों द्वारा भव्य जुलूस और शोभायात्रा निकाला गया ग्रामीणों द्वारा बजरंगी झंडा को कंधा में उठाकर भ्रमण कराया तथा गांव के विभिन्न टोला पहुंचकर महावीरी झंडा के साथ राम भक्तों द्वारा जय श्री राम का नारा लगाए एवं जगह जगह पर कई विभिन्न खेल अखाड़ों में लाठी का खेल कूद और जोरदार तरीके से अस्त्र शस्त्र परिचालन किया इस मौके पर जय श्री राम का नारा लगाते हुए राम भक्तों द्वारा जोरदार नारा लगाते हुए विभिन्न टोला मोहल्ला घूमे रामनवमी की जुलूस को लेकर पूरा गांव क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा तथा विजयादशमी को लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा को देर शाम कुंदरू कला स्थिति कुर्मी तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा का अश्रुपूर्ण नम आंखों से विसर्जन किया गया तत्पश्चात लोग एक दूसरे से गले मिले और आपसी प्रेमभाव भाई चारगी परिचय दिया। इस मौके पर विजय केसरी हीरालाल महतो शैलेंद्र महतो, प्रदीप नायक, तुलसीदास महतो, दिगंबर गुप्ता, विनोद करमाली, कामेश्वर महतो, ज्ञानी ठाकुर, नेवालाल महतो, मुकेश महतो, सोनू कुमार, बृजेश महतो पारसनाथ महतो अनिल केसरी मिथिलेश केसरी दीपक केसरी खेमन महतो, विशाल केसरी, मोहन केसरी,ओमप्रकाश केसरी, उपेंद्र महतो, मोहराई महतो, नागेश्वर करमाली सहित भारी संख्या में श्रद्धालु रामनवमी जुलूस में मौजूद थे।



## रामनवमी महापर्व महासमिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के कुशल नेतृत्व में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर मैं सातों अखाड़ों के द्वारा रामनवमी महापर्व को लेकर विशेष रूप से झांकियां निकाली गई। एवं अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगी प्रतियोगिता में कई प्रतिभागी शामिल होकर काफी दमखम लगाया। एवं अपना कर्तव्य दिखाया प्रतियोगिता में लाठी, तलवारबाजी, एवं विशेष शारीरिक प्रदर्शन पर आयोजित हुई। सर्वप्रथम सभी अखाड़ों के अध्यक्षों को महा समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। एवं सभी झांकियों का अवलोकन किया गया। अवलोकन करने के क्रम में महासमिति के अध्यक्ष एवं जिप उपाध्यक्ष के प्रदेश संघ के अध्यक्ष सभी अखाड़ों के अध्यक्ष एवं प्रबुद्धजनों के द्वारा किया गया। महा समिति के अध्यक्ष



## रामनवमी महापर्व पर अयोध्या नगरी में तब्दील हुवा बरही, जय श्री राम, जय हनुमान का लगा जयकारा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही शहर व आसपास का क्षेत्र रामनवमी महापर्व पर अयोध्या नगरी में तब्दील रही। बरही चौक और उसके आस पास इलाका को महावीरी एवं भगवा झंडों से पाट दिया गया है। बरही अनुमंडल कार्यालय के ठाकुर टोला से होते हुवे यादव धर्मशाला व कोनरा से होते हुवे तीन किलोमीटर दूर बरही चौक एवं बरही चौक के समीपवर्ती चारों प्रमुख मार्गों के किनारे किनारे महावीरी झंडा जगह जगह लगाया गया। वहीं बरही में हर्षोल्लास के बीच नवमी का भव्य जुलूस पूरे शान के साथ निकाली गई। दिल्ली, झारखंड से लेकर बंगाल तक की एक से एक गाजे बाजे जुलूस में शामिल किया गया। यहां तक कि कई अखाड़ों के द्वारा जीवंत झांकी निकाली गई, जो काफी आकर्षक का केंद्र रहा। जीवंत झांकी महावीर मंडल, अंजनी अखाड़ा, बजरंग अखाड़ा गया रोड के द्वारा निकाली गई थी, जो काफी आकर्षक था। बरही पूर्ण रूप से अयोध्या नगरी में तब्दील रहा। जुलूस



## गुरुकुल के शौर्य जुलूस में खूब चमकी तलवारे, लाठी और लेजियम का प्रदर्शन कर आर्यवीरों ने दिखाया दमखम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 1875 में स्वामी दयांनद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना कर सनातन धर्म में पाखंड, भारतीय को भारतीयता और धर्मातंरण का विरोध के साथ साथ वैदिक परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया था। उनके अनुयायी देश भर में आर्य समाज के माध्यम से गुरुकुल संचालित कर ऐसे हीं आर्य वीरों की फौज तैयार कर रहे है। हजारीबाग में संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारिणी और ब्रह्मचारियों ने भी देश भर में प्रसिद्ध रामनवमी के दशमी जुलूस के दिन शहर में शौर्य जुलूस निकालकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन हीं नहीं किया बल्कि वैदिक परंपरा, हवन यज्ञ आर्य आर्यवीरों के प्रशिक्षण का झलक भी पेश की। शौर्य जुलूस का प्रारंभ सांसद जयंत सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष अजमेरा, आरएसएस के विभाग प्रचार प्रमुख अरविंद राणा, केंद्रीय सरना समिति के जिलाध्यक्ष महेंद्र बेक, अनुप भाई वर्मा, लखन खंडेलवाल, संतोष यादव, चंदन मेहता, भाजपा के बटेश्वर प्रसाद मेहता, पतंजलि के राज्य प्रभारी और महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य शीला सिंह आदि ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। जुलूस में हवन करते ब्रहमचारी और यज्ञ के साथ वेद मंत्रों का पाठ करते गुरुकुल के बच्चे भी दिखाई दे रहे थे। जगह जगह गुरुकुल की बेटियां और बेटे इस दौरान लाठी, तलवार, लेजियम जैसे विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर अपने क्षमता हीं प्रदर्शित नहीं की बल्कि आर्यवीरों का दमखम भी दिखाया। दिन के दो बजे जुलूस प्रारंभ होकर संध्या छह बजे तक चला। इस दौरान जगह जगह फूल, मिठाई और बिस्किट, पानी की व्यवस्था विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा की गई थी। नवाबगंज स्थित आर्य समाज मंदिर से जुलूस प्रारंभ होकर अनंदा चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड, पैगोडा चौक होकर झंडा चौक पहुंची। इसके बाद कुआं चौक होकर बड़ा अखाड़ा, महाबीर मंदिर के रास्ते ग्वालटोली चौक , बंशीलाल चौक होकर पुन ः गुरूकुल पहुंची। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कौटिल्य, पुष्पा शास्त्री, हरियाणा से आर्य आर्यवीर दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रभारी धर्मवीर सिंह, धर्मपाल सिंह त्यागी, ब्रजेश कुमार, मनमीत अकेला, सचिन खंडेलवाल, अरविंद सिंह सहित अन्य शामिल थे।

### जवाहरलाल सिन्हा का देहांत हजारीबाग के लिए अपूरणीय क्षति : डॉ आरसी मेहता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व कांग्रेसी जिला अध्यक्ष एवं 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष हम सभी के गार्जियन का आकस्मिक निधन हजारीबाग के लिए अपूर्ण क्षति है श्री सिन्हा हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी का जिला अध्यक्ष रह चुके थे एवं वर्तमान में 20 सूत्री उपाध्यक्ष थे तकरीबन 3 सप्ताह पहले उन्हें हल्की चोट लगी थी जिसका इलाज स्थानीय चिकित्सकों से करा कर घर में आराम कर रहे थे परंतु तीन-चार दिन पूर्व ज्यादा दिक्कत महसूस होने पर राज्य के मेदांता अस्पताल में भर्ती हुए जहां 30 मार्च के संध्या उनका देहांत हो गया श्री सिन्हा अपने पीछे एक पुत्री और पत्नी को छोड़ गए हैं भगवान इनके सभी परिजनों को सहन शक्ति दे। कांग्रेस चिंतन शिविर पारसनाथ तीर्थ स्थल गिरिडीह में एक कमरे में रहने का हमें अवसर मिला था उनका कहना था कि समय किसी का नहीं है इसलिए समय के साथ चलना चाहिए। ÷जब आपका विरोध बढ़ने लगे तो आप समझे कि आपका राजनीतिक छवि पड़ रहा है÷जिसे मैं आजीवन स्मरण करता रहूंगा।

### रामनवमी मेले का आयोजन

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कंजगी के मां छिन्मस्तिका मंदिर मैदान में श्री श्री चैती दुर्गा पूजा समिति कंजगी द्वारा शुक्रवार संध्या को रामनवमी मेले का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में गांव कंजगी, चपरी, बुमरी, चुंबा, पडरिया व आस-पास के क्षेत्रों से लोगों ने भाग लिया। मेले में गांव के अखाड़ों के युवाओं ने अपने पारंपरिक डंडे अस्त्र-शस्त्रो से हैरतअंगेज करतब दिखाए। अतिथियों के द्वारा मेले का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। जबकि सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। बताया गया कि यह आयोजन करीब 70 वर्षो से चलता आ रहा हैं। मौके पर अतिथि तिवारी महतो, कुलदीप बेदिया, जयनंदन गोप, बालगोविंद बेदिया, बीरेंद्र गोप, अमर बेदिया, समिति संरक्षक तुलेश्वर गोप, अध्यक्ष जयनंदन गोप, सचिव गोपाल बेदिया, कोषाध्यक्ष सूचित गोप, सदस्य राजू गोप, विरेंद्र गोप मनोज गोप, अमर बेदिया, अधेश्वर गोप, लोकेश बेदिया, डेगन बेदिया, अजय नायक, हीरालाल विश्वकर्मा, राजा गोप, रामचंद्र बेदिया, प्रेम साव, संजित गोप, रंजन बेदिया, रामजतन गोप समेत दर्जनों ग्रामीण समाजसेवी मौजूद थे।

## अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज



**आरिफ वकार@प्रभात मंत्र**

**बड़कागांव :** रमजान महीने के दूसरे जुमे की नमाज के दौरान प्रखंड के सभी मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी। बता दें कि इस्लामिक कैलेंडर के पवित्र महीने रमजान की शुरुआत 24 मार्च 2023 से हो चुकी है और 25 मार्च को रमजान के पहले जुमा के दिन से ही रोजा रखा गया था। 31 मार्च को रमजान का दूसरा जुमा था।

प्रखंड भर में मुस्लिम समुदाय की ओर से शुक्रवार को रमजान महीने के दूसरे जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में रोजेदारों और मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ लगी रही। जुमे को लेकर शुक्रवार सवेरे से ही मुस्लिम मोहल्लों में चहल पहल रही। अजान की सदाएं सुनते ही रोजेदारों और नमाजियों का काफला मस्जिदों की तरफ पहुंचने लगा। बड़कागांव प्रखंड के बादम, बलिया, सिरमा, बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला, बड़कागांव चट्टी, महूदी, चेपा खुर्द, डाडी, सिंदुवारी, नगड़ी, महुगाई, अलगड़िहा, हाहे, नापो, चंदौल, सहित अन्य गांवों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों को मौलानाओं ने जुमे की नमाज मस्जिदों में अदा कराई।

#### इस्लाम धर्म में जुमा के दिन का है महत्वपूर्ण महत्व

इस्लाम में जिस तरह रमजान महीने को पवित्र और महत्वपूर्ण माना गया है, उसी तरह से इस्लाम में जुमा के दिन के नमाज को भी अन्य दिनों की अपेक्षा महत्वपूर्ण माना जाता है। रमजान के महीने में रोजेदारों में भी जुमा की नमाज को लेकर खास उत्साह देखने को मिलता है। रमजान के जुमा नमाज के लिए मस्जिदों में आबाद की जाती है और रोजेदार सिर झुकाकर अल्लाह की बंदगी करते हैं। वैसे तो इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग रोजाना पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं, लेकिन जुमा की नमाज और खासकर रमजान में जुमा की नमाज को बहुत ही खास माना गया है। हदीस शरीफ में जुमे की नमाज को लेकर कहा गया है कि, हजरत आदम अलैहिस्सलम को जुमे के दिन ही जन्नत से इस दुनिया में भेजा गया था और जन्नत में उनकी वापसी भी जुमे के दिन ही हुई थी। इतना ही नहीं अल्लाह ने उनकी तौबा भी इसी दिन कुबूल की थी। यही कारण है कि इस्लाम में जुमे के दिन को शुभ माना गया है और जुमे की नमाज का खास महत्व होता है।

#### इस बार 5 जुमे का होगा रमजान का महीना

इस बार रमजान के महीने में 5 जुमा यानी शुक्रवार पड़ेंगे। ऐसा संयोग पूरे 5 पांच साल बाद बना है, जब रमजान के महीना में 5 जुमा होगा। रमजान का पहला जुमा 25 मार्च को था, 31 मार्च को दूसरा जुमा, 7 अप्रैल को तीसरा जुमा, 14 अप्रैल को चौथा जुमा और 21 अप्रैल को रमाजन का आखिरी यानी अलविदा जुमा होगा।

### मां चैती दुर्गा पूजा महिलाओं के सिंदूर खेला के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा के मां चैती दुर्गा पूजा शुक्रवार को महिलाओं के सिंदूर खेला के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान पूजन, पुष्पांजलि, भोग निवेदन, आरती के बाद विजया जात्रा हुई। महिलाओं ने फल, फूल, मिष्ठान, सिंदूर, वेलपत्र अर्पित कर मां से अखंड सौभाग्य की कामना किया। साथ ही महिला भक्तों ने एक दूसरे की मांग भरकर अपने सुहाग की रक्षा, लंबी आयु का शुभ आशीष दिया। भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। पूजा ब्राह्मण लखन बनर्जी व गौरांग बनर्जी के द्वारा बांग्ला रीति रिवाज के साथ पूरी हुई। मौके पर दर्जनों मां विमला मंदिर के भक्तजन उपस्थित हैं।

### अरूण साहू को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के बरसोत गांव के सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति नगर बरसोत, में अष्टमी तिथि को संधिबलि पूजा में सम्मिलित हुए तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष श्री अरूण साहू वहां पहुंचने पर लोगों ने उनका स्वागत किया और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस पर उन्होंने सबका आभार व्यक्त किया। और कहा कि मां के दरबार में आना और उनका सान्निध्य पाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ऐसे पवित्र माहौल में आकर खुद को शांत और ऊर्जावान महसूस करता हूं जो मुझे अपने बरही विधानसभा के लोगों की सेवा के लिए प्रेरित करती है और मैं उसके लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूं। इसके पश्चात वे सबों के साथ संध्या आरती में शामिल हुए और क्षेत्र की सुख समृद्धि हेतु मां से प्रार्थना किए। मौके पर टीएसएस के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही मीडिया प्रभारी बबलू साहू, सुधीर मंगलेश, रितेश कुमार, एस.के. बारीक, रंजीत गुप्ता व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे ।।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान कूल ऑफर्स के साथ गर्मी को दें मात

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गर्मियों का मौसम शुरू होने के साथ, पौष्टिक खाद्य पदार्थों के साथ अपने आप को हाइड्रेट और पोषित रखना जरूरी है। 1 से 7 अप्रैल तक चलने वाले सुपर वैल्यू डेज के दौरान पूरे महीने के लिए शानदार ऑफर्स के साथ अपने पसंदीदा आवश्यक चीजों का स्टॉक तैयार करें। सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प के साथ सीजन के ताजा फल जैसे आम, तरबूज, अंगूर आदि से लेकर सब्जियों के साथ फॉर्च्यून, पैम्पर्स, दावत, टाटा आदि लोकप्रिय ब्रांड्स के घरेलू सामान पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। प्राइम ग्राहकों को उनके पहले अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 250 रुपए तक का कैशबैक प्राप्त होगा और सामान्य अमेजन ग्राहक अपने पहले अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 200 रुपए तक का कैशबैक हासिल कर सकेंगे। अमेजन ने मैंगो फीस्ट फेस्टिवल की भी घोषणा की है जहां सफेदा, बादामी, बंगनपल्ली, तोतापरी और अल्फांसो सहित सभी लोकप्रिय वैरायटी के स्वादिष्ट कार्बाइड मुक्त आमों की विस्तृत वैरायटी को एक साथ पेश किया जाएगा।

## राज्यपाल से आईएचएम ब्राम्बे रांची के प्राचार्य ने किया शिष्टाचार मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** झारखंड राज्य के माननीय राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के साथ पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार के अधीन संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड अप्लाइड न्यूट्रिशन, राँची के प्राचार्य डॉ.भूपेश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की एवं संस्थान के बी.एससी एच एंड एचए डिग्री पाठ्यक्रम हेतु आयोजित होने वाले स्नातक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने के लिए निमंत्रित किया। प्राचार्य ने राज्यपाल महोदय को अवगत कराया की संस्थान जो की वर्ष 2019 में प्रारंभ हुआ आज देश में अपने नाम को सुदृढ़ रूप से स्थापित किया है तथा विगत वर्षों में संस्थान की उपलब्धियां को साझा करते हुए बताया की जीएचआरडीसी के रैंकिंग सर्वे 2022 में संस्थान को प्रॉमिसिंग होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट श्रेणी में भारत के सरकारी आईएचएम संस्थानों में प्रथम स्थान तथा कंपटीशन सक्सेस रिव्यू के रैंकिंग 2023 में टॉप सरकारी होटल मैनेजमेंट संस्थाओं में शामिल है।

## नम आंखों से दी गई मां को विदाई



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी टुंगरी पहाड़ मे नौ दिनों से विराजे मां दुर्गा की प्रतिमा शुक्रवार को विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक पहाड़ मे श्रद्धालुओं की भीड़ जमी रहती थी। पुरा पहाड़ रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा था। श्रध्दालु मां के दर्शन के लिए सुबह शाम पहाड़ पर चढ़ते थे। मां के दर्शन के लिए दुर दराज से श्रध्दालु आते थे। शुक्रवार की सुबह पुरोहित द्वारा मां की दशमी पुजा अर्चना कर आरती की गई एवं नवपत्रीका विसर्जन ढाक ढोल के साथ मुरी स्वर्ण रेखा नदी मे विधीवत किया गया। नवपत्रीका विसर्जन मे काफी संख्या मे महिला एवं पुरुष शामिल थे। विसर्जन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। शाम के समय सिंदूर खेल के साथ मां को नम आंखो से विदाई दी गई। सभी नाचते गाते मुरी स्वर्ण रेखा नदी मे मां की प्रतिमा को विसर्जित कर दिया गया।


### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग
### मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के निविदा आमंत्रण संख्या– **230/2022-23/RWD/RANCHI,** दिनांक– **19.01.2023**, **PR NO.- 287924** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/RANCHI/44/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.294028 Rural Work Department(22-23):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
rdsdgumla123@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 669 दिनांक 27.03.2023 द्वारा ई0–टेंडरिंग अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/GUMLA/47/2022-23 जिसका पी०आर०(PR)सं०–293749 Rural Development (2022-23)_D है, में भूलवश वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि **12.04.2016** अंकित हो गया था, जिसके स्थान पर **12.04.2023** पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 294110 (Rural Development) 22-23 (D)

### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग
### मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार के निविदा आमंत्रण संख्या–**198/2022-23/RWD/LATEHAR,** दिनांक–**22.12.2022**, **PR NO.-285730** द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294037 Rural Work Department (22-23)_D

### ऊर्जा विभाग
### झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉंची।

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/110/2022-23** दिनांक– 28/03/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रॉंची स्थित मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, रॉंची में 500 के0वी0ए0 ट्रॉसफार्मर के साथ एच0टी0 एवं एल0टी0 केबल, फिडर पैनल, क्यूबिकल पैनल इत्यादि के अधिष्ठापन का कार्य। | 51,66,304=00 | 10,000=00 | 1,04,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.04.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 21.04.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 27.04.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.04.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR 293847 (Energy) 22-23 (D)

### कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़
**बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रम सं0 01 से 03 तक का वित्तीय वर्ष 2023–24 (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक की वार्षिक बन्दोबस्ती के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डांक का आयोजन दिनांक 11.04.2023 को अपराह्न 01:00 बजे निर्धारित की गई है।

| क्रम0 | सैरात का नाम | अवधी | बन्दोवस्ती हेतु न्युनतम डाल बोली की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सिविल कोर्ट परिसर छत्तमाण्डु में चार चक्का वाहन एवं दो चक्का वाहनों की पार्किंग। | वित्तीय वर्ष 2023–2024 (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक | 1,48,060/– | 14,806/– |
| 02 | रॉंची रोड सेवटा सब्जी बाजार की बन्दोबस्ती। | | 2,58,500/– | 25,850/– |
| 03 | टोटी झरना विवाह भवन की बन्दोबस्ती | | 5,00,000/– | 50,000/– |

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ के पदनाम से कैंनरा बैंक रामगढ़ के मुख्य शाखा रामगढ़ में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
2. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर परिषद रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान नही होगा।
3. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना उचित कारण के डाक की राशि निर्धारण समय सीमा के अन्तर्गत जमा नहीं करने पर उन्हें काली सूची में डाल दी जायेगी।
4. डाक की शेष नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़।

PR.NO.294252 District(22-23):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/16/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा जिला के जयनगर प्रखण्ड में गोपालडीह–महुआटॉंड़ पथ में अक्तो नदी पर पुल निर्माण। | 6,93,31,400.00 | 14,00,000.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 23.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा/जिला नियंत्रण कक्ष, कोडरमा।
   ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग/जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
   iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यादिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नं0)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

PR 293849 Rural Work Department(22-23)#D

### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(समाज कल्याण शाखा)
इच्छा की अभिव्यक्ति
**(Expression Of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम (पच्चीस बेड) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में किया जायेगा।

अतः इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) का आवेउन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, रामगढ़ को संबोधित करते हुए स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में दिनांक 08/04/2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक हाथों–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति ब्लॉक ए में अवस्थित उपायुक्त, रामगढ़ के सभा कक्ष में दिनांक 10/04/2023 को 01:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

नोट :– उपरोक्त इच्छा कि अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी रामगढ़ जिले वेबसाईट **www.ramgarh.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, रामगढ़।

PR 294157 District(22-23)D

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

अपहृत पुरूश प्रभात बा:, वर्तमान उम्र–लगभग 35 वर्ष, पिता–पियुश बा:, ग्राम–रेंगारपानी, थाना–पाकरटांड, जिला–सिमडेगा, जो वर्श–2018 से अपहृत है, जो आज तक अपने घर वापस नहीं लौटा है। इस संबंध में पाकरटांड थाना काण्ड संख्या–13/18, दिनांक–12.08.2018, धारा–364/34 भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। अपहृता पुरूश की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका हुलिया निम्नवत् है:–



नाम:– प्रभात बा:
पिता:– पियुश बा:
लिंग:– पुलिंग
उम्र:– वर्तमान उम्र लगभग 35 वर्ष
रंग:– साँवला
ऊँचाई:– लगभग 5 फीट 4 ईंच।
शरीरिक बनावट:– सामान्य
बोलचाल की भाशा:–हिन्दी एवं सादरी

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अपहृत पुरूश प्रभात बा: के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा — मोबाइल नं0–9431116444
पाकरटांड, थाना प्रभारी — मोबाइल नं0–9430103075
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा — मोबाइल नं0–8709697066

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 293993 Police(22-23)D

### कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़
**नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति -अल्पकालिन आमंत्रण सूचना**
**अति -अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/04/2022-23 (2nd Call)**

1 निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक : 01.04.2023
3 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांक : 11.04.2023 अपराहन 04:00 बजे तक।
4 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवल ई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5 वेबसाईट पर अपलोड किया गया दस्तावेज की मुल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि व समय :– दिनांक : 12.04.2023 अपराहन् 4:00 बजे तक।
6 निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांक : 13.04.2023 अपराहन् 12:00 बजे से। नगर परिषद्, रामगढ़ ।
7 मद का नाम :– नागरीक सुविधा।
8 हेल्पलाईन नं0 :– 8521225626,9135014455

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | Construction of Mini Water Supply Scheme at Near Budh Bazar in Digwar | 1198800.00 | 23976.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| | | Construction of Mini Water Supply Scheme at Near H/O Sitan Yadav at hathmara Pochra. | | | | |
| 2 | 11 | Construction of Mini Water Supply Scheme in Damad Tola | 1798200.00 | 35964.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| | | Construction of Mini Water Supply Scheme in Adiwasi Club Hesla | | | | |
| | | Construction of Mini Water Supply Scheme Near H/O Dinesh Prajapati | | | | |

नोट:–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. संवेदक द्वारा ई–निविदा में अपलोड किया गया सभी दस्तावेज तथा संवेदक का निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर रिर्टन (विगत तीन वर्षो का), पैन कार्ड, GSTR-1, GSTR-3B (विगत तीन माह ) अथवा अद्यतन Quartly Return, निबंधन प्रमाण पत्र,, चरित्र प्रमाण पत्र, UCAN, अग्रधन राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क व अन्य दस्तावेज दिनांक 12.04.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक नगर परिषद् कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
3. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
4. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉं http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
5. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
6. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 294257 District(22-23).D


## महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भारतपे ने वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म के साथ की साझेदारी

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**रांची :** फिनटेक उद्योग में भारत के अग्रणी नामों में से एक भारतपे ने आज वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी का उद्देश्य पूरे भारत में महिला उद्यमियों की व्यावसायिक विकास की यात्रा में सहयोग करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। साझेदारी के तहत एक ऐसे मजबूत ईकोसिस्टम का निर्माण किया जाएगा, जिसमें देशभर के विभिन्न हिस्सों से महिला उद्यमियों को एक प्लेटफॉर्म पर एकत्र किया जाएगा। साथ ही, उन्हें आवश्यक डोमेन ज्ञान के साथ-साथ अपने व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय और तकनीकी जानकारी से लैस भी किया जाएगा। फोकस क्षेत्र अपनी तरह के पहले एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के विकास की सुविधा प्रदान करेगा जो सहकर्मी सहायता, सलाह, नेटवर्किंग चैनल और लर्निंग रिसोर्सेज की एक विस्तृत रेंज तक पहुंच प्रदान करता है।भारतपे ग्रुप द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल 'भारतपे केयर्स' के तहत लॉन्च की गई यह साझेदारी नए और विश्वसनीय फिनटेक समाधानों के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने की ब्रांड फिलॉस्फीके अनुरूप है।


### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–**RDSD/RAMGARH/11/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– Block Building मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू० लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/Block Building/01/2022-23 | रामगढ | रामगढ | रामगढ़ जिलान्तर्गत रामगढ़ सदर प्रखण्ड–सह– अंचल कार्यालय भवन निर्माण कार्य। | 546.583 | 1094000.00 | 10000.00 | (12) बारह माह |
| 2 | RDSD/RAMGARH/Block Building/02/2022-23 | रामगढ़ | रामगढ | रामगढ़ जिलान्तर्गत रामगढ़ प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह– अंचलाधिकारी आवास/पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्ग कर्मी आवास/ चतुर्थ वर्ग कर्मी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध नवनिर्माण कार्य। | 588.300 | 1177000.00 | 10000.00 | 12 (बारह) माह |
| 3 | RDSD/RAMGARH/Block Building/03/2022-23 | पतरातु | पतरातु | रामगढ़ जिलान्तर्गत पतरातु प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह– अंचलाधिकारी आवास/पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्ग कर्मी आवास/ चतुर्थ वर्ग कर्मी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध नवनिर्माण कार्य। | 587.649 | 1176000.00 | 10000.00 | 12 (बारह) माह |
| 4 | RDSD/RAMGARH/Block Building/04/2022-23 | माण्डू | माण्डू | रामगढ़ जिलान्तर्गत माण्डू प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह– अंचलाधिकारी आवास/पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्ग कर्मी आवास/चतुर्थ वर्ग कर्मी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध नवनिर्माण कार्य। | 588.613 | 1178000.00 | 10000.00 | 12 (बारह) माह |
| 5 | RDSD/RAMGARH/Block Building/05/2022-23 | गोला | गोला | रामगढ जिला के गोला प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचला अधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध निर्माण कार्य। | 556.487 | 1113000.00 | 10000.00 | (12) बारह माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 10.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 20.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़, ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग एवं मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन धुर्वा, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.04.2023 अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703869
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 293949 Rural Work Department(22-23).D

### ऊर्जा विभाग
### झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2, धुर्वा, रॉंची

**अति अल्पकालिन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/109/2022-23** दिनांक– 28/03/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | हजारीबाग स्थित जिला मत्स्य कार्यालय एवं झील प्रक्षेत्र में सुरक्षा लाईट का कार्य। | 19,97,349=00 | 5,000=00 | 40,000=00 | 28 दिन |
| II | खूँटी स्थित जिला मत्स्य कार्यालय प्रक्षेत्रा एवं कार्यालय भवन में सुरक्षा लाईट एवं पाथ लाईट के विद्युतीकरण का कार्य। | 23,28,208=00 | 5,000=00 | 47,000=00 | 42 दिन |
| III | सिमडेगा स्थित जिला मत्स्य कार्यालय प्रक्षेत्र, सिमडेगा में सुरक्षा लाईट एवं हाईमास्ट लाईट का विद्युतीकरण का कार्य। | 36,76,299=00 | 5,000=00 | 74,000=00 | 42 दिन |
| IV | जमशेदपुर, करनडीह मे स्थित जिला मत्स्य कार्यालय प्रक्षेत्र में सुरक्षा लाईट, बगीचा लाईट, फल्ड लाईट, मेन पैनल एवं 3 अदद् 16 मीटर हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 33,32,217=00 | 5,000=00 | 67,000=00 | 42 दिन |
| V | रॉंची स्थित मत्स्य किसान प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची में 1.5 टन क्षमता के 20 अदद् वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 17,03,179=00 | 5,000=00 | 35,000=00 | 28 दिन |
| VI | मेयर रोड, रॉंची स्थित SKIPA के आवास सं0 D-1, 2,3,4,6,7 एवं 8 में विद्युतीकरण के मरम्मति का कार्य। | 11,95,697=00 | 2,500=00 | 24,000=00 | 28 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.04.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 21.04.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 27.04.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.04.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

**नोट** :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 293845 Energy (22-23)_D

# माह-ए-रमजान का एक-एक पल बहुत ही कीमती : तनत खान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : कांग्रेस नेता सह समाजिक कार्यकर्ता तनत खान उर्फ सोनु ने समस्त देशवासियों को रमज़ान की बधाई देते हुए बताया की इस्लामिक कैलेंडर का नवां महीना रमज़ान बहुत ही मुबारक माह है। रोज़ा इस्लाम की पांच बुनियादी अरकानों में से एक है। माह ए रमज़ान, इबादत, रहमत, बरकत और मगफिरत के लिए काफी अहम है। रमज़ान मे की जाने वाली एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब मिलता है। वहीं इस माह दोज़ख के दरवाजे बंद और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। रमज़ान ही के महीने मे कुरआन शरीफ का नुजूल हुआ। रोज़ा रखना हर आकिल और बालिग मुसलमान पर फर्ज़ है। रमज़ान के मुबारक महीने मे ज़्यादा से ज़्यादा वक़्त इबादत और नेक कामों मे गुज़ारने चाहिये। इस माह का एक एक पल बहुत ही कीमती और बरकत वाला है जहां अल्लाह की ओर से अपने बन्दों पर रहमतों की खूब बारिशें होती हैं। हमें अपनी गुनाहों से तौबा कर अल्लाह को राजी करने की भरपूर कोशिशें करनी चाहिये।

## महिला समिति ने सहयोगात्मक कार्यक्रम का किया आयोजन




**टुंडी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र ओझाडीह स्थित लालमणि वृद्धाश्रम में बीसीसीएल की महिला समिति द्वारा आज एक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से बीसीसीएल सीएमडी की धर्मपत्नी मिली दत्ता अपनी दीक्षा महिला मंडल समर्पण महिला समिति की महिला साथी व पदाधिकारियों संग उपस्थित थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आश्रम आकर बहुत अच्छा लगा। आगे इस आश्रम के लिए हमसब कुछ कर पाएं तो यह हमारा सौभाग्य होगा। इसके साथ ही यहां आकर इन वृद्ध माता पिताओं से मिलकर बातकर बहुत ही आत्मिक आनंद व स्नेह की अनुभूति हो रही है।

## पुण्यतिथि पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : धनबाद कोयलांचल और झारखंड में उस्ताद के नाम से विख्यात झरिया निवासी किशुन साव पहलवान की पुण्यतिथि 31मार्च शुक्रवार को श्री महाराणा प्रताप महा व्यायामशाला में मनाई गई। उनके पुण्यतिथि पर निश्शुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के शुभारंभ में स्व किशन साव उस्ताद के परिवार जनों, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण किया। तत्पश्चात एएसजी अस्पताल धनबाद के चिकित्सक डॉक्टर संजय कुमार रजक एवं मुकुल मिश्रा की देख रेख मे सैकड़ों मरीजों की नेत्र जांच हुई। दर्जनों मरीजों मे मोतियाबिंद की शिकायत मिली जिनका ऑपरेशन एएसजी अस्पताल मे बिल्कुल मुफ्त होगा।

## मुखिया प्रतिनिधि ने फीता काटकर मोबाइल दुकान का किया उद्घाटन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड के प्रतापपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव ने अपने पंचायत के बाटी गांव में फीता काटकर माँ अम्बे मोबाइल सेंटर नाम की दुकान का उद्घाटन किया। इस दुकान के संस्थापक बुलाकी वर्मा है लेकिन इसका संचालन इनके पुत्र सूरज कुमार वर्मा करेंगे। बाटी गांव जमुआ प्रखंड मुख्यालय से महज कुछ ही दुरी पर जमुआ पचम्बा मुख्य मार्ग पर है।

## पटना और अहमदाबाद के मध्य समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन दिनों में परिवर्तन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर** : ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा अहमदाबाद से पटना के लिए एक जोड़ी समर स्पेषल ट्रेनों का परिचालन की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गयी थी । परंतु तकनीकी कारणों से इस स्पेषल ट्रेन के परिचालन के दिनों में परिवर्तन किया गया जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी संख्या 09417/09418 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद स्पेशल- यह स्पेषल अहमदाबाद से प्रत्येक सोमवार को एवं पटना से प्रत्येक मंगलवार को रतलाम-कोटा-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-वाराणसी-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. के रास्ते परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 09417 अहमदाबाद-पटना स्पेषल दिनांक 01.05.2023 से 26. 06. 2023 तक प्रत्येक सोमवार को अहमदाबाद से 09.10 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को 17.40 बजे पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., 18.55 बजे बक्सर, 19.45 बजे आरा, 20.25 बजे दानापुर रूकते हुए 21.05 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

वापसी में गाड़ी संख्या 09418 पटना-अहमदाबाद स्पेषल दिनांक 02.05.2023 से 27.06.2023 तक प्रत्येक मंगलवार को पटना से 23.45 बजे प्रस्थान कर 00.01 बजे दानापुर, 00.31 बजे आरा, 01.14 बजे बक्सर, 03.05 बजे पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए गुरूवार को 11.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी ।

## एकता मंच पर दिखा आपसी भाईचारा का अद्भुत नजारा

# रामनवमी भी हमारी, रमजान भी हमारा, सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा : सोहराब

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद** : नौजवान कमिटी, पुराना बाज़ार की ओर से श्री रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले अखाड़ा दलों के लिए पुराना बाजार में विशेष प्रबंध किए गए थे। इसमें चिकित्सा सेवा, एम्बुलेंस, पे-जल, शरबत वितरण, पुलिस के साथ मिलकर विधि व्यवस्था को संभालना शामिल रहा। नौजवान कमिटी, पुराना बाजार के संस्थापक सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान ने बताया की अनेकता में एकता, आपसी भाईचारा एवं गंगा जमनी तहज़ीब ही हिंदुस्तान की पहचान है। पवित्र माह रमज़ान और श्री रामनवमी एक साथ मनाया जा रहा है। सोहराब ने कहा की दिलों से नफरत मिटा कर मुहब्बत पैदा करना ही आज वक़्त की सब से बड़ी जरूरत है। आइए हम सब मिल कर प्यार बांटते है और प्यार भरा खूबसूरत हिंदुस्तान बनाते हैं। बताते चले की हिंदुस्तान की खूबसूरती का अद्भुत नज़ारा पुराना बाज़ार में देखने को मिला, सोहराब खान के नेतृत्व में नौजवान कमिटी के सदस्य रोज़ा इफ़्तार करने के बाद अखाड़ा में शामिल श्रद्धालुओं को पानी शर्बत की सेवा दे रहे थे। नौजवान कमिटी के एकता मंच पर शहर के विभिन्न समुदाय के गणमान्य लोग शामिल थे। नौजवान कमिटी के एकता मंच पर धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेत्री रागनी सिंह, काँग्रेस नेता रविन्द्र वर्मा, जिला चैंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, जीटा महासचिव राजीव शर्मा, बैंक मोड़ चैंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रभात सरोलिया,बैंक मोड़ चैंबर अध्यक्ष प्रमोद गोयल,बैंक मोड़ चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सह शक्ति मंदिर सचिव सुरेन्द्र अरोड़ा, पाटलिपुत्र नर्सिंग होम के एमडी डॉ.निर्मल ड्रोलिय,डॉ. सतीश चन्द्र, युवा संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह समाजसेवी दिलीप सिंह, छोटा गुरुद्वारा जोड़ाफाटक से सरदार अमरजीत सिंह दुआ, सोनी सिंह, सतेन्द्र मंडल, जामा मस्जिद के सदर अफ़ज़ल खान, जामा मस्जिद महासचिव निसार आलम,मुमताज़ कुरैशी,टोटो संघ के प्रवक्ता संतोष कुशवाहा, ललित कटेसरिया,जितेंद्र अग्रवाल, ज्ञानदेव अग्रवाल, उदय प्रताप सिंह, वंशराज सिंह कुशवाहा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। नौजवान कमिटी,पुराना बाज़ार के सोहराब खान, इमरान अली, अफ़रोज़ खान, मो.सलाउद्दीन, मो.शहाबुद्दीन, आरिफ मंडल, तनवीर अंसारी, इमरान अंसारी (जुग्गनु), हाज़ी इमरान अली, मो.ताजुद्दीन, मो.अफसर, हाज़ी सयैद मो.ख़ालिद, मो.फ़िरोज़ अली, मो.मुबारक़ अंसारी, हिमायूँ रज़ा, अफ़ज़ल अंसारी आदि उपस्थित थे। है तो आखिरकार अब तक इस केस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई ? टूटा था, यहां झारखंड में भी बुलडोजर बाबू की कार्रवाई देखनी पड़ सकती है।

# बीसीसीएल में कोयला उत्पादन 36 मिलियन टन पार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : बीसीसीएल में कोयला उत्पादन 36 मिलियन टन पार कर गया है। यह कंपनी के लिए बड़ी उपलब्धि है। एक दिन शेष है। प्रबंधन सूत्रों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 36.2 मिलियन टन उत्पादन होने की संभावना है। उत्पादन के साथ डिस्पैच में भी स्थिति संतोषजनक है। डिस्पैच का आंकड़ा भी संतोषजनक है। आधिकारिक आंकड़ा एक अप्रैल को जारी किया जाएगा। वैसे डिस्पैच का आंकड़ा 35.5 मिलियन टन पहुंचने जा रहा है। 30 मार्च तक डिस्पैच का आंकड़ा 35 मिलियन टन पार कर गया है। मालूम हो कि बीसीसीएल को वित्तीय वर्ष 2022-23 में 32 मिलियन टन उत्पादन एवं डिस्पैच का लक्ष्य दिया गया था। दो माह पहले ही कंपनी ने वार्षिक लक्ष्य को हासिल कर लिया था। कंपनी की ओर से 36 मिलियन टन इंटर्नल टार्गेट तय किया गया था। इसे भी कंपनी की ओर से हासिल कर लिया गया है।

## कांग्रेस कार्यालय में जय भारत सत्याग्रह के तहत संवाददाता सम्मेलन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मोदी सरकार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गलत तरीके से राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने एवं मोदी सरकार की अलोकतांत्रिक एवं तानाशाही चरित्र का पर्दाफाश को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में जय भारत सत्याग्रह के तहत संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। मौके पर धनबाद जिला के प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भुरकुंडाबाड़ी गांव में शांति कायम, पुलिस ने गांव में फ्लैग मार्च निकाला, धारा 144 जारी : एसडीपीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा** : निरसा प्रखण्ड के भुरकुंडाबाड़ी गांव में कल हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद आज पूरे गांव में शांति दिखी। कल रात से ही 144 धारा लगा हुआ है। शुक्रवार को निरसा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी एसडीपीओ पीएस खरवार, निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव भारी पुलिस बल के साथ कैंप किये हुये हैं। एसडीपीओ पीएस खरवार ने बताया कि कल की घटना दुर्भाग्यपूर्ण रही और लोंगों में आक्रोश था। कल शाम से ही स्थिति सामान्य होने लगी तथा धारा 144 लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि घटना में एक आरोपी शहाबुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अज्ञात आठ लोंगों पर पशु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अन्य की तलाश सरगर्मी से जारी है। स्थिति सामान्य हो रही है। सबसे सुखद पहलू यह दिखी की राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रोज की तरह बच्चे पढ़ रहे थे। इससे यह साबित होता है कि कल की घटना का आज बिल्कुल ख़ौफ़ नही रहा। मुस्लिम



समुदाय के लोंगों ने आज शुक्रवार होने के नाते शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की। बता दें की रामनवमी के दिन प्रतिबंधित मांस मिलने पर धनबाद के निरसा क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण हो गयी थी। आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा आरोपी को पकड़कर पेड़ से बांध दिया गया तथा आरोपी के घर मे तोड़ फोड़ की गयी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी विवाद हुआ था।

# रामनवमी की धूम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता




**टुंडी** : आज बड़े धूमधाम से श्री हनुमान मंदिर मंझीलाडीह लाला टोला में श्री राम जन्मोत्सव श्री राम नवमी बड़े धूमधाम से मनाया गया ढोल बाजा एवम हर्षोल्लास के साथ पूजा पाठ संपन्न हुआ इसमें मुख्य रूप से मुख्य जजमान एवम हनुमान मंदिर के संस्थापक श्री हरिहर प्रसाद लाला की उपस्थिति में हनुमान मंदिर के पुजारी श्री सच्चिदानंद पांडे के द्वारा पूजा संपन्न कराया गया साथी रामनवमी के शुभ अवसर पर बाजे गाजे के साथ झांकी भी निकाला गया जिसमें मुख्य रूप से लाला हेमंत कुमार, देवानंद रजवार ,प्रभु सिंह, मुन्ना लाला, रामदेव सिंह, चंदन कुमार सिन्हा, लालजीत सिंह, कंक्रीट सिंह, जय कृष्ण, प्रेम कृष्ण, हेमलाल कुमार, जसवंत रजवार, मंटू रजवार,रितेश सिन्हा,पप्पू सिन्हा, ज्योतिष सिन्हा, ज्ञान मिश्रा, हितेश मिश्रा ,सौरभ मिश्रा, अमित सिन्हा, प्रणव सिन्हा ,नयन सिन्हा, शुभम सिन्हा, बांके बिहारी ,केशव लाला बिक्रम सिन्हा, समृद्धि सिन्हा ने झांकी में विशेष रूप से समस्त ग्रामीणों ने भाग लेकर सफल बनाने का काम किया जय श्री राम का नारा लगाकर पूरा मंझीलाडीह ग्राम राम नाम की धुन से गुंजायमान हो गया। के वृद्धजनों को रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं सहित कपड़ा देते हुए आश्रम संचालकों की प्रशंसा की और कहा कि इस आश्रम के संचालक गण अशेष बधाई के पात्र हैं जो टुंडी जैसे क्षेत्र में वृद्धाश्रम का संचालन कर अपने घर परिवार से उपेक्षित व बेसहारे दर्जनों वृद्ध माता पिता की सेवा में वर्षो से तन मन धन से निज पुत्र परिवार की भांति लगे हैं। इस दौरान मौके पर महिला समिति की सचिव सरिता महापात्रा, उपाध्यक्ष सुष्मिता झा, सदस्य मृणालिणी बेहरा, अर्चना सिंह, रमेंद्र तिवारी, आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सचिव देवेंद्र शरण, सपन ओझा, सोमनाथ ओझा, केयर टेकर सुबल, शांति देवी सहित दर्जनों लोग व वृद्धजन उपस्थित थे।

# चोरों ने तीन घरों में डाला डाका

## लाखों की संपत्ति लेकर हुए फरार

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बाराडीह के ग्राम ताराटांड़ में गुरुवार की रात को चोरों ने तीन घरों में ताला तोडकर जेवरात, नगदी समेत लाखों रुपए की संपत्ति लेकर भागने में सफल रहे. आपको बता दें कि चोरी की पहली घटना ताराटांड़ की रहने वाली विधवा केसिया देवी के घर वाले जो शादी में अपने रिश्तेदार के घर बगोदर गई हुई थी केवल केसिया देवी हीं घर पर अकेली थी, उसके घर में लगभग एक लाख सत्तर हजार रुपए नगद समेत अन्य सामानों की चोरी की गई. दूसरी घटना मोहन महतो के घर जहाँ इनके घर से चोरों ने सोने व चांदी के जेवरातों की चोरी की. वहीं चोरी की तीसरी घटना हिरामण महतो के घर हुई. इनके घर से भी सोने व चांदी के जेवरातों की चोरी हुई. वहीं मोहन महतो के नया घर का निर्माण कार्य चल रहा है. वह पुराने मकान में नहीं सोकर निर्माणाधीन मकान में सोने चला गया था जिसका फायदा चोरों ने उठाया. चोरी की सूचना मिलते हीं स्थानीय मुखिया सहदेव यादव, उप मुखिया नारायण यादव, पंचायत समिति सदस्य मंजूर अंसारी व इजरायल अंसारी घटना स्थल पर पहुँच कर बिरनी पुलिस को मामले की सूचना दी गई।

# पिटाई करने वाले मजदूर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया** : लोदना क्षेत्र के एंटी एसटी लोडिंग पॉइंट में शुक्रवार को कोयला डंप करने के दौरान डंपर ऑपरेटर धर्मेंद्र मंडल की ट्रक लोडिंग करनेवाला मजदूर ने पिटाई कर दिया। घटना के विरोध में ऑपरेटर मंडल के साथी मजदूरों ने पिटाई करनेवाले मजदूर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर घटनास्थल पर हंगामा किया। एंटी एसटी परियोजना प्रबंधक डीके माझी ने दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिए जाने के बाद कर्मी शांत हुए। कर्मियों ने प्रबंधक को दोषी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर परियोजना बंद करने की धमकी दिया है। मामले को लेकर नार्थ तिसरा परियोजना के अन्य ऑपरेटर सुजीत मंडल, दीप कुमार, संजय, अवधेश आदि ने प्रबंधक से कहा कि प्रथम पाली मे कार्यरत डंप आपरेटर धर्मेन्द्र मंडल एनटीएसटी लोडिंग प्वाइंट मे कोयला गिरा रहे थे। इतने मे कुछ ट्रक लोडर मजदूर पहुच गये और कहने लगे की मेरे द्वारा छांट कर रखे गये कोयले पर कोयला डंपिंग करने का ट्रक लोडर ने विरोध करते हुए पिटाई किया जो सरासर गलत है। उक्त ट्रक लोडरो पर प्रबंधन जल्द कोई कारवाई करे।

# भू-माफियाओं का आतंक चरम पर : सुरेश साव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह** : शुक्रवार को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने प्रेस वार्ता कर कहा कि गिरिडीह में भू माफिया, सफेदपोश और उद्योगपति के सांठगांठ के कारण जमीन की लूट चरम पर है। पिछले दिनों पचंबा बस डिपो की जमीन को यहां के स्थानीय विधायक के संरक्षण में जबरदस्ती सत्ता का दुरुपयोग कर भू माफियाओं द्वारा चहारदीवारी का निर्माण किया गया जबकि मामला न्यायालय में लंबित है। इसी मामला के संदर्भ में गिरिडीह के उद्योगपति गुणवंत सिंह के द्वारा सुरेश गुप्ता उर्फ लोहा सिंह पर फर्जी मुकदमा किया गया था। जिस मुकदमा को माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा खारिज कर दिया गया है। जबकि स्थानीय प्रशासन को भी पता था कि मामला फर्जी है, उसके बावजूद लोहा सिंह को न्याय के लिए उच्च न्यायालय तक जाना पड़ा। माननीय उच्च न्यायालय ने न्याय देते हुए मुकदमा को खारिज किया। अगर भूमाफिया लोग ऐसा सोचते हैं कि सत्ता के संरक्षण को पाकर अपनी मनमानी कर सकते हैं तो मैं ऐसे भू माफियाओं को आगाह करना चाहता हूं कि गलत मत करिए अन्यथा उत्तर प्रदेश में की गई कार्रवाई की झांकी झारखंड में भी देखने को मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार बुलडोजर बाबा का कहर स्थानीय विधायक द्वारा सत्ता का दुरुपयोग का एक मामला यह भी है कि गिरिडीह के भलगढ़ा (डांडीडीह) निवासी एक दलित गोविंद दास को भू माफियाओं के द्वारा चरम तक प्रताड़ित किया गया है। उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर हांथ पैर तोड़ दिया गया है। स्थानीय थाना में एफआईआर के लिए बार बार गया लेकिन थाना ने एफआईआर दर्ज नहीं किया। अंततः माननीय न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज किया गया।

स्थानीय विधायक इस केस के स्वयं मुदालय हैं और इसलिए थाना में एफआईआर दर्ज नहीं की गई। ऐसा प्रतीत होता है कि इस केस को सत्ता के दबाव में रफा-दफा किया जा सकता है।

# विद्यालय अवधि में पाया गया बंद

## ग्रामीणों ने कहा प्रतिदिन का यही है हाल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद** : प्रखंड के चितमाटांड़ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विधालय तिवारी पहरी में शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस विधालय के शिक्षक और प्रबंधन समिति अध्यक्ष कोई शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं है बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। ग्रामीणों के शिकायत के बाद करीब शुक्रवार को 12:30 बजे विधालय पहुंचे पत्रकार को विधालय बंद मिला। वही ग्रामीणों ने बताया की प्रतिदिन इसी तरह से होता है जब मन हो विधालय बंद कर शिक्षक चले जाते है यहाँ के बच्चो का भविष्य अंधकारमय की और जा रहा है। वही इस मामले को लेकर जब सी आर पि भगीरथ वर्मा से बात की तो उन्होंने कहा की इस पर जाँच कर उचित करवाई की जाएगी। लेकिन वही बड़ा सवाल है की शिक्षा के लिए सरकार काफी खर्च करती है शिक्षकों को मोटी रकम सेलरी दी जाती है इसका क्या उचित लाभ मिल पा रहा है क्या ग्रामीण बच्चो को सही मायने में शिक्षा मिल पा रहा है। इस तरह के शिक्षक को निलंबित करते हुवे यहाँ के प्रबंधन समिति को बर्खास्त कर पुनः चुनाव किया जाना चाहिए। देखने वाली बात है की इस पर सबंधित अधिकारी किस तरह की करवाई करते है।

# सिंदूर खेला के साथ नम आंखों से दी गई मां दुर्गे को विदाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : राजागढ़ में आयोजित चैती दुर्गा पूजा के वासंतिक नवरात्र के विजय दशमी को मां दुर्गे सहित सभी देवी देवताओं को विदाई देने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी पहुंची। जहां सबसे पहले मां दुर्गे को सिंदूर लगाकर अखंड सुहाग के साथ समस्त जनकल्याण की प्रार्थना की एवं खोईचा भरकर मंगल जीवन का आशीर्वाद मांगा। तत्पश्चात उपस्थित सभी महिलाओं के साथ एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती की मां दुर्गे से प्रार्थना की। इस दौरान मां दुर्गे के विदाई में शामिल महिलाओं ने सावित्री देवी को शक्ति की प्रतीक तलवार भेंट एवं माथे पर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

# धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**महुदा** : बाघमारा के सिनीडीह पंचायत स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। घरों व मंदिरों में भगवान श्रीराम व भक्त हनुमान की पूजा हुई। महानवमी तिथि पर शिव मंदिरों में भी भक्तों का तांता लगा रहा ।आयोजित रामनवमी की शोभा यात्रा का आयोजन अखिल भारतीय बजरंग सेना समिति के द्वारा भव्य जुलूस निकाला कर किया गया । बाघमारा विधायक प्रतिनिधि सह विधायक के बड़े भाई शरत महतो,जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि शेखर सिंह भी शोभा यात्रा में हुए शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में मधुबन थाना पुलिस प्रशासन की भी भूमिका सराहनीय रही। अखिल भारतीय बजरंग सेना समिति के कैन्द्र अध्यक्ष आदित्य राज गयाली भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष गौर चंद बाउरी , बाघमारा विधायक प्रतिनिधि अनिल उपाध्याय, लाल बहादुर यादव, दिलिप मिश्रा, वीरेन राव, राकेश गयाली, जगन्नाथ गयालि, दिनेश साव, बीजू साहू, अमन कुमार बरनवाल, इकाई अध्यक्ष रितिक गयाली, उप मुखिया टुन्नू वर्णवाल, मुन्ना चौहान, रंजीत पासवान नवीन साहू पप्पू साह, और सिनीडीह के गणमान्य लोग शामिल थे।

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम हमारे आदर्श, धर्म संस्कृति परम्परा को संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य : सुदर्शन भगत

## कैरो प्रखण्ड मुख्यालय में भरत मिलाप सह शोभायात्रा शांति एव सौहार्द के साथ सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड के कैरो में 31 मार्च शुक्रवार को दशमी के शुभअवसर पर भरत- मिलाप सह शोभायात्रा सह मेला शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। संकट मोचन महाबीर मंदिर कैरो परिसर से श्रीराम और उतका गांव से राम के भाई भरत की शोभायात्र निकाली गई जो मुख्य पथ डॉ. नरायण स्कूल के समीप भरत मिलाप करते हुए चार जिले से आये विभिन्न अखाड़ो के झांकी व जुलूस का स्वागत किया गया।विभिन्न महाबीर मंडल के लोगो ने गाजे बाजे के साथ जय श्रीराम का नारा लगाते हुए आखाड़े को मिलाते हुई भ्रमण किया और पुनः मेला टाड पहुँच कर अस्त्र शस्त्र का संचालन प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में कैरो, उतका, चाल्हो, सढाबे, हनहट, नरौली, खण्डा,



नगजुवा, सेरनगहातु, बरही, मसमनो, सुकरहुटु, खरता, टाटी, बसरि, कुडू, हेंजला, सीठियो, कुम्हरिया, नगड़ा, गुड़ी, सोस एवं गुमला एवं रांची जिले के कई अखाड़ो ने भाग लिया। अस्त्र शस्त्र संचालन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रमुख अखाड़े को पुरस्कार देकर सम्मानित किया वहीं क्षेत्र के स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी सदस्यों के द्वारा कैरो पेट्रोल पंप के नजदीक केंद्रीय महाबीर मंडल लोहरदग़ा के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, महाबीर मंडल कैरो के शरत कुमार विद्यार्थी, आनंद साहू, परमेश्वर भगत, शंभु सोनी, रामपाल, आदि सदस्यों का प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,अंचलाधिकारी कमलेश उराँव,पुलिस इस्पेटर मंटू कुमार,थाना प्रभारी संखनाद उराँव, डॉक्टर राकेश प्रसाद का माला पहना कर स्वागत करते हुए गंगा जमुनी तहजीब का परिचय दिया।,गया। प्रसासन के द्वारा सु रक्षा के व्यापक प्रबन्ध की गई थी। मेला टाड सहित विभिन्न मार्गो में युवा सद्भावना मंच समेत कई सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए चना गुड़ पानी का व्यवस्था की गई थी। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित सांसद सुदर्शन भगत ने कहा की पुरूषोतम श्रीराम हमारे आदर्श हैं हमे अपने परंपरा संस्कृति,सभ्यता को बचाये रखना है,उनके बतलाए मार्ग चलकर हम जीवन मे सफल हो सकते हैं,मेला पर्व त्योहार को आपसी प्रेम भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वतावरण में मनाए। मौके पर केंद्रीय महाबीर मंडल लोहरदग़ा के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू,नीरू शांति भगत, बिंदेश्वर उराँव, श्रीचंद प्रजापति, ओम सिंह,कृष्ण जैतन्य ब्रह्चारी, ब्रज विहारी प्रसाद, विन्देश्वर उराँव, कैरो उप प्रमुख मधुलिका रानी, मुखीया बीरेंद्र महली, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, ओम प्रकाश गुप्ता, अशोक साहू, महाबीर मंडल कैरो के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, सचिव बिनोद राम, मनोज पांडेय, शरत कुमार विद्यार्थी, शंभु सोनी,परमेश्वर भगत, रामपाल, रवि प्रजापति, बुधवा उरांव, बीरेंद्र महली, लालेश पांडे, विशेश्वर प्रसाद दिन, बजरंग उरांव, रामपवित्र सोनी, बिपिन सिंह, सूरज मोहन साहू,कृष्णा साहू, बाबूलाल उरांव सहित काफी संख्या में ग्राम व प्रखंड के गणमान्य का सहयोग रहा वंही मेला में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस आंदोलन को लेकर है तैयार : विशाल डुंगडुंग



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को बताया कि राहुल गांधी जी की संसद की सदस्यता रद्द करने एवं मोदी सरकार के तानाशाही रवैए से बाबा साहब अंबेडकर द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकार अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म करने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है जिसके विरोध में युवा कांग्रेस जिले राज्य एवं देश भर में लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट हो चुकी है और लंबी लड़ाई को तैयार है और चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी, उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे 2 अप्रैल को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 3 अप्रैल को पोस्ट कार्ड के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम आम जनों का त्राहिमाम संदेश भेजा जाएगा। 4 अप्रैल को जिला स्तर पर सत्याग्रह मार्च किया जाएगा। 5 अप्रैल को युवा कांग्रेस द्वारा झारखंड के सभी टोल प्लाजा को जाम कर संपूर्ण नाकाबंदी किया जाएगा।

## अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने बच्चों के बीच निशुल्क स्लेट का किया वितरण




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी टिको, कुडू, लोहरदगा के सचिव इंद्रजीत कुमार ने बच्चों की लेखन क्षमता में सुधार हेतु और प्रोत्साहित करने के लिए मुफ्त में स्लेट का वितरण किया। जिनमें अनुष्का, अनाया, दिव्या, मैथिली, स्वाति, अनुप्रिया, रूपा, सेजल, अर्शी, आफिका, अनन्या, राधा, अंशु, वर्षा, नेहा, अलवारा, डिंपी, वंशिका, सोनाक्षी, आशिका आदि 25 बच्चियों को प्रदान किया गया जिसे पाकर बच्चे काफी खुश थे। इस अवसर पर ऋतु, सुनीता, अफसाना, पूजा, बबिता, प्राची, तारामणि, शबनम, प्रीति आदि शिक्षिकाए उपस्थित थीं।

# एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने मेला स्थल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा में रामनवमी मेला आयोजित से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी स्थल का निरक्षण कर प्रखंड प्रशासन को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय खेल मैदान में रामनवमी के अवसर पर केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी की ओर से मेला का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा एवं पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद पूर्व में स्थल का निरक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा अंचलाधिकारी विजय कुमार तथा प्रतिनियुक पदाधिकारीयों से जायजा लेते हुए। विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही मेला स्थल सहित चौक



चौराहे पर पौनी नजर रखने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावे केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी के पदेन कार्यकर्ताओं से भी विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए मेला स्थल का भ्रमण कर जायजा लिया गया। साथ ही उन्होंने कहा रामनवमी मेला दूसरे दिन आरम्भ होने के कारण विभिन्न क्षेत्र से अखाड़ा का आगमन होना है। और भक्तों का भीड़ काफी रहेगा बताते हुए निर्देश दिया गया कि सुरक्षा वयवस्था के दौरान किसी प्रकार से खलल उतपन न हो और शांति पूर्वक सौहार्द के साथ कार्यक्रम का समापन कराना सभी का दायित्व बनता है।

# मेला स्थल में 11 हजार बिजली तार के संपर्क में आने से युवक घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मेला स्थल सेन्हा में 11 हजार तार के संपर्क में आने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल आनन फानन में केंद्रीय महावीर मेला कमिटी एवं पुलिस के सहयोग से अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के मेला स्थल सेन्हा में कार्य करने के दौरान 11 हजार बिजली तार के संपर्क में आने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी एवं पुलिस को मिलते ही आनन फानन में घायल युवक को निजी वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान सेन्हा निवासी प्रकाश महतो का 28 वर्षीय पुत्र मनोज



महतो के रूप में किया गया। बताया जाता है, कि मेला स्थल सेन्हा में लाइट साउंड सज्जा का कार्य करने के दौरान घटना हुआ। वहीं घटना की सूचना पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद को मिलते ही अस्पताल पहुंच घायल मनोज का जायजा लेते हुए वैकल्पिक व्यवस्था में पहल किया गया। जबकि इस घटना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मेला स्थल पहुंच जानकारी लेते हुए शिवजी लिली पुट पब्लिक स्कूल का लगा द्वार को हटाने के लिये तत्काल नोटोसि जारी करने का निर्देश दिया गया। वही चिकित्सको द्वारा घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

## युवा सद्भावना मंच ने जुलूस की सफलता पर जिला व पुलिस प्रशासन का किया आभार

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में रामनवमी का त्यौहार हर्षोल्लास आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ मनाया गया जिले में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बन चुके हर दिल अजीज लोहरदगा जिला उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं जिले के कर्मठ एवं जुझारू पुलिस अधीक्षक आर.रामकुमार के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम ने पूरी सक्रियता के साथ अपने जिम्मेदारीयों का निर्वाह कर जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाई। सलीम अमीर मद्रासी युवा सद्भावना मंच कुडू प्रखंड की ओर से लोहरदगा जिला उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर. रामकुमार, एसडीओ श्री अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक( अभियान) दीपक पांडेय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लोहरदगा वशिष्ठ नारायण सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, अंचल निरीक्षक मंटू कुमार, अंचल निरीक्षक चंद्रमोहन हांसदा, सीसीआर प्रभारी बनारसी प्रसाद, परिचारी प्रवर श्री सुरेश ओझा, परिचारी पीयूष कुमार, जिले के सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी एवं जिले मे शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस बल के सभी जवानों को सहृदय आभार प्रकट करता हूं।

# भोक्ता बगीचा में रामनवमी जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुजरा भोक्ता बगीचा में लगने वाला रामनवमी मेला हिन्दू धर्मावलंबियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उक्त जुलूस में ग्राम कुजरा, हेंदलासो, कुरसे, हेसल, होंदगा, मनहो के अखाड़े द्वारा भव्य रूप से पूर्व के साथ निर्धारित रास्ते से गुजरते हुए मेला स्थल पहुचा पूरे जुलूस की अगुवाई जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव, जितेंद्र शाहदेव, सोहन साहू, लाल निरंजन, अभिषेक साहू, प्रकाश साहू, लाल राजेंद्र, सुधीर शाहदेव, पाठक कामेश्वर उरांव, विजय उरांव, मनोज उरांव, लाल अभिषेक, सिधांत शाहदेव, निकेश महतो, लाल गोलू, रोहित महतो, केवल महली, भोला सिंह, संजय राम, लाल सूरज, महावीर राम के अलावे काफी संख्या में लोग सामिल थे। पुलिस प्रशासन भी काफी मुस्तैद थी। जुलूस को



सभी ग्राम में स्वागत सत्कार किया गया। खासकर हिरही ग्राम के मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा कोल्ड ड्रिंक, बिस्किट, पानी इत्यादि को लेकर सदर निजाम अंसारी, हफीजुल अंसारी, अमन अंसारी, हासिल अंसारी, एजाज अंसारी के अलावा काफी संख्या मे मुस्लिम समुदाय के लोग ने जुलूस में चल रहे लोगों की सेवा में लगे हुए थे।

# अस्त्र शस्त्र परंपरा कायम रखते हुए बहन-बेटियां भी आत्मरक्षा में आगे आए : भैरव सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य मेला का आयोजन केंद्रीय महावीर मंडल सेन्हा के द्वारा राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय के मैदान प्रांगण में किया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी विद्यालय मैदान में भव्य रामनवमी मेला का आयोजन केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी द्वारा किया गया। आयोजन मेला का मुख्य अतिथि भैरव सिंह बहुमूल्य समय रामभक्तों के बीच दे कर धर्म के प्रति जगरुक किया। इससे पूर्व मेला का उद्घाटन पहान पुजार के द्वारा सरना रीति रिवाज के अनुसार मैदान स्थित अखाड़ा में पूजन कर किया गया। इसके ततपश्चात अतिथियों द्वारा राम जानकी एवं हनुमान की आरती कर



शुभारम्भ कराया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि रामन्वमी मेला आयोजन में तमाम सेन्हा पंचायत के हिन्दू संगठन के सहयोग से आरम्भ हुआ। जहां सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत एवं अन्य प्रखंड क्षेत्र से रामभक्त अपने अखाड़ा के साथ अस्त्र शस्त्र परिचालन कर खेल का प्रदर्शन किया। जबकि सुरक्षा व्यवस्था में दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी सहित शस्त्र बल चौकस नजर आए। वहीं वरीय पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, अंचलाधिकारी विजय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान क्षेत्र का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रतिनियुक्त पदाधिकारी दिया। मेला में अस्त्र शस्त्र परिचालन के दौरान मुख्य अतिथि भैरव सिंह ने रामभक्तों को संबोधित करते हुए धर्म के प्रति सजग रहने तथा आत्मरक्षा पर जोर देते हुए कहा झारखंड राज्य में ही नही बल्कि पूरे देश में बेटी बहनों एवं युवा वर्ग को जगरुक होने की आवश्यकता है। बताते हुए कहा अस्त्र शस्त्र परिचालन हमारे धर्म में पूर्वजों के समय से चला आ रहा है। और उस परंपरा को कायम रखने में हम सभी का अहम योगदान होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा अस्त्र शस्त्र परिचालन के तरीका सीखने से भविष्य में आत्मरक्षा के लिए कारगर नही बल्कि देश हित में सोच कर सीखना चाहिए। मौके पर केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी के पदेन कार्यकर्ता, पूर्व जिला पतिषद सदस्य रामलखन प्रसाद सहित रामभक्त महिला पुरुष एवं युवा वर्ग के लोग हजारों हजार की संख्या शामिल थे। मौके पर पुलिस उपाअधिक्षक परमेश्वर प्रसाद, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी धनंजय पासवान दल बल के साथ मौजूद थे।

## उदय कुमार गुप्ता ने देवी मंदिर जीर्णोद्धार के लिये भूमि पूजन



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड क्षेत्र के होटवार गांव में देवी मंदिर जीर्णोद्धार हेतु आज भूमि पूजन स्थानीय व्यवसायी सह समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता एवं उदय कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी आरती देवी के द्वारा की गई ।इस मौके पर देवी मंदिर स्थल पर भूमि पूजन पुरोहित अनूप देव पौराणिक के द्वारा करवाई गई। इस मौके पर समाजसेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता ने कहा की होटवार गांव स्थित देवी मंदिर का निर्माण पूर्व में किया गया था जिसका जीर्णोद्धार अच्छी तरह से करवाया जाएगा। साथ ही कहा कि स्थानीय जो भी लोग इस मंदिर निर्माण में अपना सहयोग देना चाहते हैं सहयोग दे सकते हैं।शेष सभी खर्च समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता के द्वारा इस मंदिर के जीर्णोद्धार में किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों ने समाजसेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता के द्वारा करवाए जा रहे मंदिर जीर्णोद्धार कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर पुरोहित अनूप देव पौराणिक, समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता, रामकिशोर प्रसाद गुप्ता, उदय कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी आरती देवी, सरस्वती/ शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, रितेश कुमार तिवारी,मनोहर साहू,आनंद कुमार सिंह, संजय उराँव, मनीष शर्मा, मुकेश चंद्र यादव, अभय उराँव, सुनील लोहरा, दुर्गा लोहरा, संजय चंद्र यादव, अवधेश यादव, रामचंद्र मुंडा, गीता देवी, गंगा मुंडा, प्रमोद उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीण व्यापार केंद्र का कुरडेग में हुआ उद्घघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** राज्य के महत्वाकांक्षी JSLPS (ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार) जोहार परियोजना के द्वारा संचालित महिला जाग्रति प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफ़.पी.सी द्वारा अंतर्गत आत्म निर्भरता को बढ़ावा देने व महिलाओं द्वारा स्थापित/ संचालित किसान उत्पादन कंपनी (एफ.पी.सी) के तहत कुरडेग के बाजार टांड़ स्तिथ झिर्कामुंदा में दिनांक 31 मार्च 2023 को ग्रामीण व्यापार केंद्र सह (जोहार एग्री मार्ट) का उत्घाटन संसद प्रतिनिधि (सुशील श्रीवास्तव), जिला परिषद कुरडेग (सोनी परिका), अंचल अधिकारी (कृष्णन मुरारी तिर्की) उपप्रमुख (अमित जायसवाल), मुखिया कुरडेग (उर्मिला कुजूर) एवम कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के उपस्थित में किया गया। महिला जाग्रति प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड एफ.पी.सी द्वारा स्थापित इस मार्ट में



उन्नत कृषि की बढ़ावा देने बाज़ार से कम दर पर सामान उपलब्ध कराने की कवायद की गयी है. उपलब्ध सेवाओं में उत्तम खाद बीज, कृषि यंत्र सुविधा, मौसम की जानकारी, बाज़ार सुविधा, मिट्टी जांच, मछली, पशु चारा आदि शामिल हैं। जोहार एग्री मार्ट में मार्केट से उचित मूल्यों में बीज, कृषि सामग्री प्राप्त कर सकेंगे एवं लाभ वापस किसानोको लाभांश के रूप में प्रदान किया जाएगा साथ ही साथ बिचौलिए से किसानो को बचाना भी एक मुख्ये उद्देश्य है जिसका सीधा लाभ किसानो प्राप्त होगा। यह किसान उत्पादन कंपनी सिमडेगा जिला के तीन प्रखंड सिमडेगा,कुरडेग और केरसिए में कार्यरत है जो किसानो को खाद, बीज व अन्य कृषि सम्बंधित सुविधा प्रदान करना एवम बजार उपलब्ध कराने में प्रयासरत है। इस दौरान क्षेत्रीय परियोजना पदाधिकारी जेएसएलपीएस, बीपीओ कुरडेग, बीपीएम कुरडेग, डिस्ट्रिक्ट इरिगेशन कंसल्टेंट, FTC जेएसएलपीएस, कंपनी के बोर्ड ऑफ निर्देशक, कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर, अकाउंटेंट, एफपीसी स्टाफ़, TSA और उत्पादक समूह की दिदिया भी उपस्थित थे।

# भाजपा महिला प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में कार्यक्रम में हुई शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की 36 सदस्यीय महिला प्रतिनिधि मंडल दिल्ली में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन के तत्वावधान में आदिवासी महिला स्वयं सहायता समूह के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यक्रम का लाभ उठाया, मौके पर का केंद्र सरकार द्वारा संचालित होने वाली सभी योजनाओं के विभाग वार विभाग के हेड कार्यक्रम में मौजूद थे उन्होंने विस्तार पूर्वक महिलाओं को केंद्र सरकार द्वारा संचालित होने वाली योजनाओं की जानकारी दी और किस तरह से उसका लाभ उठाया जा सकता है इस पर भी विस्तार पूर्वक बताया। इसके अलावा महिला मोर्चा की सभी सदस्यों को राष्ट्रपति भवन में घूमने का मौका मिला एवं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिल कर अपने बिचारो को साझा किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ बामलिया संतोष देवी कमला कुमारी राजमणी प्रधान नंदिनी दास रुकमणी देवी हंसा देवी कंचन निशा रेणु पूरी शकुंतला देवी रागिनी राज सीखा अग्रवाल जयंती देवी पुष्पा देवी सानिया देवी कविता देवी सुमन देवी सत्या देवी सहित 36 महिला सदस्य मौजूद थे।

## रामनवमी पूजा हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में पिछले नौ दिनों से हिंदू धर्मावलंबी भक्ति और आस्था में पूरी तरह से लोगो ने सराबोर दिखाई दिए। इसके साथ हीं सनातनी नववर्ष, सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ, आदिशक्ति की अराधना हेतु नवरात्र व विष्णु अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी महापर्व आपसी प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में गुरुवार को आयोजित मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के 13 लाइसेंसी व अन्य गैर-लाइसेंसी अखाड़ों द्वारा जय श्री राम के गगनभेदी नारों के साथ मनमोहक झांकियां निकाली गई। जहां टंडवा, बड़गांव, गाडीलौंग, सराढू, कोयद, किसुनपुर, तेलियाडीह , मिश्रौल, धनगडा समेत अन्य जगहों में उमड़े जनसैलाबों के बीच भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीओ रंथु महतो,डीएसपी शंभू कुमार सिंह, सीओ विजय दास, इंस्पेक्टर विजय सिंह के निर्देशन में स्थानीय पुलिस व प्रखंड प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद रहे। वहीं तमाम जगहों में कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विधायक किसुन कुमार दास, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, अनुमंडल क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, प्रखंड क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, समेत कई जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवियों ने स्थानीय प्रशासन व पूजा समितियों को आभार व्यक्त किया।

## चलते चलते एक नजर

### एक अप्रैल को जेल से रिहा होंगे नवजोत सिंह सिद्धू

**पंजाब (एजेंसी)**: नवजोत सिंह सिद्धू को 1 अप्रैल को पटियाला जेल से रिहा किया जा रहा है। इसकी जानकारी नवजोत सिंह सिद्धू के ट्विटर पर दी गई है। ट्विटर पर लिखा गया है कि आप सभी को सूचित किया जाता है कि सरदार नवजोत सिंह सिद्धू को कल पटियाला जेल से रिहा वर्ष 1988 के रोड रेज के मामले में 59 वर्षीय सिद्धू एक साल जेल की सजा काट रहे हैं। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रमुख ने पटियाला की एक अदालत में आत्मसर्मण कर दिया था जिसके बाद उन्हें पिछले साल 20 मई को जेल भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। बता दें कि जेल के अदंर सिद्धू के अच्छे आचरण की वजह से उनकी रिहाई तय समय से पहले हो रही है।हा किया जाएगा।

### यूट्यूबर पत्रकार पर हमले में शामिल दो आतंकी गिरफ्तार

**शोपियां (एजेंसी)**: पिछले साल शोपियां में एक यूट्यूबर पर हमले में शामिल दो आतंकियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि एक यू टयूबर पत्रकार पर आतंकी हमले से संबंधित मामले में पुलिस स्टेशन हीरपोरा की जांच के दौरान, डीएसपी मुख्यालय शोपियां की अध्यक्षता में एक एसआईटी का गठन किया गया था। जांच के दौरान मौखिक व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कई संदिग्धों से पूछताछ की गई। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान दो संदिग्धों, जिनकी पहचान सुहैब रियाज और अनायत उल्लाह इकबाल, निवासी सैदापोरा पयीन के रूप में हुई हैं, ने हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। बयान में कहा गया है कि यह भी पता चला है कि ये दोनों प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीआरएफ के आतंकी के रूप में काम कर रहे थे। आतंकियों के खुलासे पर पुलिस की संयुक्त टीम तथा सेना की 44 आरआर द्वारा मैगजीन सहित एक पिस्टल एवं पिस्टल के 05 राउंड सहित अपराध के हथियार को गांव सैदापोरा पायीन शोपियां के बागों से बरामद किया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि मामले में आगे की जांच अभी जारी है।

### शिक्षक ही युवाशक्ति के निर्माता : रामनाथ

**वाराणसी (एजेंसी)**: पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को शैक्षिक जगत के समक्ष उच्चशिक्षा में उभरती चुनौतियां विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में कहा कि शिक्षक ही युवाशक्ति के निर्माता होते हैं। शिक्षक को शिक्षा व्यवस्था में मूलभूत सुधारों के केंद्र में होना चाहिए। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र में आयोजित इस दो दिवसीय संगोष्ठी में पूर्व राष्ट्रपति ने सीखने और सिखाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीखने के लिए हर व्यक्ति को अहंकार रहित रहते हुए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने मातृभाषा में शिक्षा और उसके प्रयोग के महत्व का उल्लेख कर कहा कि चिंतन-मनन करना ही शिक्षक का कार्य है। सभी स्तरों पर शिक्षकों को हमारे समाज के सबसे सम्मानित और आवश्यक सदस्यों के रूप में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए। क्योंकि वे वास्तव में नागरिकों की हमारी अगली पीढ़ी को आकार देते हैं।

## भारत के विकास में यहूदियों का रहा है महत्वपूर्ण योगदान : बिरला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत ने सदैव यहूदियों का समर्थन किया है और उनके लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया है। यहूदियों ने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इज़राइल के नेसेट (संसद) के स्पीकर आमिर ओहाना से यहां मुलाकात के दौरान कहा कि भारत और इज़राइल की संसदों को मिलकर काम करना चाहिए और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रौद्योगिकी को



साझा करना चाहिए।बिरला ने आतंकवाद के बढ़ते संकट के बारे में बात करते हुए कहा कि आतंकवाद भारत और इज़राइल, दोनों ही देशों के लिए चिंता का विषय है। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और इज़राइल जैसे लोकतांत्रिक देशों को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग बढ़ाना चाहिए । उन्होंने बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि दोनों देशों के बीच वर्षों से नियमित रूप से उच्च स्तरीय यात्राएं होती रही हैं। जिनसे हमारे द्विपक्षीय संबंधों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इज़राइल यात्रा और उसके बाद 2018 में इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा के बाद से भारत-इज़राइल संबंध और मजबूत हुए हैं।इजरायली युवाओं के लिए एक पर्यटन स्थल के रूप में भारत की लोकप्रियता के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि दोनों देशों के बीच अधिक यात्रा और पर्यटन हो और इजरायल से अधिक से अधिक लोग भारत आएं ।

## सरकार ने छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में किया इजाफा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों के अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अधिकांश लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ा दी है। नई ब्याज दरें एक अप्रैल, 2023 से लागू होंगी। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि अर्थव्यवस्था में तेजी के रुख के साथ अधिकांश लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई गई है। मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में 0.1 से 0.7 फीसदी की वृद्धि की गई है। हालांकि, लोकप्रिय जमा योजना पीपीएफ और बैंकों में बचत जमा पर ब्याज दरें अप्रैल-जून तिमाही के लिए क्रमशः 7.1 फीसदी और चार फीसदी पर बरकरार रखी गई है। बयान के मुताबिक ब्याज दर में सबसे ज्यादा वृद्धि राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) में की गई है। एनएससी पर एक अप्रैल से 30 जून, 2023 के लिए अब 7.7 फीसदी ब्याज मिलेगा, जो अबतक 7.0 फीसदी था। बालिकाओं के लिए बचत योजना सुकन्या समृद्धि के लिए ब्याज दर 7.6 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी कर दी गई है। इसी तरह वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के लिए ब्याज दर 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी और किसान विकास पत्र (केवीपी) के लिए 7.2 फीसदी से बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दी गई है।



छाया : नसीम

## रमजान के दूसरा जुम्मा में उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** माहे रमजान का मुबारक महीना चल रहा है और इस मुबारक महीने का दूसरा जुमे की नमाज अदा की गई । रांची शहर के विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखी गई। मस्जिद से लेकर सड़कों पर भी लोग नमाज पढ़ते नजर आए। बताते चलें माहे रमजान का आठवां रोजा पूरा हो गया है , सभी मस्जिदों में इमाम ओ मुखातिब ने रमजान से संबंधित तकरीर की और लोगों को नमाज पढ़ने, कुरान पढ़ने, रोजा रखने, इबादत करने और झूठ से बचने की सलाह दी है।

## टीओपी टू के प्रभारी रुद्रानंद को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस को श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर व मीडिया प्रभारी संजय सिंह उमेश के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल कमेटी की ओर से प्रदान किया गया। यह सम्मान पूरे रामनवमी पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था को बहाल करने रामनवमी पर्व को हर्षोल्लास और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग प्रदान करने के लिए रुद्नंद सरस को तलवार भेंट कर पगड़ीपोशी और माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित करने के बाद श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर तो मीडिया प्रभारी संजय सिंह उमेश ने कहा टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस की की जितनी भी तारीफ की जाए



वह कम ही होगी। क्योंकि उन्होंने रामनवमी जैसे पर्व में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सांप्रदायिक सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने के लिए दिन रात एक कर दिया। किसी भी तरह का दिक्कत नहीं आने दिया। अगर कुछ घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो रामनवमी पर्व शांतिपूर्वक मनाने में पुलिस प्रशासन की भूमिका काफी सक्रिय मानी जाएगी। जिनके सहयोग के बल पर ही रामनवमी पर्व ऐतिहासिक और शांतिपूर्ण और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मन पाया। युगल किशोर ने आगे कहा कि पुलिस प्रशासन श्री राम नवमी श्री महावीर नवयुवक दल जनरल की सदस्यों की तरह दिन-रात जगकर रामनवमी पर सफल बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने राम भक्तों की भावनाओं को समझने का काम किया और भरपूर सहयोग प्रदान किया। इसलिए उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। इस अवसर पर टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस न ने श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के सारे लोगों का आभार प्रकट किया।

### एमएसए पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## पुरस्कृत होने से बच्चों मे बढ़ती है पढ़ने की जिज्ञासा : मो. शफीक अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शुक्रवार को पोखराहा खुर्द स्थित शहर के प्रतिष्ठित स्कूल एमएसए का वार्षिक परीक्षा परिणाम आयोजित पैरेंट्स टिचर मिटिंग के बाद घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं सहित वार्षिक एकेडमिक में गुड हैंडराइटिंग, अधिक उपस्थिती, वेल दिसिप्लिन, खेल प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, फेन्सी ड्रेस गेटअप प्रतियोगिता, असेम्बली एक्टिविटी सहित कई अन्य कार्यो के लिए सैकड़ो छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ मैडल व मेरिट सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा




आज हमारे बच्चें बेहतर मार्गदर्शन और शिक्षकों के सफल सामूहिक प्रयास से पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर परिणाम हासिल कर रहें है। उन्होंने विद्यार्थीयों को अपनी उर्जा को बरकरार रखते हुए लक्ष्य प्राप्ति तक अनवरत मेहनत करते रहने कि सलाह दिए। साथ ही प्राचार्य महोदय ओंकारनाथ अग्निमित्र ने सभी अभिभावकों को सूचित किया कि स्कूल के नए सत्र की शुरूआत 3 अप्रैल से नई जोश-उत्साह के साथ हो रही है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से पहले संबंधित यूनिफॉर्म और पुस्तक ससमय ठीक कर ले। बैठक कि अध्यक्षता अफजल शफीक और सुनीता प्रसाद कर रहे थे वहीं मंच संचालन सत्यार्थ उपाध्याय सर कर रहे थे। मौक़े पर उपस्थित अभिभावकों ने भी उत्कृष्ट शिक्षा के लिए स्कूल का आभार प्रकट किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों मे आर्या भास्कर, सुमन्त सिंह, शिवानी मिंज, तनु प्रिया, अभीराज वासु, प्रितिका उरांव, सादिक अंसारी, सत्यम कुमार, आफरीन प्रवीण, सरस कुमार, धीरज कुमारी, अंकित कुमार, नुरैशा खातुन, आशीश कुमार, जीशान राजा, अब्दुल कादिर, दिलशान आलम, बिट्टू कुमार, रौशनी कुमारी, प्रीती तिर्की, अशोक उरांव, अलीशा नाज, राजन कुमार , जीनत खातुन, श्रैया कुमारी, उत्कर्ष प्रजापति, इमैनुअल उरांव, सतीश कुमार, अनमोल उरांव, अम्रिता कुमारी , अफताब अंसारी, हिबीसकश प्रसाद, रोहित कुमार का नाम शामिल है।

### हावड़ा हिंसा : केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने राज्यपाल से की बात

**नई दिल्ली** : पश्चिम बंगाल के हावड़ा में राम नवमी के अवसर पर शोभा यात्रा के दौरान भड़की हिंसा को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य के राज्यपाल सीवी आनंद बोस से शुक्रवार को फोन पर बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। पश्चिम बंगाल के शिबपुर में आज फिर पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यहां एक वर्ग ने मंदिरों में तोड़फ़ोड़ की है। सूत्रों का कहना है कि शाह ने शुक्रवार को राज्यपाल बोस सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भी बातचीत कर मामले की जानकारी हासिल की है। पश्चिम बंगाल के भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने इस घटना की जांच कराने के लिए आज शाह को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में मजूमदार ने केन्द्रीय गृह मंत्री से मामले की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा में राम नवमी के दिन शोभा यात्रा के दौरान अचानक हिंसा भड़क गई।

## संकल्प की पवित्रता को बनाये रखें : मनोज सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रभु श्री राम के आर्दश को आत्मसात करने का संकल्प लेने का दिन है रामनवमी।संकल्प की पवित्रता बने रहने से ही एक बेहतर समाज की रचना होगी।यह कहना है नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का।उन्होंने कहा की आज के समय में राम जैसे मर्यादित आदर्श व्यक्तित्व का बने रहना बड़ा मुश्किल हैं।राम का जीवन इसलिए भी सभी के लिए आदर्श हैं, क्योंकि उनका जीवन पिता के प्रति, पुत्र रूप,पति के रूप में,राजा के रूप, भाई के रूप में,यौद्धा के रूप में अद्वितीय रहा था।इसलिए हम सभी को यह समझना होगा कि समाज और राष्ट्र के प्रति जो जिम्मेदारी है उसका ईमानदारी के साथ निर्वहन करे।उन्होंने कहा की आज युवा वर्ग



बडी संख्या में धार्मिक कार्यो में अपनी सक्रिय भागदारी निभा रहे हैं। युवा धर्म के मर्म को समझ रहे है।यह आने वाले कल के लिए बेहतर संकेत है क्योकि धर्म हम सभी को निरंतर सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।श्री सिंह गुरुवार को महावीर नवयुवक दल जेनरल,महावीर नवयुवक दल जेनरल (शाहपुर),महावीर नवयुवक दल जेनरल (चैनपुर),महान क्लब चैनपुर,न्यू सुरभि क्लब हमीदगंज,नवयुवक संघ कल्याणपुर,समाज कल्याण समिति कुंड मुहल्ला,भारत सेवक संघ नई मुहल्ला,जीनियस क्लब बैरिया, क्रांति संघ (सेवासदन रोड)सहित कई क्लब में में पहुँच कर भगवान के झांकी का दर्शन किया।इस दौरान सभी कमेटियों के द्वारा श्री सिंह का माल्यार्पण व पगडी़पोशी कर स्वागत किया गया।

## ममता देवी और राजीव जायसवाल की जमानत पर पांच अप्रैल को होगी सुनवाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में शुक्रवार को गोला गोलीकांड के एक मामले में पिछले साल रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी और राजीव जायसवाल को मिली पांच साल की सजा को चुनौती देने वाली क्रिमिनल अपील की सुनवाई हुई। साथ ही दोनों सजायाफ्ता की ओर से अदालत से लगाई गई जमानत की गुहार पर भी सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ममता देवी एवं राजीव जायसवाल के अधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई पांच अप्रैल को होगी। सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार एवं भोलानाथ ओझा ने पैरवी की। ममता देवी की ओर से अधिवक्ता एके साहनी और राजीव जायसवाल की ओर से अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की।इस मामले में 13 दिसंबर, 2022 को हजारीबाग जिला जज चतुर्थ कुमार पवन की अदालत ने ममता देवी एवं अन्य को पांच साल की सजा सुनाई थी और उसपर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया गया था। आठ दिसम्बर को विधायक ममता देवी दोषी करार दिये जाने के बाद पुलिस हिरासत में ले लिया गया था। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने 307, आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन धाराओं में ममता देवी समेत 13 आरोपितों को दोषी करार दिया था, जिसके बाद इन्हें जेपी कारा भेज दिया गया था।

**विधायक ढुल्लू महतो की हुई गवाही:** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में विधायक ढुल्लू महतो की गवाही हुई। जलेश्वर महतो की ओर से गवाह संख्या एक शत्रुघ्न महतो को फिर से गवाही करने के लिए आवेदन दिया गया। इस पर ढुल्लू महतो की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 अप्रैल निर्धारित की है।


### नए भारत के निर्माण में उत्तराखंड महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा मनसुख मांडविया

**देहरादून** : केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बदलते भारत और नए भारत के निर्माण में उत्तराखंड महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार आगामी चारधाम यात्रा सहित उत्तराखंड को स्वास्थ्य के लिए अपेक्षा से अधिक सहयोग करने के लिए तैयार है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित चार स्वास्थ्य योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली जुड़ते हुए कही। विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार लघु फिल्म भी दिखाई गई।

## मुद्रा संकट का सामना कर रहे देशों के साथ रुपये में ट्रेड को तैयार है भारत : वाणिज्य सचिव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत उन सभी देशों के साथ भारतीय मुद्रा रुपये में व्यापार करने को तैयार है, जो देश डॉलर की कमी या मुद्रा संकट का सामना कर रहे हैं। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने शुक्रवार को नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) लॉन्च होने के बाद यह बात कही।वाणिज्य सचिव ने विदेशी व्यापार नीति 2023-28 की घोषणा होने के बाद कहा कि भारत सरकार रुपये में भुगतान की प्रणाली को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय रुपये को वैश्विक मुद्रा बनाने के उद्देश्य के साथ एफटीपी में बदलाव किए गए हैं, जिससे कि उसमें विदेशी व्यापार लेन-देन संभव हो सकें।इससे पहले नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने विदेश व्यापार नीति 2023-28 को जारी किया। इस मौके पर गोयल ने



भरोसा जताते हुए कहा कि साल 2030 तक 2 हजार अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी उद्योग महज सब्सिडी या सहारे के भरोसे सफल नहीं हो सकता है। गोयल ने कहा कि आने वाले दिनों में निर्यात को लेकर विचार में भी बदलाव आएगा। इस बीच विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने नई विदेश व्यापार नीति 2023-28 के बारे में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परंपरागत तौर पर पंचवर्षीय एफटीपी की घोषणा की जाती रही है लेकिन इस हालिया नीति की समाप्ति की कोई तिथि नहीं है। इसे जरूरत के मुताबिक अपडेट किया जाता रहेगा। डीजीएफटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 की समाप्ति तक भारत का कुल निर्यात 760-770 अरब डॉलर तक रह सकता है, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 676 अरब डॉलर था। उल्लेखनीय है कि पिछली विदेश व्यापार नीति पांच साल की अवधि के लिए एक अप्रैल, 2015 से प्रभाव में आई थी लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे कई बार विस्तार दिया गया। इस नीति को अंतिम बार सितंबर 2022 में 31 मार्च, 2023 तक के लिए विस्तार दिया गया था। इसकी जगह एक अप्रैल से नई एफटीपी लागू हो जाएगी।